सूर्योदय 6:8 सूर्यास्त 6:40

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13.4 न्यू | 22.6 अधि |
| धर्मशाला | 12.3 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76295.36 |
| निफ्टी | 23250.10 |
| सोना | 93,380 |
| चांदी | 97,484 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



3-4 वर्षों से कैरम बॉल पर कर रहा था काम: किशोर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025 | 22 चैत्र, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 95, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## सप्तम मां कालरात्रि



**सातवें** नवरात्र पर देवी दुर्गा के मां कालरात्रि स्वरूप की पूजा की जाती है। देवी के इस रूप की आराधना करने से साधक बुरी शक्तियों से दूर रहते हैं और अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। मां कालरात्रि की पूजा करने से सिद्धियां प्राप्त होती हैं। इनकी आराधना करने से पहले देवी काली की प्रतिमा के आसपास गंगाजल का छिड़काव करें। इसके बाद घी का दीपक जलाएं। फिर आप रोली, अक्षत, गुड़हल का फूल माता की तस्वीर के सामने अर्पित करें। अंत में आप पूरे परिवार के साथ कपूर या दीपक से माता की आरती करें। मां कालरात्रि की रुद्राक्ष की माला से मंत्रों का जाप करें। यह बहुत फलदायी होता है।

ॐ कालरात्र्यै नमः।
एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता, लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा, वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥

## आज का मैच

लखनऊ सुपर जायंट्स vs मुंबई इंडियंस

समय: रात 7:30 बजे (लखनऊ)

# राज्यसभा में बोले जेपी नड्डा वक्फ संशोधन बिल देशहित में

## गिनाईं खूबियां, कहा- हम संविधान से चलते हैं, वो किताब ही दिखाते हैं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वक्फ** संशोधन बिल को लोकसभा में पास होने के बाद वीरवार को राज्यसभा में पेश किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा। नड्डा ने कहा कि हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है, इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए। नड्डा ने कहा कि हम संविधान से चलते हैं और वो किताब ही दिखाते हैं।



**बोले- सांसद आते हैं और भाषण देकर चले जाते हैं**

नड्डा ने बिल की खूबियां गिनाईं और कहा कि बिल देशहित में है। उन्होंने कहा कि बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एयर इंडिया बिक गया। कहीं केरल का सिनेमा आ गया। यह सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है। नड्डा ने कहा कि लोग यहां भाषण देते हैं और अपना झोला उठाकर चल देते हैं। इस पर जगदीप धनखड़ ने कहा कि जो मैं यहां (डाइस) से देखता हूं कि उसमें यही नजर आता है कि सांसद भाषण देने आते हैं और चले जाते हैं। पार्लियामेंट का काम कैजुअल नहीं होता। यह जिम्मेदारी वाला काम है। सदन में बैठना और दूसरे सांसदों को सुनना जरूरी है।

### मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में कोई नहीं करेगा हस्तक्षेप: किरेन रिजिजू

**अल्पसंख्यक** कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया। रिजिजू ने कहा कि संशोधित बिल में मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। हमने ट्रांसपेरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी पर केंद्रित बदलाव किए हैं। हम किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं हैं। गरीब मुसलमानों को न्याय मिले, हमारा यही उद्देश्य है।

### संशोधन कम, चालाकी ज्यादा : मनु सिंघवी

**कांग्रेस** सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि संविधान ने जो दिया, यह बिल वह छीनने की कोशिश कर रहा है। इसमें संशोधन कम और साजिश ज्यादा है। कानून बराबरी का न हो तो सत्ता की चालाकी बन जाता है। यह कानून नहीं सत्ता की मनमानी है। यह बिल 100 फीसदी संविधान के अनुछेद 25-26 का उल्लंघन करता है।

### मेरे पास वक्फ की एक इंच जमीन नहीं : खड़गे

**राज्यसभा** में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर बुधवार को दिए बयान पर विपक्ष के सांसदों ने हंगामा किया। दरअसल, अनुराग ने कहा था कि कर्नाटक में वक्फ की जमीन का भ्रष्टाचार हुआ है, जिसमें खड़गे भी शामिल हैं। इस पर खड़गे ने कहा कि आरोप सिद्ध करें या इस्तीफा दें। अनुराग वक्फ बोर्ड की 1 इंच भी जमीन पर कब्जे को साबित कर देते हैं, तो मैं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दे दूंगा।

# हिमाचल के जलाशयों में बढ़ाया जाएगा ट्राउट फिश का उत्पादन

## 600 किलोमीटर जलधाराओं में मौजूदगी, 800 किमी. तक ले जाने के प्रयास

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में ट्राउट फिश का कारोबार बढ़ाया जाएगा। नदियों में दायरा भी बढ़ेगा। करीब 600 किलोमीटर जलधाराओं में ट्राउट फिश की मौजूदगी है और इसे 800 किलोमीटर ले जाने के प्रयास हो रहे हैं।



सरकारी सहयोग से स्थानीय लोगों को आगे लाया जा रहा है, जो ट्राउट के कारोबार को आगे ले जाएं। विभाग की आवश्यक प्रक्रिया के बाद मछली पालन की मंजूरी दी जाएगी। ट्राउट फिश के लिए शिमला, कुल्लू, कांगड़ा, किन्नौर, लाहौल-स्पीति व चंबा जिले शामिल हैं। यहां मौजूद चुनिंदा साफ-सुथरे जलाशयों में ट्राउट फिश का अस्तित्व है। शिमला जिले की पब्बर नदी, कुल्लू जिले की ब्यास, सरवरी, पार्वती, गडसा और सैंज नदी, मंडी और कांगड़ा जिले की उहल नदी और चंबा जिले के भंडाल नाला सहित किन्नौर व लाहौल-स्पीति की साफ नदियों में उनकी उपस्थिति देखी गई है। (अनंत ज्ञान)

### आठ ट्राउट फार्मों में रिकॉर्ड 15.576 लाख ट्राउट मछली का उत्पादन

**राज्य** में मछली पालन विभाग के तहत कार्यरत आठ ट्राउट फार्मों में पिछले साल 15.576 लाख ट्राउट मछली का उत्पादन हुआ था। निजी क्षेत्र में कार्यरत 742 ट्राउट पालकों ने 1388.50 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन किया था। बाजार में इसका मूल्य 76. 36 करोड़ रुपए आंका गया था। वर्तमान परिपेक्ष में 1442 रेसवेज के जरिए कई ट्राउट किसान अपनी आजीविका चला रहे हैं और अपनी अर्थव्यवस्था के साथ प्रदेश की आर्थिक सेहत बेहतर कर रहे हैं।

### बाजार में ट्राउट फिश की कीमत 600 से 900 रुपए किलोग्राम

**प्रदेश** मत्स्य विभाग के शिमला स्थित सहायक निदेशक पंकज ठाकुर ने बताया कि ट्राउट फिश के कारोबार में बेहद संभावनाएं हैं। बाजार में एक ट्राउट फिश की कीमत 500 से 900 रुपए किलो के बीच है। विभाग ट्राउट मछली का बीज तैयार करता है, जिन्हें लोगों को उपलब्ध कराया जाता है। निजी क्षेत्र के मत्स्य पालक इन्हें बाहरी राज्यों में भेजते हैं, जहां से वह अच्छा मुनाफा कमाते हैं।

### 4500 बीज किए संग्रहित, सरकार ने की है सब्सिडी देने की घोषणा

**पंकज** ठाकुर ने बताया कि पिछले नवंबर 2024 तक 4500 ट्राउट के बीज संग्रहित किए थे। शिमला जिले के रोहडू, चढ़गांव, डोडरा-क्वार व धमवाड़ी सहित किन्नौर जिले में ट्राउट फिश की उन्नत किस्म की प्रजातियां पाई जाती हैं। एक मछली का वजन करीब 5 किलो से लेकर 9 किलो होता है। उन्होंने बताया कि सरकार ने सब्सिडी देने की घोषणा की है, जिसमें टैंक आदि बनाने के लिए 40 से लेकर 60 फीसदी तक सब्सिडी दी जाती है, इसलिए प्रदेश में ट्राउट का कारोबार दिनोंदिन बढ़ रहा है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### मानहानि मामला: राहुल के खिलाफ सुनवाई टली

**सुलतानपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के एक मामले में वीरवार को वादी की तरफ से गवाह पेश न होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 15 अप्रैल तय की है।

### आजम खान को राहत गिरफ्तारी पर रोक लगी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रामपुर जिले के गंज थाना में 2007 में दर्ज एक मामले में सपा नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान को राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

### मुंबई में लॉरेंस गैंग के पांच शूटर गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने अंधेरी इलाके से लॉरेंस गैंग के 5 शूटरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि उन्हें संदेह है कि गैंग के निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था। गिरफ्तार लोगों की पहचान विकास ठाकुर उर्फ विक्की, सुमित कुमार दिलावर, श्रेयस यादव, देवेंद्र सक्सेना और विवेक गुप्ता के रूप में की गई है। ये सभी राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

▶▶ पांच नहीं, अब 6 गुटों में बंट चुकी भाजपा -पेज 2
▶▶ हर विधानसभा क्षेत्र में जल्द खुलेंगे आदर्श स्वास्थ्य संस्थान -पेज 3
▶▶ दस महाविद्याओं में द्वितीय, पुत्र प्राप्ति के लिए प्रसिद्ध -पेज 9
▶▶ एसबीआई देगा छोटे किसानों को 295 मिलियन डॉलर का लोन -पेज 13

# सुक्खू कैबिनेट की बैठक पांच को, घोषणाओं पर लगेगी मुहर!

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** विधानसभा के बजट सत्र में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की घोषणाओं पर मुहर लगने वाली है। इस संदर्भ में 5 अप्रैल को राज्य सचिवालय में कैबिनेट की बैठक बुलाई है।



इसके अलावा 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस के उपलक्ष्य पर सरकार की तरफ से की जाने वाली घोषणा पर चर्चा होगी, जिसमें मुख्यमंत्री कुछ लोक लुभावनी या फिर कर्मचारी हितैषी घोषणाएं कर सकते हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू अभी केरल राज्य के दौरे पर हैं, जहां पर वह बतौर पर्यवेक्षक गए हैं। वहां पर केरल राज्य के विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय आलाकमान को अपनी फीडबैक देंगे, जिसके तहत वह वहां के विधायकों से बैठक कर आवश्यक रणनीति तैयार कर रहे हैं। सीएम सुक्खू का 4 अप्रैल को दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है। यहां पर एक बार फिर से वह पार्टी आलाकमान के कुछ नेताओं से बातचीत कर सकते हैं। 5 अप्रैल को उनका शिमला लौटने का कार्यक्रम है। यहां पर वह दोपहर बाद मंत्रिमंडल की मीटिंग में शामिल होंगे और इस मीटिंग में सरकार के आवश्यक फैसलों पर मुहर लगवाएंगे।

### आतिशी, संजय सिंह के खिलाफ दायर मानहानि मामला किया खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली कोर्ट ने वीरवार को कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और 'आप' सांसद संजय सिंह के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले को खारिज कर दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने दीक्षित की शिकायत पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मुझे शिकायतकर्ता को बदनाम करने के लिए कोई आरोप नहीं दिखता। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की ओर से समन-पूर्व दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखा था। मानहानि की शिकायत में आरोप लगाया कि आप के दोनों नेता 'जानबूझकर दीक्षित की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं।'

# भारत-थाईलैंड बढ़ाएंगे रणनीतिक साझेदारी

## बिम्सटेक सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे मोदी, बोले- दोनों देश सांस्कृतिक व आध्यात्मिक डोर से जुड़े

**एजेंसी, बैंकॉक**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी वीरवार को छठे बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर थाईलैंड पहुंचे। थाइलैंड पहुंचने पर उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। इस दौरान रामकियेन-थाई रामायण की मनमोहक प्रस्तुति देखी।

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने थाईलैंड की अपनी समकक्ष पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और थाईलैंड के बीच सदियों पुराने संबंध हैं। यह संबंध हमारी




गहरी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक डोर से जुड़े हैं। हमने भारत-थाईलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने शिनावात्रा के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता की। मोदी ने कहा कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग पर जोर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और इंडो-पैसिफिक विजन में थाईलैंड का विशेष स्थान है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान थाई सरकार ने 18वीं सदी के 'रामायण' भित्ति चित्रों पर आधारित डाक टिकट जारी किए, जिसके लिए पीएम मोदी ने थाई सरकार का आभार व्यक्त किया।

# पीपीएफ में नॉमिनी अपडेट कराने के लिए अब नहीं देनी होगी फीस

## चार नॉमिनी बना सकेंगे, वित्त मंत्री ने दी नियमों में बदलाव की जानकारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने देशभर के पब्लिक प्रोविडेंड फंड (पीपीएफ) खाताधारकों को बड़ी राहत दी।



अब पीपीएफ खाते में नॉमिनी अपडेट या बदलने के लिए किसी भी प्रकार की कोई फीस नहीं होगी। सरकार ने इससे जुड़े नियमों में बदलाव किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'एक्स' पर कहा कि उन्हें पता चला है कि कई वित्तीय संस्थान नॉमिनी अपडेट करने के लिए फीस ले रहे थे। नॉमिनी अपडेट या बदलाव के लिए लिया जाने वाली 50 रुपए की फीस समाप्त कर दी है। हाल ही में पारित बैंकिंग अमेंडमेंट बिल 2025 के तहत खाताधारकों को अपने जमा पैसों के भुगतान, कस्टडी में सुरक्षित रखे गए सामान और लॉकर के लिए 4 नॉमिनी तक जोड़ने की सुविधा भी दी गई है। पीपीएफ एक सुरक्षित निवेश स्कीम है। सरकार की ओर से इस पर 7.1 प्रतिशत का सालाना ब्याज दिया जाता है। इस योजना की मैच्योरिटी अवधि 15 वर्ष की है, जिसे आप मैच्योरिटी के बाद 5-5 साल के लिए आगे बढ़ा सकते हैं। पीपीएफ में मैच्योरिटी पर मिलने वाला सारा पैसा टैक्स फ्री होता है। इसके साथ ही पीपीएम में निवेश करने पर पुरानी टैक्स रिजीम में सेक्शन 80सी के तहत 1.50 लाख रुपए की टैक्स छूट प्रतिवर्ष मिलती है।

### मैदानों में बढ़ी गर्मी आठ शहरों का तापमान 30 डिग्री पार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में लगातार गर्मी में बढ़ोतरी हो रही है। सुंदरनगर में वीरवार को अधिकतम तापमान 32.6, ऊना 35.4, नाहन 31.4, सोलन 32.4, कांगड़ा 31.8, मनाली 30.4, धौलाकुआं 34.2 और बरठीं में 31.8 डिग्री रहा।

वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 8 और 9 अप्रैल को चंबा, कुल्लू, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर जिले में हल्की बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई है। अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर बैन हटाने से किया इनकार

## कहा- दिल्ली में लंबे समय से खतरनाक स्तर पर वायु प्रदूषण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय से यहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर बना हुआ है।

जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइंया की बेंच ने कहा कि सड़कों पर काम करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रदूषण से प्रभावित होते हैं। हर किसी के पास अपने घर या कार्यस्थल पर वायु शुद्धिकरण यंत्र लगाने की सुविधा नहीं होती।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पिछले छह माह में इस अदालत ने कई आदेश दिए हैं, जो दिखाते हैं कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति बहुत खराब रही है। संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत स्वास्थ्य का अधिकार हर नागरिक का हक है, जिसमें स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीने का अधिकार भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब तक यह साबित नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से बेहद कम प्रदूषण होता है, तब तक इस बैन पर दोबारा विचार करने का सवाल ही नहीं उठता। कोर्ट के अनुसार, दिल्ली में जो असाधारण स्थिति बनी हुई है, उसके चलते पटाखों पर रोक लगाना बिल्कुल जरूरी है।

**सफलता** पिछले साल किसानों को ट्रेनिंग के बाद सात जिलों में लक्ष्य से ज्यादा सप्लाई किए चूजे और अंडे, लाखों रुपए कमाए

# कुक्कुट पालन में हिम हैचरी सुंदरनगर ने बनाया रिकॉर्ड

**अनिल शर्मा, मंडी**

अनंत ज्ञान खास खबर

**कुक्कुट** पालन में हिम हैचरी सुंदरनगर ने रिकॉर्ड बनाया है। पिछले साल किसानों को ट्रेनिंग के बाद सात जिलों में लक्ष्य से ज्यादा चूजे और अंडे सप्लाई कर लाखों रुपए की कमाई की है।




गत वर्ष 7 जिलों में 2,26000 चूजे सप्लाई करने का लक्ष्य रखा था, जिसे पार करते हुए 2,29,685 चूजे सप्लाई किए गए। बता दें कि प्रदेश में दो ही हिम हैचरी हैं, एक मंडी जिले के सुंदरनगर में और दूसरी सिरमौर नाहन में है। सुंदरनगर हिम हैचरी प्रदेश के कुल्लू, मंडी, हमीरपुर, बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा और लाहौल-स्पीति को अपनी सेवाएं प्रदान करती है। वहीं, समय-समय पर किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करने के पश्चात उन्हें चूजे भी मुहैया करवाती है। शेष जिलों को सिरमौर के नाहन की हैचरी से चूजे सप्लाई किए जाते हैं। हिमाचल के विभिन्न जिलों को यहां से चैब्रो नस्ल के चूजे सप्लाई होते हैं। चैब्रो नस्ल को ड्यूल पर्पज ब्रीड भी कहा जाता है। गौर हो कि कोरोनाकाल के पश्चात युवाओं ने बड़ी संख्या में कुक्कुट पालन व्यवसाय को अपनाया है। हिम हैचरी सुंदरनगर में किसानों को सालभर प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रत्येक माह की 1 से लेकर के 15 तारीख तक पहला बैच और 16 से 30 तारीख तक दूसरे बैच को प्रशिक्षण दिया जाता है। गत वर्ष में 910 लोगों को ट्रेनिंग दी गई है। इसमें किसानों से लेकर के व्यवसायी तक शामिल रहे हैं। सबसे पहले अंडों को 21 दिन एक मशीनों में रखा जाता है, जहां प्रतिदिन बराबर तापमान मेंटेन किया जाता है उसके पश्चात अगले 3 दिनों के लिए हैचर में रखा जाता है, इस दौरान नमी बढ़ा दी जाती है और यही अंडे से चूजा बाहर आ जाता है। (अनंत ज्ञान)

**कोरोनाकाल के बाद युवाओं ने अपनाया कुक्कुट पालन व्यवसाय**

### अंडा उत्पादन में भी रिकॉर्ड तोड़े



**हिम** हैचरी सुंदरनगर में 2500 बड़ी मुर्गी पालन की क्षमता है और चूजे सप्लाई करने के लक्ष्य को तो टारगेट से ज्यादा किया ही, साथ में अंडा उत्पादन में भी रिकॉर्ड तोड़े हैं। गत वर्ष 2,50,000 अंडे उत्पादित किए हैं। प्रति वर्ष एक मुर्गी 130 से 140 अंडे देती है, लेकिन बेहतर प्रबंधन के कारण हिम हैचरी सुंदरनगर में एक मुर्गी 143 से 145 अंडे प्रतिवर्ष देती है। 22 हफ्तों के पश्चात एक मुर्गी अंडा देना आरंभ कर देती है और लगभग 60 से 65 हफ्तों तक अंडे देती रहती है। उसके पश्चात मुर्गियों को मांस के लिए उपयोग में लाया जाता है।

> **हिम** हैचरी सुंदरनगर बेहतर कार्य कर रही है और प्रतिवर्ष अपने लक्ष्य से ज्यादा ही पूर्ति कर रही है। प्रदेश के 7 जिलों में बेहतर सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ यहां का प्रबंधन भी सराहनीय है, जिसके लिए सारा स्टाफ बधाई का पात्र है।
>
> **-डॉ. मनदीप कुमार, असिस्टेंट डायरेक्टर, हिम हैचरी सुंदरनगर।**

# शीर्ष अदालत के जज करेंगे संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**ज्यूडिशियरी** में ट्रांसपेरेंसी और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है।

**जानकारी वेबसाइट पर होगी अपलोड**

सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है। जजों ने कहा कि संपत्तियों से जुड़ी डिटेल सुप्रीम कोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। हालांकि, वेबसाइट पर संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक होगी। सुप्रीम कोर्ट में जजों की निर्धारित संख्या 34 है। फिलहाल यहां 33 जज हैं, एक पद खाली है। इनमें से 30 जजों ने अपनी संपत्ति का घोषणा पत्र कोर्ट में दे दिया है। हालांकि, इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। यह फैसला दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कैश मिलने के विवाद के बाद लिया गया है। जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लगी थी। फायर सर्विस टीम को वहां अधजले नोट मिले थे। वहीं, वेबसाइट पर लिखा कि इसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश की ओर से की गई घोषणाएं भी शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### उहल-कक्कड़ सड़क की हालत खस्ता, लोग परेशान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** टौणी देवी के तहत पड़ने वाली उहल-कक्कड़ सड़क की हालत खस्ता है। ग्वारडू पंचयात में पड़ने वाले टिहरी के मोड़ पर एक साल में 5 परिवरों के दीपक बुझ गए हैं। विभाग ने न तो ब्लैक स्पॉट घोषित किया और न ही सुरक्षा के कोई प्रबंध किए। आए दिन इस मोड़ पर कोई न कोई हादसा हो रहा है। विभाग कुंभकर्ण की नींद सोया हुआ है। स्थानीय पंचायत प्रधान सरोज देवी ने बताया कि विभाग को कई बार सुरक्षा के इंतजामों को लेकर अवगत करवाया, लेकिन आश्वासन के अलवा कुछ नहीं किया गया। स्थानीय ग्रामीणों में लवकेश सिंह, समर, विजय, राज सिंह, हेमराज, अमीचंद, संतोष, विधि चंद, धर्म सिंह, दूनी चंद, देसराज, मदन सिंह, सुनीता, अनीता आदि ने बताया कि सड़क की हालत खस्ता है। गड्ढों से बचने के कारण गाड़ियां गहरी खाइयों में गिर जाती हैं। (अनंत ज्ञान)

### बार एसोसिएशन ने श्रद्धालुओं को बांटी खीर

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** बार एसोसिएशन भोरंज के सदस्यों ने वीरवार को नवरात्र के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को खीर प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के महासचिव, एडवोकेट दिनेश संधू ने कहा कि नवरात्र हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखते हैं और यह पर्व शक्ति, आस्था और भक्ति का प्रतीक है। नवरात्र के नौ दिन मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना के लिए समर्पित होते हैं। इस दौरान उपवास, पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन का विशेष महत्व होता है। यह पर्व आत्मशुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस सेवा कार्य में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### 10 तक बिजली बिल जमा करवाएं लंबलू के उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** बिजली उपमंडल लंबलू के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 10 अप्रैल तक का समय दिया गया है। एसडीओ ज्ञान चंद भाटिया ने कहा कि उपमंडल के जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 10 अप्रैल तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बिना ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### बाबा बाल महाराज आज प्रवचनों की करेंगे वर्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राष्ट्र संत बाबा बाल महाराज ऊना वाले अपने भक्तों के अनुरोध पर एक दिन के लिए राधा कृष्ण मंदिर नजदीक वासी पैलेस बडू (मौही) में अपने मुखारविंद से हरी सर्कीतन का उपदेश देने के लिए शुक्रवार प्रातः 10 बजे आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में वासी पैलेस के प्रबंध निर्देशक संजीव पटियाल व उनके परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने नजदीक के सभी 10 गावों में निमंत्रण पत्र भेज दिए हैं। इसके प्रमुख रसील सिंह मनकोटिया ने भक्तजनों से अनुरोध किया कि समय पर पहुंच कर गुरु महाराज के दर्शन व स्वागत करने के बाद महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागीदारी बनें।

### भूकंप त्रासदी पर निकाला जाएगा जागरूकता मार्च

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वर्ष 1905 में जिला कांगड़ा और इसके आसपास के क्षेत्रों में आए भीषण भूकंप की 120वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर आम लोगों को भूकंप जैसी आपदा से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 4 अप्रैल को कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सुबह 9 बजे हमीरपुर शहर में एक जागरूकता मार्च भी निकाला जाएगा। एसडीएम संजीत सिंह ने शहरवासियों से इसमें भाग लेने के लिए शुक्रवार सुबह 9 बजे गांधी चौक में उपस्थित होने की अपील की है।

### मिस्टर सचिन व मिस फेयरवेल बनी कनिका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य इस संस्थान से शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात भविष्य में और अधिक ऊंचाईयों पर पहुंचने के लिए छात्रों के उत्साह को बढ़ाना है। इस समारोह के मुख्यातिथि राहुल चौहान प्रिंसिपल आईएचएम हमीरपुर व पुनीत बंटा, विभागाध्यक्ष होटल प्रबंधन संस्थान रहे। इस समारोह का शुभारंभ मुख्यातिथि राहुल चौहान प्रिंसिपल आईएचएम हमीरपुर, विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा व पीयूष ठाकुर प्रशासन लेखा अधिकारी ने दीपक प्रज्वलित कर किया। मुख्यातिथि ने कहा कि छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने को लेकर कड़ा परिश्रम करना चाहिए। इसके पश्चात छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए, जिसकी शुरुआत गणेश वदंना से हुई। विदाई समारोह में मिस्टर फेयरवेल सचिन ठाकुर और मिस फेयरवेल कनिका बनियाल रही।

### बॉटनी विभाग की छात्रा ने किया पेटेंट प्राप्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय, हमीरपुर के बॉटनी विभाग की एमएससी बॉटनी की छात्रा प्रांजल शर्मा ने अपने शोध कार्य से दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रांजल शर्मा ने पर्यावरण-अनुकूल बायोप्लास्टिक उत्पाद पर पेटेंट प्राप्त किया है। सीएम स्टार्टअप योजना के तहत पायनियर इनक्यूबेटर में इन्क्यूबेटी के रूप में, उनका यह नवाचार पारंपरिक प्लास्टिक के लिए एक जैव-अनुकूल और बायोडिग्रेडेबल विकल्प प्रदान करता है, जो पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रयासों को बल देता है। प्रांजल शर्मा की पहली पुस्तक अध्याय हिमालयी क्षेत्र की स्थानिक प्रजातियां- सिक्किम प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रकाशक स्प्रिंगर में प्रकाशित हुई है। यह उपलब्धि उनकी शोध क्षमता, मेहनत और वैज्ञानिक समुदाय में योगदान देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की उच्च स्तरीय शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन को भी प्रमाणित करती है।

### भाजपा के आगामी कार्यक्रमों की सूची हुई तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा की जिला ईकाई की बैठक वीरवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। इसमें पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी मंडलों के अध्यक्ष मौजूद रहे व जिला अध्यक्ष ने आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा सभी पदाधिकारियों के समक्ष रखी। इस दौरान पूर्व महामंत्री अजय रिंटू, पूर्व उपाध्यक्ष उषा बिरला, पूर्व कार्यालय सचिव होशियार सिंह, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित रहे।

# जेएनवी डूंगरी में नवाजे होनहार

## नवोदय विद्यालय के छात्र देश के महत्वपूर्ण विभागों में दे रहे सेवाएं : विक्रम

**अनिल कुमार, हमीरपुर**




नवोदय विद्यालय डूंगरी, हमीरपुर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में ग्राम पंचायत रौंही की प्रधान रंजना कुमारी एवं विशिष्टातिथि के रूप में एसबीआई तरकवाड़ी के प्रबंधक राहुल पटियाल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज के प्राचार्य अनिल डोगरा एवं रौहीं ग्राम पंचायत के उपप्रधान राजेश शर्मा उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य विक्रम कुमार ने विद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धियों से सुसज्जित रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं भविष्योन्मुखी योजनाओं से अवगत करवाते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस शैक्षणिक सत्र में कई विकास कार्य किए जाने प्रस्तावित हैं। इस दौरान विद्यालय के स्टूडेंट्स द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनको अभिभावकों ने खूब सराहा। छात्राओं ने हिमाचल लोक नृत्य, हरियाणवी और पंजाबी नृत्य प्रस्तुत कर अभिभावकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। विद्यार्थियों के साथ माता-पिता भी अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम जानने को उत्सुक दिखाई दिए और रिजल्ट देखकर उनके चेहरे खिल उठे। मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथिगण ने स्टूडेंट्स को उनके शैक्षणिक, पाठ्येतर गतिविधियों, खेल, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अनिल डोगरा ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज नवोदय के स्टूडेंट्स देश के हर महत्वपूर्ण विभाग में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। राहुल ने अभिभावकों के योगदान एवं साहस की सराहना की। उन्होंने बच्चों को भविष्य के शुभकामनाएं दीं और आगे भी इस तरह के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत करने पर बल दिया। विद्यालय में नई टीसी का गठन किया, जो आने वाले समय में छात्रों के हित के लिए कार्य करेगी। प्राचार्य ने मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। पीटीसी प्रभारी ने पिछले सत्र के सदस्यों का धन्यवाद किया एवं वर्तमान सदस्यों से समय एवं सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक वरिंद्र सिंह सैनी ने किया। (अनंत ज्ञान)

## 30,000 श्रद्धालुओं ने किए गुफा के दर्शन

**एसके ठाकुर, बड़सर**

विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में वीरवार को 30000 के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन कर 23 लाख 17 हजार 300 रुपए बाबा बालक नाथ की पिंडी पर चढ़ावा चढ़ाया। एसडीएम बड़सर एवं प्रेसिडेंट टेंपल राजेंद्र गौतम ने बताया कि चढ़ावे के साथ-साथ गोल्ड 2 ग्राम 30 एमजी, सिल्वर 116 ग्राम 540 मिलीग्राम, इंग्लैंड पौंड 140, यूएसए डॉलर 359, यूरो 15, कनाडा डॉलर 105, ऑस्ट्रेलिया डॉलर 15, यूएई 125, रियाल 12, न्यूजीलैंड डॉलर 10, मलेशिया करंसी 50 प्राप्त हुई। (अनंत ज्ञान)



चैतन्य महाप्रभु गोड़िया मठ दंगड़ी मे आयोजित श्रीमदभागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य ओम विष्णु पाद स्वामी श्रीमद भक्ति प्रसाद विष्णु गोस्वामी महाराज ने कथा के दौरान मनुष्य कहां से आया और मनुष्य की उत्पति कैसे हुई, इसके बारे में जानकारी दी। भगवान की भक्ति करनी चाहिए और श्रीमद भागवत कथा जरूर सुननी चाहिए। भक्ति प्रसाद गिरि महाराज ने बताया कि इस अवसर पर वृंदावन से आए भक्ति प्रसाद नारायण महाराज, गोवर्धन से गोपाल दास महाराज, नित्य कृष्ण दास महाराज, मायापुरी से ललित कृष्णा प्रभु, नवदीप से संत महाराज देहरादून, दिल्ली, उत्तराखंड आदि भक्तजन उपस्थित थे।

## भर्ती नियमों का अध्ययन करें अभ्यर्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर भारती ने बताया कि टीजीटी (हिंदी , संस्कृत) और ड्राईंग मास्टर ग्रुप-सी के पदों की भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के संबंध में विभाग द्वारा 18 तथा 19 फरवरी को जारी अधिसूचनाओं को विभाग की वेबसाइटहिमाचल.एनआईसी.इन/ईएल ईईडीयू पर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने इन पदों के लिए इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे इन अधिसूचनाओं का अध्ययन कर लें, ताकि वे उक्त पदों की भर्ती एवं पदोन्नति नियमों से अवगत हो सकें। उपनिदेशक ने बताया कि अब टीजीटी (हिंदी, संस्कृत) और ड्राईंग मास्टर ग्रुप-सी के पदों पर भर्तियां इन्हीं नियमों के अंतर्गत की जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए उपनिदेशक कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972222749 पर संपर्क किया जा सकता है।

## प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत जमली, गुधवीं खड्ड पर बनेंगे पुल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**6.95 करोड़ रुपए से दो पुलों का किया जाएगा निर्माण**



हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की जमली और गुधवीं खड्ड पर 6.95 करोड़ रुपए की लागत से दो पुलों का निर्माण किया जाएगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत इन दो पुलों के निर्माण के लिए क्रमशः 3.57 करोड़ और 3.38 करोड़ रुपए की राशि जारी की है।

विधायक सदर आशीष शर्मा ने इन पुलों के निर्माण के लिए राशि जारी करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सांसद अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि जमली खड्डु और गुधवीं खड्डु पर इन दो पुलों का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है। इन पुलों के बनने से क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी। लोगों ने लगातार इसके बारे मांग उनके समक्ष रखी। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को इस बारे अवगत करवाया और उनके माध्यम से इन पुलों की मांग को केंद्रीय मंत्रालय के समक्ष रखा, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने इन पुलों के निर्माण पर मुहर लगाई और जमली खड्डु के उपर पुल के लिए 3.57 करोड़ और गुधवीं खड्डु के उपर पुल के लिए 3.38 करोड़ रुपए जारी किए हैं। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सड़क सुविधा से वंचित गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ना उनकी प्रमुखता है। प्रदेश सरकार के समक्ष भी ऐसे करीब डेढ़ दर्जन सड़कों एवं पुलों की मांग उन्होंने रखी है, लेकिन प्रदेश सरकार ने उसपर कोई संज्ञान नहीं लिया है। प्रदेश सरकार महज बजट न होने का रोना रो रही है।

### गाड़ी गांव में दो पशुशालाओं में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

## पीड़ित परिवारों को दें उचित मुआवजा : रंजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



पटलांदर के गांव गाड़ी में दो पशुशालाओं में बुधवार देर रात आग लग गई। आग इतनी तेजी से लगी की देखते ही देखते दोनों पशुशालाएं जलकर राख हो गईं। गनीमत यह रही कि जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

पंचायत उपप्रधान राजेश कुमार ने बताया कि पटलांदर के गाड़ी गांव के कर्मचंद और राजेंद्र कुमार की पशुशालाओं में बुधवार देर रात लगभग 1 बजे के करीब आग लग गई। आग से अंदर रखा घास और लकड़ी आदि जलने लगी व धुआं निकलने लगा। धुआं निकलने पर साथ में रहने वाले दोनों पशुशालाओं के मालिक उठे व उन्होंने अंदर रखे मवेशियों को बाहर निकाला। उन्होंने आग लगने का शोर मचाया व वहां पर अन्य ग्रामीण पहुंचे, जिन्होंने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। उपप्रधान राजेश ने बताया कि दोनों पशुशालाओं के साथ ही रिहायशी मकान भी हैं, अगर समय पर आग पर काबू न पाया जाता, तो मकानों को भी खतरा हो सकता था। राजेश ने बताया कि दोनों पीड़ित परिवारों को एक-एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। समय रहते पशुओं को बाहर नहीं निकाला जाता, तो उनकी जान भी जा सकती थी। उधर, आग लगने की सूचना मिलने पर सुजानपुर विधायक कैप्टन रंजीत सिंह वीरवार को पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए पहुंचे। उन्होंने नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने आग लगी पशुशालाओं का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार प्रवीण कुमार, बीडीओ किशोरी लाल अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## टीजीटी अध्यापकों की वरिष्ठता सूची जल्द जारी करे शिक्षा विभाग : सुरेश

**अनंत ज्ञान, जाहू**



हिमाचल प्रदेश प्रशिक्षित कला स्नातक संघ ने वर्ष 2020 के बाद टीजीटी अध्यापकों की वरिष्ठता सूची जारी न करने पर शिक्षा विभाग के प्रति कड़ा रोष प्रकट किया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल ने जाहू में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश के टीजीटी अध्यापकों की पदोन्नति होना प्रस्तावित है, लेकिन शिक्षा विभाग ने चार सालों के अध्यापकों की वरिष्ठता सूची जारी नहीं की है, जबकि शिक्षा विभाग द्वारा पदोन्नति के लिए जो पपत्र जारी किया है, उसके टीजीटी की वरिष्ठता नंबर लिखना अनिवार्य किया गया है।

वरिष्ठता सूची के अभाव के कारण शिक्षक वर्ग को परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। सरकार व शिक्षा विभाग ने वार्षिक कलैंडर में शिक्षा सत्र पहली अप्रैल से शुरू किया है, जोकि सरकार व शिक्षा विभाग का सराहनीय कदम है क्योंकि इस निर्णय से सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ना स्वाभिक है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मांग की है कि अप्रैल माह में स्कूलों में अनावश्य डाक को भेजना बंद किया जाए क्योंकि इसका बच्चों के प्रवेश पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। कौशल ने कहा कि ऐसे पत्रों के माध्यम से अध्यापक उन्हें तैयार करने में समय बर्बाद कर रहे हैं।

कौशल ने हिमाचल प्रदेश में शिक्षा विभाग के दो निदेशालय बनाने के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि इससे सही मायने में शिक्षा में गुणात्मक व व्यापक सुधार होगा। दो निदेशालय बनने से शिक्षक वर्ग की समस्याओं व मांगों का समय पर निपटारा होने की उम्मीद जगी है। उन्होंने टीजीटी शिक्षकों की वरिष्ठता सूची व पदोन्नति सूची जल्द जारी करने की मांग की है।

## बिजली बोर्ड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर : खरवाड़ा

**अनंत ज्ञान, नादौन**



बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम की नादौन इकाई की बैठक गगाल में इकाई अध्यक्ष राजकुमार चौधरी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में विशेष रूप से उपस्थित बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने पेंशनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली बोर्ड में पिछले 2 साल से बोर्ड प्रबंधन की गलत नीतियों के चलते पेंशनर्स को जहां उनकी सेवानिवृत्ति के ऊपर ग्रेच्युटी, लीव-इन-कैशमैंट जैसे लाभों की अदायगी दो-दो साल तक नहीं हो पा रही है। वहीं संशोधित वेतनमानों के आधार पर मिलने वाली बकाया राशि के लिए जारी किए गए सरकारी आदेशों की अनुपालन भी नहीं हो पा रही है। खरवाड़ा ने कहा 2 साल पहले जिस अधिकारी को बिजली बोर्ड लिमिटेड का प्रबंध निदेशक लगाया गया था, उसकी कार्यशाली के चलते पेंशनर्स व कर्मचारियों को उनके वित्तीय लाभों से वंचित होना पड़ा है। वहीं, बिजली बोर्ड लिमिटेड को भी नुकसान पहुंचा है। ऐसे अधिकारियों के ऊपर समय रहते नकेल कसी जाती तो शायद इंजीनियर विमल नेगी जैसा हादसा पेश न होता।

खरवाड़ा ने कहा बिजली बोर्ड लिमिटेड में कार्यरत निदेशक वित्त की कार्यशाली भी बिजली बोर्ड लिमिटेड व इसके कर्मचारियों और पेंशनर्स के हितों के खिलाफ है। खरवाड़ा ने कहा कि पिछले दो सालों से वित्तीय कुप्रबंधन के चलते हो रही वित्तीय अनियमताओं की जांच होना आवश्यक है। खरवाड़ा ने कहा कि बिजली बोर्ड लिमिटेड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, जिसकी तरफ गंभीरता से कार्रवाई करना आवश्यक है। हालही में बिजली बोर्ड के स्टोरों में बिजली वोल्टेज व करंट मापने के लिए टौंग टेस्टर दिए गए हैं उनके पैकिंग वाले डिब्बे पर कीमत 4543 रुपए अंकित है, जबकि बिजली बोर्ड लिमिटेड 11148 रुपए प्रति टौंग टेस्टर के हिसाब से खरीद रहा है। खरवाड़ा ने कहा कि बिजली बोर्ड लिमिटेड में ऐसे-ऐसे अधिकारी जिन्होंने बिजली बोर्ड लिमिटेड में पदोन्नतियां हासिल कर ऊंचे मुकाम तक पहुंचे और अब पेंशन भी बिजली बोर्ड लिमिटेड से ही लेंगे वे हर दिन बिजली बोर्ड लिमिटेड को कमजोर करने के लिए उसकी हाई वोल्टेज लाइनों को एचपीपीटीसीएल को हैंडओवर करने की प्रपोजल दे रहे हैं, जो कि बिजली बोर्ड लिमिटेड व इसके कर्मचारी व पेंशनर्स के हितों के साथ खिलवाड़ होगा।

## 8 को भूतपूर्व सैनिकों के लिए रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भूतपूर्व सैनिकों को रोजगार प्रदान करने के लिए चंडीगढ़ की विद्या ज्योति यूनिवर्सिटी 8 अप्रैल को सैनिक विश्राम गृह हमीरपुर में रोजगार मेले का आयोजन करने जा रही है। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के उपनिदेशक स्क्वॉड्रन लीडर (सेवानिवृत्त) मनोज राणा ने बताया कि इस रोजगार मेले के दौरान सिक्योरिटी गार्ड्स, ड्राइवर, प्रशासनिक अधिकारी, कॅरियर काउंसलर और हॉस्टल वार्डन के पदों के लिए भूतपूर्व सैनिकों का चयन किया जाएगा। सिक्योरिटी गार्ड्स और ड्राइवर के पदों के लिए 35-45 वर्ष के आयु वर्ग के भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारी के पदों के लिए 37-50 वर्ष के आयु वर्ग के जेसीओ भर्ती किए जाएंगे। कॅरियर काउंसलर्स के लिए 35-60 वर्ष के आयु वर्ग के जेसीओ-एनसीओ पात्र होंगे। हॉस्टल वार्डनों के पदों के लिए 35-55 वर्ष के आयु वर्ग के जेसीओ-एनसीओ का चयन किया जाएगा। सैनिक कल्याण उपनिदेशक ने पात्र भूतपूर्व सैनिकों से इस रोजगार मेले का लाभ उठाने की अपील की है।

## विमल नेगी को हमीरपुर के आम जनमानस ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि जिन रहस्यमय परिस्थितियों में एचपीसीएल के मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत हुई है, उस पर अभी भी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। 10 मार्च को उनके लापता होने के पश्चात उनके परिवारजनों ने पावर कॉरपोरेशन के तीन अधिकारियों पर उन्हें विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित कर उनसे गलत काम करवाने के आरोप लगाए।

भाजपा विधायक ने कहा कि 10 मार्च को उन्हें बिलासपुर में देखा गया था, लेकिन उन्हें ट्रेस नहीं कर पाए। पुनः उनके परिवारजन 14 व 18 मार्च को मुख्यमंत्री से मिले और उनको खोजने के लिए अभियान को तेज करने का आग्रह किया। 17 मार्च तक अपेक्षित सफलता न देख विमल नेगी के परिवारजनों ने उनका सुराग देने पर एक लाख का इनाम देने की घोषणा की। 18 मार्च शाम 4-30 बजे के आसपास उनका शव भाखड़ा नंगल डेम में में प्राप्त हुआ। उसके बाद एम्स बिलासपुर में पोस्टमार्टम के पश्चात पावर कॉरपोरेशन और बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने उच्च सदस्य अधिकारी हरिकेश मीना, देशराज, वह शिव प्रताप सिंह के खिलाफ प्रदर्शन किया और इन अधिकारियों पर विभिन्न प्रकार के आरोप लगाए। भाजपा विधायक ने कहा कि जब से सुक्खू सरकार आई है, तभी से हिमाचल पावर कॉरपोरेशन विवादों में रही है। हमीरपुर के आम जनमानस ने ऐसे ईमानदार अधिकारी को टाउन हॉल से लेकर गांधी चौक तक कैंडल मार्च का आयोजन कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

**व्यवस्था** विधायक ने कहा, भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद कर सरकार ने बचाए 2800 करोड़

# पांच नहीं, अब 6 गुटों में बंट चुकी भाजपा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि हिमाचल में भाजपा अब पांच की बजाए, छह गुटों में विभाजित हो चुकी है।

इन गुटों में सभी नेताओं की अपनी डफली अपना राग अलापने की कशमकश चल रही है। वह इसकी भीतरी व्यवस्था को खुद बयां कर रहे हैं। भाजपा के पास कहने को कुछ नहीं है। वह केवल गुमराह करने की राजनीति पर सवार है, लेकिन उसके नेताओं पर अब लोगों का भरोसा टूट चुका है। वीरवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सुरेश ने कहा कि सुक्खू सरकार ने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद कर 2800 करोड़ रुपए बचाए हैं। उन्हीं की बदौलत ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और नई पटरी पर सवार होकर रिजल्ट्स सामने आने लगे हैं। विधायक ने कहा कि जंगलों को गर्मियों के मौसम में आग से बचाने के लिए सरकार ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। इन विशेष इंतजामों में पहली मर्तबा महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों को शामिल किया गया है, जिन्हें प्रारंभिक तौर पर काम करने के लिए 240000 रुपए दिए जाएंगे। इसके बाद इनके संरक्षण के लिए हर साल 100000 देने का भी प्रावधान है।

इसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। सुरेश ने कहा कि नशा निवारण पर भी बड़ी योजना को चालू किया गया है। पिछले 2 सालों में 25 फीसदी की कमी आई है। अब कानून और सख्त हो जाने से ड्रग्स मामलों में अच्छे रिजल्ट्स समाज हित में दिखने लगे हैं।

सरकार और पुलिस के प्रयासों से इसका फायदा होने लगा है। नेपाल और पाकिस्तान बॉर्डर के पास से तस्करों को पकड़ने में कामयाबी मिली है। उनकी संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने का इंतजाम भी शुरू हो गया है। 17 जगह पर ऐसी कार्रवाई हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए राज्य सरकार ने जो बीड़ा उठाया है, उसके बहुत अच्छे रिजल्ट सामने आने लगे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सवा दो सालों में इस सरकार के किसी मंत्री या नेता पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा है।

सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा पीने के पानी के मामले को उठाने के लिए लिखे गए पत्र पर तंज कसते हुए कहा कहा कि अच्छा होता कि पत्र लिखने की बजाए वे सांसद निधि से इस योजना के निर्माण में मदद करते। 93 करोड़ की योजना राज्य सरकार लदरौर इलाके के लिए बना रही है। (अनंत ज्ञान)

**एक माह में ट्रेजरी का काम सामान्य हो जाएगा**

**सुरेश** ने कहा कि ट्रेजरी से पेमेंट का सिलसिला तकरीबन एक माह के दौरान सामान्य स्थिति में आ जाएगा। कुछ दिक्कतें रही हैं, लेकिन जहां-जहां जरूरी है, उस पर पैसे की कोई कमी नहीं। आर्थिक हालात को और बेहतर बनाकर अब ऐसी स्थिति तैयार हो गई है कि एक महीने के भीतर पेंडिंग पेमेंट्स मिलना शुरू हो जाएंगी।

## अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में मनाया जाएगा जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह



**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**

15 अप्रैल को 78वां हिमाचल दिवस जिला हमीरपुर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए तैयारियां आरंभ कर दी हैं। एडीएम राहुल चौहान ने वीरवार को डीआरडीए के हॉल में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह अणु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में मनाया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश मंत्रीमंडल के सदस्य कैबिनेट मंत्री करेंगे। समारोह का शुभारंभ सुबह 11 बजे ध्वजारोहण के साथ होगा। एडीएम ने लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, जल शक्ति विभाग, बिजली बोर्ड, पुलिस, होमगार्ड्स और साई के अधिकारियों को आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर मंच निर्माण, ग्राउंड की मार्किंग, पेयजल एवं सफाई व्यवस्था, बिजली की आपूर्ति, दर्शकों के लिए बैठने की व्यवस्था, प्रतिभागियों के लिए जलपान और अन्य प्रबंधों में किसी भी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए। समारोह में आयोजित होने वाली भव्य परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस और होमगार्ड्स के अलावा एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड्स तथा अन्य टुकड़ियां भी भाग लेंगी। **उन्होंने** इस संबंध में शिक्षा विभाग के उपनिदेशक को विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं एसपी कार्यालय के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि इन संस्थानों की टुकड़ियां परेड की रिहर्सल में भाग ले सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा विभाग में सरकार के निर्णयों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए समिति गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा विभाग में प्रदेश सरकार के निर्णयों के कार्यान्वयन की निगरानी करने तथा कर्मचारियों का उचित स्थानांतरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने एक समिति का गठन किया है। सचिव शिक्षा इस समिति के अध्यक्ष होंगे। कमेटी के सदस्यों में निदेशक स्कूल शिक्षा, निदेशक उच्च शिक्षा, राज्य परिजन अधिकारी समग्र शिक्षा अभियान, अतिरिक्त सचिव शिक्षा, संयुक्त सचिव शिक्षा, अवर सचिव शिक्षा (ए,बी,सी) और संयुक्त नियंत्रक (वित्त एवं लेखा) समग्र शिक्षा अभियान को शामिल किया गया है।

### बद्दी में 30.950 किलोग्राम चूरा पोस्त समेत युवक दबोचा

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** जिला बद्दी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 30.950 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ। आरोपी की पहचान यशपाल शर्मा पुत्र मदन लाल निवासी गांव कामल, तहसील रामशहर, जिला सोलन के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बद्दी पुलिस के स्पेशल सेल एक्स द्वारा पुलिस थाना नालागढ़ के तहत रनोट ट्रक पार्किंग चौकीवाला स्थित ट्रक की तलाशी ली, जिसके पास से चूरा-पोस्त बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से पुलिस रिमांड मिला है। अब पुलिस आरोपी से पूछताछ करेगी जिससे की अहम खुलासे हो सकते है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि आरोपी से 30.950 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है जिससे पूछताछ की जा रही है।

### सिकंदर ने हिमाचल में चिकित्सा शिक्षण संस्थानों को मजबूत करने की मांगी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से हिमाचल में चिकित्सा शैक्षणिक संस्थानों को सुदृढ़ करने की पहल संबंधी जानकारी मांगी। उन्होंने पूछा कि हिमाचल चिकित्सा शैक्षणिक संस्थानों के उत्थान और सुदृढ़ीकरण के लिए रूपांकित पहलों का ब्योरा क्या है? योजना के लक्ष्य और उल्लेखनीय उपलब्धियां क्या-क्या है? क्या सरकार ने आधुनिक अवसंरचना की उपलब्धता बढ़ाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का प्रस्ताव किया है? उन्होंने कहा कि इसके अलावा सीएसएस के तहत एमबीबीएस (यूजी) सीटों और पीजी सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए मौजूदा राज्य सरकार/केंद्र सरकार के मैडिकल कॉलेजों के उन्नयन के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य को 144 करोड़ रुपए की कुल अनुमोदित लागत से 6 मेडिकल कॉलेजों में 120 एमबीबीएस सीटों और 14.50 करोड़ रुपए की कुल अनुमोदित लागत से एक मेडिकल कॉलेज में 17 पीजी सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।



### श्री नयना देवी मंदिर में चढ़ावे की गिनती करते समय कर्मचारी ने की चोरी

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** नवरात्र के दौरान माता जी के गिनती कक्षा में अस्थायी कर्मचारी चोरी करते हुए पकड़ा गया। कर्मचारी से 1500 रुपए नगद 100 ऑस्ट्रेलिया डॉलर बरामद किए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस मेला अधिकारी डीएसपी विक्रांत ने पुष्टि करते हुए कहा कि माता मंदिर श्री नयना देवी में चल रहे चैत्र नवरात्र के दौरान अस्थायी रूप से रखे कर्मचारियों में से एक कर्मचारी धर्मपाल पुत्र श्रवण कुमार निवासी गांव नकराणा ने माता की दानपात्र की गिनती के समय 500 के तीन नोट तथा 100 ऑस्ट्रेलिया डॉलर गायब कर दिए तथा मंदिर कर्मचारी नीलम पुरी ने उसे देख लिया तथा जब उसने तलाशी ली तो यह रकम बरामद हुई। ये सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मंदिर न्यास के कर्मचारी पुनीत कुमार की शिकायत पर यह मामला नयना देवी पुलिस चौकी में दर्ज करवाया है।

# हिमाचल में हर विधानसभा क्षेत्र में जल्द खुलेंगे आदर्श स्वास्थ्य संस्थान

## प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने का लिया निर्णय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए हरेक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक और दुर्गम जिला लाहौल-स्पीति में दो आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित करने का निर्णय लिया है। इन 69 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों से 49 आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनकर तैयार हो गए हैं। प्रत्येक आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में 4 से 6 विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं और चरणबद्ध तरीके से विश्वस्तरीय सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए इन्हें आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों से युक्त किया जा रहा है।



मौजूदा समय में 20 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों डायलेसिस सेवाएं प्रदान की जा रही हैं और वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में सरकार ने शेष 49 अस्पतालों में 45 करोड़ रुपए की लागत से डायलेसिस सुविधा आरम्भ करने का निर्णय लिया है। इस वर्ष 11 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित किए जाएंगे। जाइका के सहयोग से प्रदेश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों एवं आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में विश्वस्तरीय उपचार सुविधा प्रदान करने के लिए 1,700 करोड़ रुपए से अत्याधुनिक उपकरण खरीदने का निर्णय लिया गया है।

### शिमला-कांगड़ा में रोबोटिक सर्जरी की मिलेगी सुविधा

**इस** वित्त वर्ष के लिए बजट में जिला शिमला के चमयाणा में एआईएमएसएस और जिला कांगड़ा के टांडा मेडिकल कॉलेज में 45.50 करोड़ रुपए से रोबोटिक सर्जरी की सुविधा स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। हमीरपुर व मंडी चिकित्सा महाविद्यालयों में हृदय रोगियों के लिए कैथ लैब स्थापित करने का बजट में प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए निजी क्षेत्र के सहयोग से 10 नए हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर स्थापित कि जाएंगे। इसके अलावा, कैंसर मरीजों को निशुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश में बढ़ रहे कैंसर के मामलों को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने हमीरपुर में कैंसर का उत्कृष्ट केंद्र स्थापित कर रही है। चम्बा और हमीरपुर चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए 200-200 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

### रोगी मित्र योजना की जाएगी आरंभ

**स्वास्थ्य** सेवाओं को और अधिक से सशक्त बनाने को रोगी मित्र योजना आरंभ की जाएगी, जिसके तहत स्वास्थ्य संस्थानों में लगभग 1000 रोगी मित्र नियुक्त किए जाएंगे। मुख्यमंत्री वृद्धजन देखभाल योजना आरंभ कर 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण सुविधा प्रदान करने की नई पहल भी सरकार करने जा रही है। स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के शुरूआत भी की जाएगी, जिसके तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ नजदीक के स्कूलों में नियमित रूप से छात्रों की स्वास्थ्य जांच करेंगे और उनके लिए परामर्श एवं जागरूकता सत्र आयोजित करेंगे।

### 27 वर्ष तक युवाओं को दिए जाएंगे मुफ्त इंसुलिन पंप

**सरकार** ने 27 वर्ष तक के युवाओं को मुफ्त इंसुलिन पंप प्रदान करने का निर्णय लिया है। एंबुलेंस सेवा को और सुदृढ़ बनाने के लिए 25 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस खरीदी जाएंगी। इसके अलावा नई योजनाएं एवं प्रावधान भी सरकार करने जा रही है जो प्रदेशवासियों को स्वस्थ जीवन प्रदान करने में कारगर होंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार ने बजट में लगभग 3481 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

## आयुष्मान, सहारा, शगुन, योजनाएं संसाधन लुटाना नहीं, सरकार का फर्ज : जयराम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी में सराज विधानसभा क्षेत्र के थाची में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में पहली बार 'चले संस्थान खोजो और उन्हें बंद कर दो' का लक्ष्य लेकर चलने वाली सरकार आई है। सुक्खू सरकार का एक ही काम है जो संस्थान बंद नहीं कर सकते हो उसका काम रोक दो, बजट रोक दो। हर दिन पूरे आत्मविश्वास के साथ झूठ बोलो। सरकार की सभी गारंटियां तो गोल हो गई हैं। अब सरकार ही गायब होने वाली है।

एक जगह जाएंगे तो कहेंगे कि दूसरी जगह पर सारी गारंटियां पूरी हो रही हैं, लेकिन एक भी गारंटी पूरे प्रदेश में कहां पूरी हुई हैं और किसे मिली हैं। यह बताने में असमर्थ है। जब पूरी ही नहीं हुई है तो सरकार क्या जवाब देगी? हम प्रदेश भर में जहां भी जाते हैं वहां पर सरकार की नाकामियों की कहानियां देखने को मिल जाती हैं।

मुख्यमंत्री कहते हैं कि हमने प्रदेश के संसाधनों की रेवड़ियां बांट दी। हमने 125 यूनिट बिजली, पानी निशुल्क दिया। इसके अलावा आयुष्मान, सहारा शगुन जैसी कई योजनाएं चलाईं। सुक्खू सरकार प्रदेश के विकास और जनहित के संस्थानों पर लगातार ताले लगा रही है। इस सरकार को सबक सिखाना होगा, जिसमें प्रदेश के लोगों का सहयोग चाहिए। इस मौके पर उनके साथ स्थानीय लोगों के साथ पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपने प्रवास के दौरान जयराम ठाकुर बालीचौकी के अन्य क्षेत्रों में भी गए और लोगों से मुलाकात की। इसी दौरान वह ग्राम गुराण भी गए और अंजना ठाकुर के दुखद निधन पर परिजनों के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

**थाची में बोले नेता प्रतिपक्ष- पहली बार आई है ताला लगाने वाली सरकार**

जयराम ने कहा कि हमारी सरकार ने अनुबंध के कार्यकाल को घटाकर तीन साल से दो साल किया था, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन वाली समयबद्ध और चरणबद्ध सरकार ने अनुबंध काल को अघोषित रूप से बढ़ाकर तीन साल कर दिया है। वस्था परिवर्तन का दावा करने वाले व्यवस्था का पतन कर चुके हैं।

## बणी में पेट्रोल पंप संचालक हेरोइन सहित गिरफ्तार

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के अंतर्गत बणी में स्थित पेट्रोल पंप के संचालक आशिष कुमार उर्फ आशु के पास से स्पेशल पुलिस टीम ने 30 ग्राम से ज्यादा हेरोइन (चिट्टा) बरामद करने में सफलता हासिल की है। बता दें कि पुलिस पिछले काफी अरसे से इस व्यक्ति पर नजर रखे हुए थी, जो बुधवार देर रात को चिट्टे के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया।

**30 ग्राम से अधिक हेरोइन हुई बरामद**



जिला पुलिस अधीक्षक ठाकुर भगत सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी पर पहले भी इस संदर्भ में माननीय न्यायलय में केस चले हुए हैं। आरोपी को चिट्टे सहित हिरासत में ले लिया गया है और कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने कहा नशा करने कराने बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। नशा तस्करों नेअपने फायदे के लिए प्रदेश के युवाओं को नरक में धकेल दिया है। नशा तस्करों को हमीरपुर पुलिस छोड़ने के मूड में नहीं है।

## ठेकेदारों के विवादित बिल भुगतान पर आदेश जारी करने का कोर्ट के पास अधिकार नहीं

**पुष्पेंद्र, शिमला**

हाईकोर्ट के पास रिट याचिका में ठेकेदारों के विवादित बिलों का भुगतान करने के आदेश जारी करने का क्षेत्राधिकार नहीं है। हिमाचल हाईकोर्ट ने यह स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जब तक ठेकेदारों के लंबित बिल विवादित होंगे, तब तक हाईकोर्ट रिट याचिका में सरकार को बिलों का भुगतान करने के आदेश जारी नहीं कर सकता।

न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने ठेकेदारों द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि इन रिट याचिकाओं में उठाए जा रहे विवादों पर हाईकोर्ट संविधान के अनुच्छेद 226 के अंतर्गत अपने रिट क्षेत्राधिकार का प्रयोग करते हुए निर्णय नहीं दे सकता। हालांकि, कोर्ट ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित कानून का हवाला देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय अपने रिट क्षेत्राधिकार का प्रयोग करते हुए किसी ऐसे अनुबंध से उत्पन्न




**एक याचिका में हाईकोर्ट ने दी दलील इस संदर्भ में दायर याचिका की खारिज**

विवादों पर विचार कर सकता है, जिनमें राज्य सरकार अनुबंध के मामले में मनमाने ढंग से कार्य करती है।

याचिकाकर्ता ठेकेदारों की शिकायत थी कि उनके द्वारा किए गए कार्य की कुछ राशि प्रतिवादी विभागों के पास बकाया है और चूंकि इसका भुगतान नहीं किया जा रहा है, इसलिए वर्तमान याचिकाएं विचार करने योग्य हैं। कोर्ट ने कहा कि जब प्रतिवादी यह स्वीकार नहीं करते हैं कि दावा की गई राशि याचिकाकर्ताओं को देय है तब इन मुद्दों को सिविल न्यायालय द्वारा फैसला किए जाने के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए, जिसमें पक्षकार अपने तर्कों को प्रमाणित करने के लिए साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए यह भी कहा कि जब हर दूसरे वादी को वसूली के लिए मुकदमा दायर करने के उद्देश्य से सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है और यथामूल्य न्यायालय शुल्क जोड़ना पड़ता है, तो उन याचिकाकर्ताओं को कोई अपवाद नहीं दिया जा सकता है जो सरकारी ठेकेदार हैं और जो केवल 250 रुपए का न्यायालय शुल्क लगाकर लाखों और करोड़ों की राशि का दावा कर रहे हैं। कोर्ट ने सरकार की दलीलों से सहमति जताते हुए याचिकाओं को खारिज कर दिया और अपने विवाद को उपयुक्त फोरम के समक्ष उठाने की इजाजत दे दी। (अनंत ज्ञान)

### निजी स्कूल की गलत याचिका पर हाईकोर्ट ने लगाई एक लाख की कॉस्ट

**विधि संवाददाता, शिमला।** प्रदेश हाईकोर्ट ने हमीरपुर जिले के भोरंज के शीतल मॉडल पब्लिक स्कूल, पट्टा (झारलोग) पर गुणवत्ताहीन याचिका दायर करने के लिए एक लाख रुपए कॉस्ट लगाई है। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि वर्ष 2024 में शिक्षा बोर्ड द्वारा एक साल के लिए निलंबित करने के निर्णय में कोई खामी नहीं है। बोर्ड ने याचिकाकर्ता स्कूल के परीक्षा केंद्र को 21 अगस्त 2024 की अधिसूचना के तहत मार्च 2024 में आयोजित परीक्षा से संबंधित सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग की निगरानी के लिए गठित समिति द्वारा रिपोर्ट की गई गंभीर अनियमितताओं के आधार पर अगले एक वर्ष के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। याचिकाकर्ता का दावा था कि परीक्षा के दौरान कोई अनियमितता नहीं हुई।

## विक्रमादित्य ने कंगना पर साधा निशाना, कहा- सांसद के पास मंडी के लिए समय ही नहीं

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपनी संसदीय जिम्मेदारियों से लगातार दूर भाग रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कंगना को सांसद बने एक साल से अधिक हो चुका है, लेकिन उन्होंने अभी तक अपने अधीन आने वाली दिशा (जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति) की महत्वपूर्ण बैठक भी नहीं ली है।



विक्रमादित्य सिंह ने वीरवार को पत्रकारों से कहा कि कंगना सिर्फ दो बार प्रदेश में नजर आई हैं, जिनमें से एक बार अपने निजी कैफे के उद्घाटन के मौके पर आई थीं। उन्होंने सांसद को सलाह देते हुए कहा कि कंगना को अपनी जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देनी चाहिए और जनता के प्रति जवाबदेह बनना चाहिए।

उन्होंने वक्फ संशोधन बिल को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के सहयोगी दलों ने इस बिल पर सदन में मजबूती से अपना पक्ष रखा है। उन्होंने इस विधेयक में कई विरोधाभासी पहलू होने की बात कही और सरकार से संवैधानिक ढांचे के अनुसार निर्णय लेने की अपील की। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह बिल संविधान की मूल भावना के अनुरूप नहीं है, इस पर सरकार को मंथन करना चाहिए।

### केंद्र से मदद के मुद्दे पर जयराम पर पलटवार

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के केंद्र से मदद मिलने के दावों पर पलटवार करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जयराम ठाकुर को भूलने की बीमारी हो गई है। उन्होंने याद दिलाया कि हाल ही में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान खुद जयराम ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत केंद्र से मिल रही मदद के लिए आभार जताया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश में आई आपदा से निपटने के लिए केंद्र से पीडीएनए (पोस्ट डिजास्टर नीड असेसमेंट) के तहत सहायता मांग रहे हैं लेकिन अभी तक प्रदेश को यह मदद नहीं मिली है।

## भाजपा ने विमल नेगी मामले में मांगी सीबीआई जांच




**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा जिला शिमला द्वारा विमल नेगी की रहस्यमय मृत्यु को लेकर कैंडल मार्च का आयोजन शेर-ए-पंजाब से सीटीओ तक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष केशव चौहान द्वारा की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मार्च के बाद विमल नेगी के चित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की, इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, प्रत्याशी रवि मेहता, संजय सूद, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, संजीव कटवाल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भारद्वाज ने कहा राज्य ऊर्जा निगम के महाप्रबंधक विमल नेगी की मौत मामले में निगम निदेशक देसराज और पूर्व प्रबंध निदेशक हरिकेश मीणा के बयान दर्ज होने में अड़चन है। देसराज फरार होने की आशंका है, जबकि हरिकेश मीणा अवकाश पर चले जाते है। इस संबंध में कुछ दिन पहले विमल की पत्नी और स्वजन के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। अभी तक की जांच के आधार पर इस प्रकरण में दबाव ही सामने आया है।

## कोरम के फेर में फंसे महिलाओं के 1500 रुपए

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल में महिलाओं को मिलने वाले 1500 ग्राम पंचायतों के 'कोरम' के 'फेर' में फंस गए हैं। राज्य सरकार ने सत्ता में आने से पहले महिलाओं को इस राशि को देने का ऐलान किया था। इसे अमलीजामा भी पहना दिया था, लेकिन पिछले उपचुनावों के बाद इस योजना में बदलाव करके संबंधित आवेदनों को ग्राम पंचायतों के सुपुर्द करने का जो फैसला लिया था। उसी के तहत योजना को बेहतर तरीके से लागू करने का बीड़ा उठाया गया था। लेकिन, अब क्योंकि ग्राम पंचायतों में पात्र महिलाओं की सिलेक्शन के लिए सभाओं का जो आयोजन होना था, उसकी कमी खल रही है।

**लाखों आवेदन अधर में लटके**

**पंचायतों के नहीं हो रहे कोरम**

इक्का-दुक्का जगह से जो आवेदन पहुंचे हैं, वह भी अभी तहसील स्तर पर ही कल्याण विभाग के कार्यालय में फंसे हुए हैं। अब असल समस्या यह है कि पंचायतों के कोरम कब मुकम्मल होंगे और जिन महिलाओं को 1500 रुपए पात्रता के हिसाब से हर महीने देने का सिलसिला शुरू होना है। उस पर मोहर कैसे लगेगी? यही यक्ष प्रश्न है।

वैसे उपचुनावों के दौरान कई विधानसभा क्षेत्र में जो आवेदन महिलाओं के पहुंचे थे, उन्हें इसकी पहली किस्त मिल भी गई है, लेकिन अब यह काम आगे चलेगा कैसे? यही असल में सवाल है। महिलाएं ग्राम पंचायतों की सभाओं के आयोजन की इंतजार में हैं और वहीं से जो सूचियां बनकर आएंगी। वह ब्लॉक स्तर पर या फिर तहसील स्तर पर कल्याण विभाग के अधिकारियों की मार्फत जिला स्तर तक पहुंचेगी। यही सूची फाइनल होगी। अब इसमें वक्त कितना लगेगा? यही असल सवाल है।

मगर यह भी तय है कि ग्राम सभाओं के माध्यम से जो संस्तुति कल्याण विभाग के पास पहुंचेगी, मुहर उस पर लगेगी। अब हमीरपुर में ही 50000 से ज्यादा आवेदन पहुंचे थे। बिलासपुर में 40000 और कांगड़ा में एक लाख के आसपास इन आवेदनों का आंकड़ा बना था। ग्राम सभाओं के आयोजन में भी पंचायतों में इनकी सूचियां बनाना इतना आसान नहीं है, वहां भी घमासान होगा। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं जिला कल्याण अधिकारी

**बिलासपुर** के जिला कल्याण अधिकारी आरसी बंसल, जिनके पास हमीरपुर का भी अतिरिक्त कार्यभार है का कहना है कि तहसील स्तर पर इन आवेदनों का पंचायत से आने का सिलसिला तो शुरू हो गया है, लेकिन अभी यह काम तादाद में बहुत कम है। पंचायतों से जो लिस्टें आएंगी उन्हीं पर काम होगा।

## भोरंज के पल्ही श्मशानघाट के पास मिला व्यक्ति का शव



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत ग्राम पंचायत धमरोल के पल्ही गांव में एक लाश मिलने से ग्रामीण दहशत में हैं। पलपल पंचायत के प्रधान जोगिंदर सिंह ने बताया कि गांव के श्मशानघाट के पास मनोज कुमार (37) पुत्र करतार चंद गांव व डाकघर नगरोटा गाजियां का शव संदिग्ध अवस्था में ग्रामीणों को मिला तो मौके पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस और पंचायत प्रधान मौके पर पंहुचे व उन्होंने व्यक्ति की पहचान की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल हमीरपुर भेज दिया है। हालांकि, अभी तक उक्त व्यक्ति की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

**पहल**

**ऑफिस में नोटिस लगाकर लिखा-अंदर कुर्सी मिले तो बिना पूछे बैठ जाओ**

# हिमाचल पुलिस के एसपी बोले- मिलने को परमिशन जरूरी नहीं

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के पुलिस ऑफिसर क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) के एसपी भूपेंद्र नेगी ने वीआईपी कल्चर को खत्म करने की पहल की है। उन्होंने अपने ऑफिस के बाहर लिखा- 'बिना पूछे आप कमरे में प्रवेश कर सकते हैं, अगर बैठने का स्थान खाली दिखता है तो बैठ जाएं।' मूल रूप से शिमला जिले के रामपुर बुशहर के रहने वाले हिमाचल पुलिस सेवा (एचपीएस) अधिकारी का यह संदेश अब वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर लोग उनकी सराहना कर रहे हैं। भूपेंद्र नेगी की छवि पहले से ही दबंग, धाकड़ और आम जनता से जुड़ाव रखने वाले अधिकारी की है।



दबंग इसलिए, क्योंकि 2 सप्ताह पहले जब चीफ इंजीनियर विमल नेगी ने अफसरों के दबाव में आकर मौत को गले लगाया था, तब भूपेंद्र नेगी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया था। उन्होंने लिखा था, 'हिमाचल पुलिस में भी एक ऐसा बहुत बड़ा अधिकारी है, जिसने बहुत अधिकारियों को परेशान कर रखा है।'

### कोई भी आदमी बाहर खड़ा क्यों रहे

**ऑफिस** के बाहर लिखे रोचक निर्देश को लेकर दैनिक भास्कर ने पुलिस अफसर भूपेंद्र नेगी से बात की। उन्होंने कहा कि हम ह्यूमन बीइंग (मनुष्य) हैं। कोई आदमी दरवाजे पर खड़ा क्यों रहे? ऑफिस मेरा नहीं है, बल्कि आम जनता और कर्मचारियों का है, इसलिए आम जनता और कर्मचारी ऑफिस के बाहर इंतजार क्यों करें? क्यों पूछे कि आऊं या न आऊं? अंदर कुछ सीक्रेट काम तो नहीं है।

### किसी को किसी के अपमान का अधिकार नहीं

**वीआईपी** कल्चर पर उन्होंने कहा कि देश से वीआईपी कल्चर खत्म होना चाहिए। सभी नागरिक एक समान हैं। किसी को भी दूसरे व्यक्ति और कर्मचारी के अपमान का अधिकार नहीं होना चाहिए। अधिकारी बनने का मतलब किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना है।

### प्रोटोकॉल से बढ़ती हैं दूरियां

**वहीं,** पुलिस अफसरों के प्रोटोकॉल पर नेगी ने कहा कि मैं नहीं मानता की प्रोटोकॉल जरूरी है। इससे आम जनता और अफसर के बीच दूरियां बढ़ती हैं। हम जनता के सेवक हैं, इसलिए हमें जनता से दूरी बढ़ाने की नहीं, दूरियां कम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेरे दफ्तर में स्टाफ और बाहर के लोग कभी भी बेझिझक आ सकते हैं। किसी को भी परमिशन लेने की जरूरी नहीं है। पुलिस जनता की सेवा के लिए है। ऑफिस में सरकार ने सोफे बैठने के लिए लगाए हैं, इसलिए कोई आदमी किसी भी टाइम दफ्तर में आकर मुझसे मिल सकता है।

### पोस्ट से चीफ इंजीनियर की मौत का मामला बढ़ा

**जानकारी** के अनुसार किन्नौर के रहने वाले चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले में परिजनों ने बिजली बोर्ड के अफसर हरिकेश मीणा और डायरेक्टर देशराज पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। परिजनों के आरोपों के बाद दोनों अफसरों पर केस भी दर्ज किया गया। ऐसे में हिमाचल प्रदेश की अफसरशाही पर भी सवाल उठ रहे थे। इसी बीच सीआईडी के एसपी भूपेंद्र नेगी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर चर्चा को हवा दे दी। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी भूपेंद्र नेगी के इस पोस्ट के बाद पुलिस अफसरों से फीडबैक लिया कि कौन अधिकारी परेशान कर रहा है। सीएम ने उस अधिकारी को ऐसा न करने की नसीहत भी दी है।

## सोलन में सड़क हादसे में दो स्कूटी सवार घायल



**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के कुमारहट्टी पट्टा मोड में एनएच 5 पर नए बने पुल की दूसरी लेन में एक सड़क हादसा पेश आया। इस हादसे में एक स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे की ओर गिर गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सोलन के धर्मपुर अस्पताल भेजा गया है। यह स्थान सड़क हादसों के लिए कुख्यात हो गया है, जहां आए दिन कई हादसे हो रहे हैं। एनएचएआई द्वारा यहां पर पैराफिट नहीं लगाए गए हैं, जो सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यह लापरवाही सड़क हादसों को बढ़ावा दे रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### अम्बा रिवरडेल स्कूल भवन का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** पंचरुखी के ब्याड़ा में वीरवार को कटोच कुलदेवी सोसायटी के सौजन्य से अम्बा रिवरडेल स्कूल भवन का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में महारानी शैलजा कटोच बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही। सोसायटी अध्यक्ष जगरूप कटोच ने कहा स्कूल सभी सुविधाओं से परिपूर्ण है। यहां बच्चों को हर क्षेत्र की जानकारी के साथ बेहतर समाज के निर्माण के रूप मे शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे यह एक उच्च शिक्षण संस्थान होगा। शिक्षा के माध्यम से ही समाज की प्रगति सुनिश्चित हुई है। शिक्षा न केवल व्यक्तियों को सशक्त बनाती है, बल्कि हमारे संयंत्रों के आस-पास के समुदायों के समग्र विकास को भी उत्प्रेरित करती है। शिक्षा सबसे शक्तिशाली मार्ग है, जिसके माध्यम से हम एक मजबूत अधिक विकसित भारत के निर्माण में योगदान करते हैं।

### सतगुरु श्री नाभादास सेवा समिति ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** सतगुरु श्री नाभादास सेवा समिति एवं महासा ब्लॉक नगरोटा बगवां की बैठक मुख्य सलाहकार किशोरी लाल की अध्यक्षता में उनके ही घर पर हुई। इस बैठक में 7 अप्रैल को शोभायात्रा तथा 8 अप्रैल को गुरु नाभादास जी की जयंती को बड़ी धूमधाम से मनाने की तैयारी की समीक्षा की गई। इस बैठक में नगरोटा ब्लॉक तथा बड़ोह ब्लॉक से निवेदन किया कि शोभायात्रा तथा जयंती में बढ़-चढ़कर ले और सतगुरु का आशीर्वाद प्राप्त करे।

### हवन कर किया स्कूल के नए सत्र का आगाज



**अनंत ज्ञान, गगल।** महर्षि विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल खटेहढ़ धर्मशाला में नए सत्र का आयोजन हवन द्वारा किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि आज स्कूल के प्रांगण में नए सत्र का शुभारंभ हवन द्वारा किया गया। वैदिक परंपरा के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने गुरु पूजन द्वारा किया गया। हवन केवल कुमार शास्त्री द्वारा किया गया, जिसमें सभी अध्यापकों व बच्चों ने ह्रुतियां डालकर नए सत्र का शुभारंभ किया।

### नगरोटा कॉलेज में अटल टिंकरिंग लैब स्थापित

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र नगरोटा बगवां में अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना से निजी स्कूलों के समक्ष शिक्षा की गुणवत्ता में जहां सुधार हो सकेगा वहीं स्कूली बच्चों को इस तकनीक से विज्ञान और टेक्नोलॉजी में ओर ज्यादा रुचि पैदा हो सकेगी। छात्रों को समस्या समाधान करने के कौशल को विकसित करने में टीम वर्क, कम्युनिकेशन के प्रबंधन का कौशल विकसित करने में छात्रों की आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा। बच्चे रोबोटिक थ्री डी प्रिंटर, आई ओ टी डिवाइज, ड्रोन ओर इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइज को प्रयोग करना सीखेंगे। इससे पहले यह लैब कुछ चुनिंदा निजी स्कूलों में ही उपलब्ध थी। अब आसपास के सरकारी स्कूलों के बच्चे भी इस लैब से बिना किसी शुल्क के इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

### सहौड़ा से चोरी हुई बाइक चैतड़ू में बरामद

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल पुलिस थाने में सहौड़ा के निवासी राजेश कुमार ने घर से चोरी हुई बाइक की रिपोर्ट गगल थाने में दर्ज करवाई थी। पुलिस ने गगल के नजदीक चैतडू में नाके के दौरान एक बिना नंबर प्लेट की बाइक को रोका तो पूछताछ में पाया कि यह बाइक 27 मार्च को इन्होंने रात राजेश के घर से इस बाइक को उठाया था। पुलिस ने नाके के दौरान बिना नंबर की इस बाइक को दीक्षित निवासी डीडंब शाहपुर और कार्तिक निवासी सेरा थाना से बरामद कर लिया। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

# रोजगार भवन बैजनाथ लोकार्पित

## विधायक किशोरी लाल ने किया उद्घाटन, बोले- इंदिरा गांधी स्टेडियम का करेंगे सौंदर्यीकरण

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल 65 लाख से निर्मित श्रम एवं रोजगार कार्यालय भवन बैजनाथ का लोकार्पण किया। विधायक ने रोजगार कार्यालय के नए भवन की बधाई दी और कहा कि रोजगार की दिशा में इस कार्यालय के माध्यम से क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार सम्बंधित जानकारी के साथ साथ रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यालय से बेरोजगार युवाओं को रोजगार संबंधित जानकारी, प्रशिक्षण, और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने में सहायता प्राप्त होगी। किशोरी ने कहा कि इसी कार्यालय के सामने इंदिरा गांधी स्टेडियम का भी सौंदर्यीकरण कर भव्य स्टेडियम का आकार दिया जाएगा, ताकि युवाओं को खेलने के बढ़िया मैदान उपलब्ध हो सके।




उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बैजनाथ क्षेत्र की गई घोषणाओं को पूर्ण किया जा रहा है।

इस अवसर पर अक्षय कुमार, रमेश कटोच, अजय सूद, वरिंदर जम्वाल, मिलाप राणा,अजय गौड़, आकाश राणा, सुमन कटोच, बबीता जसवाल, आशीष गुलेरिया, विश्वास दीप, अनिरुद्ध शर्मा, कांता देवी, जगदीश राणा, रमेश चड्ढा, रंजीत राणा, यमुना गोयल, रवि स्याल, गुरमुख सिंह, भमो देवी, शर्ति शर्मा, कुलदीप सोनी, नागेंद्र कटोच, शैलभ अवस्थी, पृथी करोटी, महिंदर डोहरी, राजेश राणा, सोनू, चंद्रा देवी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी

**रोजगार** कार्यालय भवन बैजनाथ के उद्घाटन से पहले एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और कहा कि बैजनाथ के रोजगार कार्यालय को भव्य भवन उपलब्ध हुआ है। इस कार्यालय से लोगों को सुविधा उपलब्ध होगी। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी, अक्षय कुमार ने उद्घाटन समारोह के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं और रोजगार मेलों के बारे में भी जानकारी दी।

# वक्फ संशोधन बिल कांग्रेस के ताबूत में आखिरी कील : परमार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा के भाजपा प्रभारी व विधायक विपिन सिंह परमार ने वक्फ संशोधन विधेयक को पिछड़े और गरीब मुसलमानों के भविष्य का वरदान करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों द्वारा देश में लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें वे कभी कामयाब नहीं होंगे। यह कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति के ताबूत में आखिरी कील साबित होने जा रहा है। कांग्रेस की राजनीति अब खत्म होने की कगार पर है। इनके नेता अब छटपटा रहे हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एक के बाद एक ऐतिहासिक फैसले ले रही है, जिससे कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की वोट बैंक की राजनीति का खात्मा हो रहा है। उन्होंने कहा कि वक़्फ़ बोर्ड को भू-माफियाओं और लुटेरों के चंगुल से मुक्त करवाकर गरीब मुसलमानों के हित में इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है, लेकिन कुछ लोग इसे गरीब मुसलमानों के हित में इस्तेमाल करने की बजाय भू-माफियाओं की



कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं। यह दुखद है, उन्हें गरीब मुसलमानों की चिंता करनी चाहिए थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस चिंता को समझा और गरीब और पिछड़े मुसलमानों के उत्थान के लिए ये बिल लाया है। यह विधेयक कहीं से भी असंवैधानिक नहीं है अब से पहले तक इस एक्ट में 5 बार संशोधन हो चुके हैं। जब यह तब असंवैधानिक नहीं था, तब यह संशोधन अब असंवैधानिक कैसे हो गया? उन्होंने कहा कि 2013 में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने इसमें गैरकानूनी तरीके से संशोधन कर वक्फ बोर्ड को असीमित अधिकार दे दिया कि वक्फ बोर्ड किसी भी जमीन पर अपना अधिकार जता सकता है।

# देहरा क्षेत्र के आठ स्कूलों में लगेंगे सोलर पैनल : कमलेश

**अनंत ज्ञान, देहरा**

देहरा विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर कर गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। विधायक गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत आज बृहस्पतिवार को ग्राम पंचायत म्योल और दरकाटा पहुंची विधायक कमलेश ठाकुर ने यह उद्गार व्यक्त किए। कमलेश ठाकुर ने म्योल और दरकाटा में लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना तथा उनके निवारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास को प्राथमिकता देते हुए देहरा की हर पंचायत में विकास कार्यों के लिए सरकार द्वारा 5-5 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति अगर कोई समस्या लेकर आता है तो उसको दूर करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### गांवों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरी योजना के साथ सरकार काम कर रही है। विधायक ने कहा कि उनके कार्यकाल में ही देहरा में विद्युत विभाग, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग के सर्किल ऑफिस खोले गए हैं, जिससे यहां विकास कार्यों को गति मिलेगी। साथ ही देहरा को पुलिस जिला भी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि देहरा के 8 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को सोलर पैनल लगाने के लिए चिन्हित किया गया है और जल्द ही यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जिससे विद्यालयों में हर समय बिजली उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही देहरा के आठ विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने के लिए भी सरकार द्वारा स्वीकृति दे दी गई है।

# सीएम करेंगे कोहाला-मंदल पुल का उद्घाटन : मोंगरा

## एपीएमसी के अध्यक्ष ने पुल के काम का लिया जायजा, 15 हजार आबादी को मिलेगा फायदा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

एपीएमसी और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा ने कहा है कि मंदल को कोहाला पंचायत से जोड़ने वाले पुल का काम पूरी हो गया है। पुल के आसपास कोलतार का काम बचा था, जिसे युद्धस्तर पर पूरा किया जाएगा। निशु मोंगरा ने गत रोज मंदल के निकट मनूणी खड्ड पर बने पुल का जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित ठेकेदार को समय रहते काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। निशु मोंगरा ने कहा कि इस पुल पर यातायात सुचारु होने से मंदल और कोहाला के बीच की दूरी आठ किलोमीटर से घटकर एक किलोमीटर रह जाएगी। मौजूदा समय में मंदल से कोहाला जाना हो, तो वाया मटौर जाना पड़ता है। यह दूरी आठ किलोमीटर बनती है। पुल के बनने से यह दूरी एक किलोमीटर में सिमट जाएगी।



इससे 15 हजार के करीब आबादी को फायदा मिलेगा। निशु मोंगरा ने कहा कि इस पुल का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे।

पुल के पास डंगे आदि का काम भी पूरा हो चुका है। एपीएमसी और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा ने कहा कि इस पुल के बनने से मंदल, कोहाला, झियोल, घियाणा, ढगवार, सुक्कड़, बगली, घणा आदि क्षेत्रों के लोगों को भी फायदा होगा। इन क्षेत्रों में कई किसानों की जमीनें है, जिन तक जाने में दिक्त होती थी, जो अब दूर हो जाएगी। मोंगरा ने कहा कि इस माह इस पुल को जनता को समर्पित करने की योजना है। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों के साथ संबंधित ठेकेदार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### किसानों को बेहतर सुविधा देना प्राथमिकता

**निशु** मोंगरा ने कहा किसानों को बेहतर सुविधाएं देना प्राथमिकता है। गेहूं खरीद केंद्रों पर तेजी से बिलिंग करवाई जाएगी। सब्जी मंडियों में किसानों और आढ़तियों को अच्छा माहौल मुहैया करवाया जाएगा। किसानों को खरीफ की फसलों के अच्छे बीज दिए जाएंगे।

### चरान से शीघ्र पास्सू शिफ्ट होगी मंडी

**चरान** से जल्द सब्जी मंडी को पास्सू शिफ्ट किया जाएगा। इसी तरह 53 मील के पास नई सब्जी मंडी का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा मांझी, चरान और मनूणी खड्डों से निकलने वाली कूहलों का संरक्षण किया जा रहा है। निशु मोंगरा ने कहा कि गगल-सकोह-धर्मशाला रोड पर कई जगह पहाड़ी की कटिंग से नालियां व कूहलें बंद हो गई हैं। इन्हें खुलवाना होगा।



# अनंत पर्यटन

# मनाली घूमने आएं तो हामटा पास जाना न भूलें पर्यटक



*हिमाचल प्रदेश के मनाली में पर्यटकों के लिए एक नया पर्यटन स्थल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। मनाली से महज 15 किलोमीटर दूर स्थित हामटा पास में रोजाना डेढ़ से दो हजार पर्यटक पहुंच रहे हैं। अटल टनल रोहतांग के बंद होने के बाद पर्यटकों का रुख अब इस नई जगह की ओर हो गया है। 14 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित इस स्थल पर पर्यटक बर्फीली वादियों का आनंद ले रहे हैं। यहां स्कीइंग, स्नो ट्यूब और जिप लाइन जैसी रोमांचक गतिविधियों का मजा लिया जा सकता है। विशेष आकर्षण के रूप में पर्यटक बर्फ के इग्लू में रहने का अनूठा अनुभव भी ले सकते हैं। हालांकि, वर्तमान में हामटा रोड सिंगल लेन है और बर्फ की वजह से केवल फोर बाई फोर वाहन ही वहां तक पहुंच पाते हैं।*

स्थानीय लोगों ने पर्यटकों की सुविधा के लिए अस्थायी ढाबे बना रखे हैं, जहां स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लिया जा सकता है। इसके अलावा लकड़ी और पत्थर से बने छोटे-छोटे होम स्टे भी उपलब्ध हैं, जहां शहर की भीड़भाड़ से दूर शांत माहौल में ठहरा जा सकता है। बस जरूरत है इस स्थल को और विकसित करने की और मूलभूत सुविधाओं की। हालांकि पर्यटकों की बढ़ती रुचि को देखते हुए अब प्रदेश सरकार इस स्थल को एक आधुनिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है। स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ के अनुसार इस स्थल के विकास से न केवल रोहतांग पर पर्यटक वाहनों का दबाव कम होगा, बल्कि पर्यटकों को हर मौसम में यहां आसानी से पहुंचने की सुविधा भी मिलेगी।

### हामटा पास की अहमियत

**हामटा पास** (जिसे हम्पटा दर्रा भी कहा जाता है) यह दर्रा है, जो कुल्लू घाटी को पड़ोसी जिला लाहौल-स्पीति से जोड़ता है। यह मूल रूप से चरवाहों का मार्ग था। इस ट्रेक पर 19वीं शताब्दी से आवागमन शुरू हो गया था। यह पुरातन समय से आने-जाने का एक मात्र मार्ग रहा है। यहीं से तिब्बत का पुरातन रास्ता था, जिसे वुल रूट के नाम से जाना जाता है। लादारचा मैदान में उस समय का सबसे बड़ा मेला लगता था, जहां वर्तमान के तिब्बत, किन्नौर, लाहौल, लेह लद्दाख आदि स्थानों से लोग इस व्यापारिक मेले में आते थे।

### इग्लू में रुकने का आनंद ले रहे सैलानी

*हामटा पास बर्फबारी के बाद से सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भारी संख्या में सैलानी इस पर्यटक स्थल पर पहुंचकर बर्फ के बीच घूमने का आनंद ले रहे है। यहां पर बने बर्फ के इग्लू में भी रहने का आनंद ले रहे हैं। हालांकि इस बार बर्फबारी कम होने के चलते हामटा में अधिक इग्लू नहीं है, लेकिन अभी तक बार तीन ही इग्लू यहां पर बने हैं। ऐसे में सैलानी हामटा की खूबसूरत वादियों में घूमने के साथ इग्लू में भी रुकने का आनंद ले रहे है। बर्फ से बने यह घर अब सैलानियों का अपनी और काफी अधिक आकर्षित कर रहे है।*

*प्रस्तुतिः कमलेश वर्मा, कुल्लू*



**हिमाचल में पर्यटन पर विकास को लेकर अपार संभावनाएं हैं, बावजूद इसके हिमाचल में पर्यटकों की संख्या नहीं बढ़ पर रही है। प्रकृति ने हिमाचल को अनंत सुंदरता दी है। आखिर यहां की व्यवस्था पर्यटन सेक्टर को एक लाभ का सौदा क्यों नहीं बना पा रही? गर्मियों का सीजन शुरू होते ही प्रदेश के पर्यटन कारोबारियों को अच्छे मुनाफे की उम्मीद भी बढ़ गई हैं, लेकिन सरकारी कोशिशों के बाद भी अभी तक हिमाचल जैसे पहाड़ी खूबसूरत प्रदेश पर्यटकों को तरसाता नजर आ रहा है। पर्यटन राज्य कहलाए जाने के बावजूद राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन का महज 6.6 फीसदी योगदान है। देखा गया है कि प्रदेश में आने वाले लगभग 85 प्रतिशत पर्यटक 2 या 3 दिन से अधिक स्टे नहीं करते। गर्मियों में राजस्थान, मुंबई, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक व पंजाब से ही अधिक सैलानी हिमाचल आते हैं।**

# प्राकृतिक सौंदर्य से सराबोर हिमाचल आखिर क्यों नहीं लुभा पा रहा पर्यटक?


### हवाई और रेल सेवाओं में विस्तार की जरूरत

**प्रदेश** में पर्याप्त रूप से हवाई सेवाएं, रेल सेवाओं का विस्तार न होने के कारण भी पर्यटन को झटका लग रहा है। कश्मीर और उत्तराखंड के मुकाबले हिमाचल के लिए फ्लाइट्स नाममात्र हैं, जिसके कारण किराया बहुत अधिक है। शिमला और कांगड़ा को छोड़कर पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क नहीं हैं। हालात ये हैं कि प्रदेश सरकार के पर्यटन विकास निगम के नामी होटलों में ऑक्यूपेंसी निरंतर गिर रही है। पर्यटन विकास निगम अपने होटलों की हालत सुधारने में कामयाब नहीं हो पा रहा है। हिमाचल का ख्याल आते ही पहाड़, नदियां, झरने, घाटियां, हरियाली, सेब के बागीचे और मंदिरों-शक्ति पीठों की तस्वीर में मस्तिष्क में उभर आती है। सत्तर लाख से अधिक की जनसंख्या वाले शांतिप्रिय छोटे राज्य हिमाचल में कई पौराणिक स्थान, ऐतिहासिक इमारतें व मंदिर हैं।

### पर्यटन विकास के लिए सरकार की योजनाएं

**पर्यटन** को लेकर प्रदेश सरकार की बात करें तो कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाने का ऐलान किया है। कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण योजना पर कार्य हो रहा है। सरकार ने प्रदेश में 9 हेलिपोर्ट बनाने की योजना बनाई है साथ ही स्वदेश दर्शन-2 के तहत पर्यटन विकास के लिए मास्टर प्लान बनाया है। सरकार ने होम स्टे इकाइयों में ठहरने वाले सैलानियों को बेहतर सुविधाएं मिले इसके लिए इन्हें पर्यटन विकास एक्ट के दायरे में लाने की बात कही है। कांगड़ा जिले के बनखंडी में चिड़ियाघर योजना पर कार्य चला हुआ है। हाल ही में सरकार ने प्रदेश के उन क्षेत्रों को जहां पर्यटन की संभावनाएं हैं उन्हे पर्यटन के रुप में विकसित करने की बात कही है।

**प्रस्तुतिः संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



### पर्यटन योजनाओं को धरातल पर लाने की जरूरतः बांवा



होटल एंड रेस्टोरेंट एशोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांवा का कहना है कि सरकार को अपनी योजनाओं पर तेजी से कार्य करने की जरूरत है। कोरोना के बाद से प्रदेश में पर्यटन की कमर टूटी है। बहुत सी योजनाएं हैं, जिन पर अभी तक कार्य भी शुरू नहीं हो पाया है। ऐसी कोई योजना अभी तक धरातल पर खड़ी नहीं हो पाई है, जिससे पर्यटकों का रुख हिमाचल की ओर हो सके। होटल कारोबारियों को लगातार घाटे का सामना करना पड़ गया है।

> **"साहसिक खेल और पर्यटन के क्षेत्र में ऊना जिला मुख्य केंद्र बनने जा रहा है। इसके लिए जलक्रीड़ा के क्षेत्र में सरकार सुविधाएं जुटाने में लगी है। हाल ही में यहां कई प्रतियोगिताएं हुई हैं और पर्यटन भी बढ़ा है। आने वाले समय में यहां कई देवभूमि हिमाचल की मनोरम वादियां और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत सदैव पर्यटकों को आकर्षित करती रही हैं। साथ ही अब प्रदेश सरकार के प्रयासों से साहसिक खेलों और पर्यटन के क्षेत्र में भी यहां संभावनाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। बिलासपुर में गोबिंद सागर में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को नया आयाम देने के साथ ही अब इसी क्रम में सरकार के लक्षित प्रयासों से ऊना जिले का अंदरोली क्षेत्र एडवेंचर स्पोर्ट्स और पर्यटन गतिविधियों के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है।**

# ऊना का अंदरोली साहसिक खेल व पर्यटन का नया केंद्र

### इन प्रोजेक्ट्स से पर्यटन को लगेंगें पंख

**गोबिंद** सागर झील से सटे इस क्षेत्र में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए एशियन विकास बैंक की सहायता से 10 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है, जिससे यह क्षेत्र एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। वहीं इस क्षेत्र में गोबिंद सागर पर अनुमानित लगभग 871 करोड़ की लागत से मंदली-लठियाणी पुल व सड़क निर्माण भी यहां पर्यटन विकास को नया आयाम देने में सहायक होगा। इस दिशा में निर्णायक कदम उठाए गए हैं और पहले चरण के लिए करीब 400 करोड़ की परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है।

### प्राकृतिक सौंदर्य और रोमांच का संगम

चारों ओर पहाड़ों से घिरी गोविंद सागर झील की सुंदरता और रोमांचकारी गतिविधियों का संगम अंदरोली के आकर्षण को चार चांद लगाता है। इस क्षेत्र को एडवेंचर टूरिज्म हब बनाने के उद्देश्य से यहां बोटिंग, कयाकिंग, जेट स्की और हाउस बोट जैसी रोमांचक गतिविधियों को प्रारंभ किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने इन गतिविधियों के संचालन के लिए मेफील्ड एडवेंचर्स को टेंडर प्रदान किया है, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को रोमांचक अनुभव मिलेगा। जल क्रीड़ाओं की बढ़ती लोकप्रियता न केवल पर्यटन को नया आयाम देगी बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और व्यावसायिक अवसर भी सृजित करेगी। पिछले वर्ष जनवरी माह में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित एडवेंचर स्पोर्ट्स मीट ने इस क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाई। इस आयोजन में देशभर से आए खिलाड़ियों और पर्यटकों ने पैरा मोटरिंग, पैरा सेलिंग, हॉट एयर बैलून, एटीवी राइड, जिप लाइन, कमांडो नेट, जॉर्बिंग, मिकी माउस, गन शूटिंग और मोटर बोट जैसी गतिविधियों में भाग लिया था।

### पर्यटन विकास से मिलेगा स्वरोजगार

**उपायुक्त** जतिन लाल ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार अंदरोली को साहसिक पर्यटन और वाटर स्पोर्ट्स का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विस्तार करने के साथ-साथ यहां मनोरंजन और खेल गतिविधियों के नियमित आयोजन के प्रयास किए जाएंगे, ताकि यह क्षेत्र पर्यटन मानचित्र पर और अधिक मजबूती से उभर सके।

**प्रस्तुति : राजेश शर्मा, ऊना**



# छठे नवरात्र पर कांगड़ा के तीनों शक्तिपीठों में नहीं दिखी श्रद्धालुओं की भीड़

## मंदिरों में कुछ एक श्रद्धालु ही माता के दर्शनों के लिए पहुंचे

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



जिले के तीनों शक्तिपीठों बज्रेश्वरी देवी कांगड़ा, चामुंडा देवी व ज्वालामुखी देवी मंदिर में छठे नवरात्र पर काफी कम संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या कम होने के कारण सनाटा सा दिखा। वीरवार को गर्मी अधिक होने के कारण भी बाजारों में सनाटा पसरा रहा। मंदिरों में कुछ एक श्रद्धालु ही माता के दर्शनों को आते देखे गए।

चैत्र नवरात्र के छठे दिन माता कात्यायनी के दर्शन के लिए कम संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालु माता के कात्यायनी स्वरूप की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। हालांकि, इस दौरान मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से नारियल चढ़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है, जो हर साल नवरात्र के दौरान लागू किया जाता है। चैत्र नवरात्र के चलते मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिर के मुख्य द्वार पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा नारियल एकत्र कर लिया जाता है और किसी को भी मंदिर के अंदर नारियल ले जाने की अनुमति नहीं दी जाती। माता के दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को निकासी द्वार के बाहर नारियल प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। यह व्यवस्था न केवल सुरक्षा को सुनिश्चित करती है, बल्कि मंदिर में दर्शन की प्रक्रिया को भी सुचारु बनाए रखती है।

कांगड़ा मंदिर के पुजारी राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि नवरात्र के दौरान हर साल नारियल और कड़ा प्रसाद चढ़ाने पर रोक लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय कानून-व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं को निर्बाध रूप से दर्शन का लाभ प्रदान करने के लिए लिया जाता है। यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है और इसका कड़ाई से पालन किया जाता है।

वहीं, एक श्रद्धालु ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी नवरात्र के दौरान नारियल गेट पर ही जमा कर लिए गए। मंदिर प्रशासन इस नियम का सख्ती से पालन करता है, और हमें दर्शन के बाद प्रसाद मिल जाता है। यह व्यवस्था हमारे लिए भी सुविधाजनक है और इससे मंदिर में भीड़ प्रबंधन में भी मदद मिलती है। (अनंत ज्ञान)

## सुविधाओं पर दिया जा रहा विशेष ध्यान : एसडीएम



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में मां दुर्गा के छठे रूप माता कात्यायनी के नवरात्र के अवसर पर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल माता का आशीर्वाद लेने मंदिर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने सर्वप्रथम माता बज्रेश्वरी का आशीर्वाद लिया और उसके उपरांत उन्होंने महाशतचंडी यज्ञ में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उनके साथ मंदिर अधिकारी नीलम राणा, कनिष्ठ अभियंता विजय कुमार और ट्रस्ट सदस्य उमाकांत मौजूद रहे। इसके उपरांत उन्होंने मंदिर की परिक्रमा की। एसडीएम कांगड़ा ने मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मंदिर परिसर की निरंतर सफाई की जा रही है। सुरक्षा में पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से कार्य कर रहा है।

## 14000 श्रद्धालुओं ने किए मां ज्वाला जी की दिव्य ज्योतियों के दर्शन

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां ज्वालादेवी मंदिर में चैत्र माह के प्रथम नवरात्र से लेकर पांचवें नवरात्र तक कुल 86,95,033 रुपए का चढ़ावा श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा पांचवें नवरात्र पर 7,49,100 रुपए का चढ़ावा चढ़ाया गया है। छठे नवरात्र पर लगभग 14000 श्रद्धालुओं ने मां ज्वालाजी की दिव्य ज्योतियों के दर्शन किए। मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा ने बताया कि श्रद्धालु शांतिपूर्ण तरीके से लाइनों में लगकर कर मां ज्वालादेवी जी की दिव्य ज्योतियों के दर्शन कर रहे हैं। मंदिर न्यास द्वारा नवरात्रों में मंदिर परिसर की साफ सफाई के लिए अतिरिक्त कर्मी रखे गए हैं। यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रद्धालु से साफ सफाई का विशेष आग्रह किया जा रहा है जिसका श्रद्धालु आस्था के साथ पालन कर रहे हैं। देव नगरी मां ज्वालाजी देवी शहर मां भजनों और जयकारों से गुंज रहा है। मंदिर न्यास द्वारा निशुल्क लंगर, निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है। श्रद्धालु दंडवत होकर महामाई की दुर्गा स्वरूपा ज्योतियों के लिए दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर प्रबंध किए गए हैं । मां ज्वालादेवी जी की दिव्य ज्योतियां मां दुर्गा का साक्षात स्वरूप है। नवरात्र में देश-विदेश से श्रद्धालु मां ज्वालादेवी जी के दर्शनों को पहुंच रहे हैं।

### अब तक चढ़ा 86 लाख 95 हजार रुपए का चढ़ावा

## न्यूज ब्रीफ

### पालतू कुत्ते ने बुजुर्ग को काटा, थाने में मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पुलिस चौकी डाडासीबा के अंतर्गत गांव सियूल के 64 वर्षीय प्रवीण शर्मा पर पड़ोसी के कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए 15 किलोमीटर दूर सिविल हॉस्पिटल डाडासीबा में जाना पड़ा। पीड़ित व्यक्ति प्रवीण शर्मा पुत्र रोशन लाल ने पुलिस चौकी आकर एक शिकायत पत्र पुलिस को दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफआईआर संख्या 0051 भारतीय न्याय संहिता की धारा 291 के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मौका पर जाकर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए है। मीडिया से बात करते हुए प्रवीण शर्मा ने बताया कि उनके पड़ोसी के कुत्ते ने दांई टांग पर काट खाया, जिससे जख्म बन गया। यह वाकया घर के नजदीक हुआ। उन्होंने बताया कि वे वरिष्ट नगरिक हैं और उनकी आयु लगभग 64 साल है पड़ोसी का कुत्ता अक्सर खुला रहता है, जिसका हमेशा भय बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इसकी छानबीन कर उचित कार्रवाई की जाए।

### मट्टी गांव के पास रात को दिखे तीन संदिग्ध

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में गत दिवस हुए आतंकी हमले के बाद पंजाब-जम्मू-कश्मीर सीमा पर स्थित गांव कीरन गांधीयाल में 7 संदिग्ध लोगों के देखे जाने के बाद पुलिस ने पूरे जिले में तलाशी अभियान चलाया था और उसके बाद अब सूचना मिली है कि गत बीती रात जिला पठानकोट अधीन नीम पर्वतीय ब्लॉक धारकलां के गांव मट्टी में 3 संदिग्ध लोग देखे गए। सूत्रों के अनुसार वे जम्मू-कश्मीर की सीमा से रावी नदी पार करके पंजाब में प्रवेश कर गये थे। स्थानीय लोगों द्वारा रात को ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस को क्षेत्र में संदिग्ध दिखने की सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने देर रात ही क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया, ताकि जिले में कोई अप्रिय घटना न घट सके। जब इस संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शाम को वे रावी नदी में नहाने गए थे, तभी कठुआ से 3 लोग रावी नदी पार कर पंजाब पहुंच गए। जब उनसे पूछा कि उन्होंने किसके घर जाना है तो उन्होंने कहा कि उनकी गाड़ी वहीं खड़ी है और वे जालंधर जाना चाहते हैं। उन्होंने गांव के सरपंच को पूरी घटना की जानकारी दी, जिन्होंने इस संबंध में पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस लगातार तलाशी अभियान चला रही है।

### मटौर स्कूल ने चलाया जागरूकता अभियान

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ पाठशाला मटौर में शिक्षा से संबंधित एक जागरूकता अभियान चलाया गया। जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य संदीप शर्मा का बताया कि स्कूल में नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक बच्चों में दाखिला व किताबें मुफ्त में उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल में नर्सरी से लेकर जमा दो तक की दाखिले किए जा रहे हैं। जिन बच्चों के अभिभावक बच्चों को स्कूल में दाखिला करवाना चाहते हैं, वे करवा सकते हैं। बच्चों को उच्च शिक्षा स्कूल द्वारा देने के प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने बताया की स्कूल में बच्चों को सभी उचित सुविधाएं देने के उनके प्रयास जारी रहेंगे। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा के उचित प्रयासों की क्षेत्र में भी काफी प्रशंसा की जा रही है। (अनंत ज्ञान)




### रामबाग कुलजा देवी मंदिर में भंडारा 6 को

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा शहर के बाईपास स्थित रामबाग कुलजा देवी मंदिर में 6 अप्रैल को वार्षिक भंडारा और परिवार मिलन समारोह होगा। यह आयोजन रामनवमी पर्व पर किया जाएगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रवेश परवान काकू ने बताया कि सुबह 11 बजे से 1 बजे तक मंदिर में भजन-कीर्तन होंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे से भंडारा शुरू होगा। उन्होंने रामबाग कुलजा देवी के भक्तों से परिवार सहित मंदिर पहुंचने की अपील की है।

### कांगड़ा एयरपोर्ट को नंबर 1 आने पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा एयरपोर्ट को 61 एयरपोर्ट्स के कंपीडिशन होने पर पहले स्थान पर रहा, जिस पर कांगड़ा के जिलाधीश हेमराज बैरवा ने एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह और उसके स्टाफ को नंबर वन आने पर बधाई दी है।

# कजलोट को बनाएंगे ईको टूरिज्म प्लेस : पठानिया

## बोले- प्लान किया जा रहा तैयार, स्थानीय लोगों के लिए पैदा होंगे स्वरोजगार के अवसर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि कजलोट पंचायत को ईको टूरिज्म की दृष्टि से विकसित करने के लिए कारगर प्लान तैयार किया जा रहा है, ताकि स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के साधन उपलब्ध हो सकें। वीरवार को उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने काला पुल तथा गलू में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत कहा कि कजलोट पंचायत नगर निगम धर्मशाला क्षेत्र की सीमा पर स्थित है तथा यहां पर पर्यटन को लेकर असीम संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा कि कालापुल में ट्री हाउस को खुलवाने के लिए भी उचित कदम उठाए जाएंगे, ताकि पर्यटक इसका भरपूर लाभ उठा सकें। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि पूर्व की कजलोट तथा इसके आसपास के क्षेत्रों के विकास में पूर्व की कांग्रेस सरकारों का अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क, स्वास्थ्य तथा शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में कांग्रेस सरकारों के समय ही प्रयास हुए हैं। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया जाएगा तथा ग्रामीणों की डिमांड के अनुरूप विकास की योजनाएं तैयार की जाएंगी, ताकि ग्रामीण स्तर पर बेहतर सुविधाएं मिलें। इस अवसर पर उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कजलोट के ग्रामीणों की पेयजल समस्या को एक सप्ताह के भीतर दूर किया जाए इसके साथ ही महिला मंडल भवन के लिए भूमि चयन प्रक्रिया की औपचारिकताएं तीन दिन के भीतर पूरी करने के निर्देश उपमंडल प्रशासन को दिए गए हैं इसके साथ ही विद्युत की समस्या का निराकरण करने के लिए भी कहा गया है। उन्होंने कहा कि इसी माह के अंत में महिला मंडल भवन का शिलान्यास किया जाएगा तथा पेयजल समस्या के निराकरण की फीडबैक भी ली जाएगी। इस अवसर पर नगर निगम धर्मशाला के आयुक्त जफर इकबाल, वन अरण्यपाल वासु कौशल, मुख्य अभियंता जलशक्ति दीपक गर्ग, एसडीएम संजीव भोट, डीएफओ दिनेश शर्मा, अधिशासी अभियंता जलशक्ति शाहपुर अमित डोगरा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अंकज सूद, बीडीओ रैत अनिल, आरओ सुमित शर्मा, कांग्रेस नेता विजय कर्ण, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत राणा, प्रदीप बलौरिया, लालमन, उपमुख्य सचेतक के सलाहकार विनय, वार्ड पंच शैली, रछपाल पठानिया, अशोक पठानिया, सुरेश शर्मा उपस्थित रहे।

### कजलोट में महिला मंडल भवन शीघ्र होगा निर्मित

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** गत देर रात एक बाइक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान आकाश चौधरी (24) पुत्र विचित्र सिंह निवासी डुग्गी तहसील जवाली के तौर पर हुई है। मृतक अपने मामा के घर हरिपुर में रहता था। वह बाइक पर देहरा से हरिपुर की ओर आ रहा था तो करीब रात पौने 12 बजे देहरा हरिपुर सड़क मार्ग पर हरिपुर के विद्युत कार्यालय के समीप वह अपनी बाइक से गिर गया, जिसके कारण उसके नाक व कान से खून बहना शुरू हो गया। नगरोटा सूरियां की ओर से आ रहे एक वाहन में सवार कुछ लोगों ने युवक को घायल अवस्था में देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने युवक को उठाकर सीएचसी हरिपुर उपचार के लिए लेकर आई, लेकिन युवक की स्थिति ठीक न होने के कारण उसे टांडा रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## तीन टिप्पर मालिकों को 60 हजार जुर्माना और एक जेसीबी जब्त

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस प्रशासन की अवैध खनन माफिया के खिलाफ चलाई विशेष मुहिम के तहत गत रात चक्की दरिया में अवैध खनन करते हुए तीन टिप्परों व एक जेसीबी को पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। एसपी अशोक रत्न ने बताया कि गांव खन्नी के निकट चक्की में अवैध रूप खनन करने की सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा मौके पर रेड की गई। इस अचानक छापेमारी के कारण अवैध खनन करने वालों को वहन भगाने का मौका नहीं मिला। इस दौरान अवैध खनन करते 3 टिप्पर तथा एक जेसीबी मशीन को पुलिस ने काबू कर लिया। तीनों टिप्परों को 20-20 हजार जुर्माना लगाया गया, जबकि जेसीबी को कब्जे में ले लिया गया है।

## बीपीएल सूची में विधवा, तलाकशुदा दिव्यांग को दी जाएगी प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

बीपीएल कार्ड धारकों को लेकर सरकार द्वारा बड़ा निर्णय लिया गया है। सरकार द्वारा लिए नवीनतम फैसले के अनुसार अब पात्र लाभार्थी ही बीपीएल कार्ड का लाभ उठा सकते हैं तथा अपात्र लोगों को इस सूची से बाहर निकलना होगा। जानकारी देते हुए नूरपुर विकास खंड अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार अप्रैल में बीपीएल परिवारों की नई सूची तैयार की जाएगी।

उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल तक पंचायत स्तर पर पात्र परिवारों की सूची तैयार की जाएगी तथा सर्व प्रथम एसडीएम की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय कमेटी गठित की जाएगी, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्थानीय पटवारी, पंचायत सचिव को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल तक आवेदन एकत्रित किए जाएंगे। उसके बाद जुलाई में होने वाली ग्रामसभा में इन लाभार्थी परिवारों की सूची लोगों के बीच रखी जाएगी, जहां लोग आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। बताया कि यदि पंचायत स्तरीय कमेटी पर ग्रामसभा में सहमति नहीं बनती है तो फिर खंड स्तरीय कमेटी जांच पड़ताल कर फाइनल सूची तैयार करेगी। उन्होंने बताया कि इस सूची में विधवाओं, तलाकशुदा या शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## क्रशर संचालक से नकदी छीनकर चार लुटेरे फरार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के गांव बनी लोधी में एक क्रशर संचालक से 4 लुटेरों ने गाड़ी और नकदी छीन ली है। थाना सुजानपुर के प्रभारी मोहित टॉक के मुताबिक शिकायतकर्ता क्रशर संचालक ने बताया कि गत रात अपनी कार में घर लौट रहा था और जैसे ही वे गांव बनी लोधी के पास पहुंचा तो एक स्विफ्ट कार में 4 लुटेरों ने उसकी गाड़ी के समक्ष अपनी गाड़ी रोक दी और उसकी गाड़ी और नकदी छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने क्रशर संचालक के बयानों पर मुकदमा दर्ज करके चारों लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है और क्रशर संचालक की गाड़ी भी बरामद कर ली है।

## जीवन को तनावमुक्त रखने के लिए खेलें जरूरी : बाली



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

आधुनिक समय की भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच तनाव मुक्ति के लिए खेल और योग जैसी क्रियाओं को दिनचर्या में शामिल करना अत्यंत लाभदायक है यह शब्द पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने हिमाचल प्रदेश मेडिकल एसोसिएशन द्वारा नगर परिषद मैदान कांगड़ा में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से की जा रही 3 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि कहे। इस मौके पर मेडिकल संगठन के महासचिव डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा विशेष अतिथि रहे। बाली ने कहा कि डॉक्टर पूरे विश्व में एक अलग पहचान रखते हैं उनका कार्य समाज के प्रति अतुलनीय है। लोगों के जीवन को बचाना उनका मुख्य लक्ष्य होता है। लोगों के जीवन को बचाने के लिए डॉक्टर किसी भी समय कार्यरत रहते हैं। आप का दर्जा समाज में बड़ा है। निरंतर आप सभी लोगों की सेवा में लगे रहते हैं। इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण हिमाचल प्रदेश मेडिकल संगठन ने इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करवा कर किया है इसके लिए उन्होंने संगठन को बधाई दी। प्रतियोगिता का फाइनल कांगड़ा और बिलासपुर की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें बिलासपुर की टीम विजेता रही। बिलासपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 202 रन बनाए और कांगड़ा की टीम 135 रन पर ऑल आउट हो गई। मुख्यातिथि ने विजेता और उपविजेता टीमों को इनाम बांटे।

## विमल नेगी को कैंडल मार्च निकाल दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** एचपीपीसीएल के मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत की सीबीआई जांच की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने वीरवर शाम विधानसभा फतेहपुर के रेहन बजार में कैंडल मार्च निकाला व दिवंगत विमल नेगी की फोटो के आगे पुष्पार्जित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व वन मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक राकेश पठानिया के नेतृत्व में निकाले गए मार्च में जिला अध्यक्ष राकेश काका, जवाली भाजपा के पुर्व प्रत्याशी संजय गुलेरिया, इंदौरा विधानसभा की भाजपा नेत्री एवं पुर्व प्रत्याशी रीता धीमान सहित भाजपा के संगनाठत्मक जिला नूरपुर की चारों विधानसभा क्षेत्रों के नेता और पार्टी कार्यकर्ता व आम जनता शामिल हुए और विमल नेगी की मौत की सीबीआई जांच की मांग की।

## शवीना ने रोइंग में जीता स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** 25 वर्षीय शवीना ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 में रोइंग स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता है। शवीना पत्नी मीरहमजा रजोल जिला कांगड़ा की निवासी हैं। उन्होंने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में एलपीयू के लिए गोल्ड मेडल जीतकर अपनी काबिलियत साबित की है। इससे पहले शवीना ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2023 में ब्रॉन्ज मेडल और नेशनल चैंपियनशिप-2019 में भी ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इसके अलावा, उन्होंने स्टेट चैंपियनशिप में अब तक 5 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल अपने नाम किए हैं। उन्होंने स्टेट चैंपियनशिप में अब तक 5 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल अपने नाम किए हैं।

## विमल नेगी की मौत की हो सीबीआई जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विमल नेगी की रहस्यमयी मृत्यु पर धर्मशाला में लोगों द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व कांगड़ा विधानसभा के विधायक पवन काजल, पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी, पूर्व विधायक अरुण कुमार मेहरा कूका सहित कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा नेता पवन काजल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस कैंडल मार्च के जरिए भगवान से प्रार्थना की है कि विमल नेगी जी की आत्मा को शांति मिले और साथ में इस रहस्यमई मौत सही से जांच हो इसके लिए सरकार से सीबीआई जांच की भी मांग करती है। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने बड़े स्तर के ऑफिसर पर बड़े अधिकारियों द्वारा इतना प्रेशर बनाया हुआ था कि उन्हें इस प्रेशर से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं मिला और आखिर में उन्होंने मौत को गले लगा लिया।

## शिक्षा में सुधार करने को कदम उठा रही सरकार : चंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान, जवाली**

कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को स्थानीय विश्राम गृह में उपमंडल स्तरीय दो महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया। पहली बैठक सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता और नामांकन बढ़ाने को लेकर उपमंडल के सभी सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों और मुख्याध्यापकों के साथ हुई, जबकि दूसरी बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। कृषि मंत्री ने सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों और मुख्याध्यापकों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा क्षेत्र में अनेक सुधारात्मक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है और इसे सशक्त बनाने में स्कूलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे सरकार के प्रयासों में सहयोग दें और सरकारी स्कूलों से विद्यार्थियों के निजी स्कूलों में बढ़ते पलायन को रोकने तथा नामांकन बढ़ाने के लिए अपने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों तथा अभिभावकों को प्रेरित करें। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि कई स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या लगातार घट रही है, जिससे वे बंद होने के कगार पर हैं।

उन्होंने प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए कि वे अपने स्कूलों का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करें और अपने क्लस्टर से जुड़े स्कूलों का नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने शिक्षकों को अपनी शिक्षण पद्धति में रचनात्मक बदलाव करने, नवीनतम तकनीकों को अपनाने और अपने ज्ञान को निरंतर अद्यतन करने पर बल दिया।

**पोषण** | 8 से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ा, तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में एडीसी बोले-

# बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कुपोषण को करना होगा खत्म

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जब किसी चीज की नींव मजबूत होती है तो आगे के विकास की चिंता करने की अधिक आवश्यकता नहीं होती। पोषण के मामले में भी यदि गर्भधारण के बाद से पहले एक हजार दिन बच्चे की खुराक और आहार पर विशेष ध्यान दिया जाए तो बढ़ती उम्र में उसके विकास में कोई बड़ी रुकावट नहीं आती। 8 अप्रैल से शुरू हो रहे पोषण पखवाड़े की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि हमारा फोकस इस बात पर ज्यादा होना चाहिए कि गर्भधारण के बाद से पहले हजार दिनों तक गर्भ धारण करने वाली महिला और शिशु का आहार पोषण के भरपूर हो। यदि हम पहले हजार दिन में पोषण को लेकर सजग रहे तो आगे की यात्रा आसान हो जाएगी। एडीसी विनय कुमार ने कहा कि समाज और देश के बेहतर भविष्य के लिए हम सबको कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए काम करना होगा। उन्होंने जहां सभी विभागों को इसके लिए साथ मिलकर काम करने के निर्देश दिए, वहीं इसको लेकर आम समाज के बीच जागरूकता फैलाना पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से इस दौरान पूरे 15 दिनों तक पोषण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस दौरान छह वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं तथा किशोर लड़कियों में कुपोषण और एनीमिया से निपटने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए। 22 अप्रैल तक आयोजित किए जा रहे पोषण पखवाड़े में होने वाली गतिविधियों की जानकारी लेते हुए उन्होंने इसके व्यापक प्रचार प्रसार करने को भी कहा ताकि सभी लोग पोषण पखवाड़े में भाग ले सकें।

## स्कूलों में हो बच्चों की ग्रोथ मापने की व्यवस्था

**एडीसी** ने स्कूलों में किसी सुरक्षित स्थान पर पेंटिंग या अन्य किसी माध्यम से बच्चों की ग्रोथ मापने के लिए व्यवस्था निर्माण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में हर 15 दिन में विभिन्न मापदंडों से बच्चों की ग्रोथ को मापा जाए। इससे जहां हमें बच्चों के शारीरिक विकास बारे अवगत हो सकेंगे, वहीं अपनी ग्रोथ को लेकर बच्चों में भी सजगता आएगी, जिससे वे इस ओर अधिक ध्यान देंगे। इसके अलावा उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका विकसित करने के लिए कृषि विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग को साथ काम करने के निर्देश दिए।

## पोषण को लेकर अभिभावक अपना व्यवहार बदलें

**पोषण** को लेकर अभिभावकों को अपने व्यवहार में बदलाव लाने की जरूरत पर एडीसी ने बल दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में अभिभावक बच्चों पर खर्च तो पहले से अधिक कर रहे हैं लेकिन पोषण कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि लाड-प्यार के चलते आज हम बच्चों की जिद्द पर उन्हें बाजार में उपलब्ध ऐसी चीजें लेकर दे रहे हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि कुपोषण केवल शारीरिक ही नहीं अपितु हर प्रकार के विकास पर प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की कुछ भी खाने की जिद्द को मानकर हम उनकी जान के साथ ही खिलवाड़ कर रहे हैं, इसलिए पोषण को लेकर बचपन से ही व्यवहार बदलने की जरूरत है।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुराग संसद में झूठ बोलकर देश को कर रहे गुमराह : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने वक़्फ़ बिल पर लोकसभा में चर्चा के दौरान सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं पर बक्फ की जमीन हड़पने के आरोप को पूरी तरह निराधार व तथ्यों से परे बताया है। प्रतिभा सिंह ने सांसद अनुराग ठाकुर की आलोचना करते हुए कहा है कि वह झूठ बोल कर संसद व देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि भाजपा देश को गुमराह नही कर सकती। बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के लिये भाजपा कांग्रेस नेताओं पर झूठे आरोप लगा रही है। उन्होंने अनुराग ठाकुर से कांग्रेस नेताओं पर लगाये झूठे आरोपों के लिये माफी मांगने को कहा है। इस बीच कल 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे कांग्रेस जिला शिमला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन भी करेगी। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के सभी नेता व पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### वक्फ संशोधन बिल से अब आएगी पारदर्शिता : सिकंदर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा है कि वक्फ संशोधन अधिनियम व मुस्लमान वक्फ रिपील बिल 2025 जो पिछले कल लोकसभा में पारित हुआ था। आज राज्यसभा में भी पारित होगा। उन्होनें कहा कि इस बिल से वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता आएगी और गरीब मुस्लिम समुदाय, मुस्लिम महिलाओं व पिछड़े मुस्लिम समाज को इसमें हिस्सेदारी व न्याय मिलेगा। डॉ. सिकंदर ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल से धारा 40 के हटने के बाद अब वक्फ अपनी जानकारी के आधार पर किसी भी संपत्ति को वक्फ की घोषित नहीं कर सकता। इस बिल के माध्यम से केंद्र सरकार अब यह सुनिश्चित करेगी कि वक्फ संपत्तियों का लेखा-जोखा कैग के माध्यम से होगा और संपतियों का सुनियोजित प्रबंधन इस समाज के हित में होगा। उन्होंने कहा कि वक्फ बिल में शिया और सुन्नी मुस्लमानों के अलावा 2 गैर मुस्लिम सदस्य भी होंगे और मुस्लिम समाज में पिछड़े वर्ग को भी इस बिल के माध्यम से वक्फ बोर्ड में प्रतिनिधित्व मिलेगा।

### विश्वविद्यालय शिक्षक कल्याण संघ का धरना आज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश विश्वविद्यालय शिक्षक कल्याण संघ (हपुटवा) द्वारा 4 अप्रैल शुक्रवार को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक धरना आयोजित किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष डॉ. नितिन व्यास ने बताया कि शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर यह धरना आयोजित किया जा रहा है। प्रमुख मांगों में अधिनियम 2010 एवं 2018 के तहत कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत प्रमोशन, सातवें वेतन आयोग (2016) के तहत वेतन वृद्धि की बकाया राशि व 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते के शीघ्र भुगतान, प्राध्यापकों के लिए नए आवास निर्माण तथा डीन रिसर्च के पद को शीघ्र भरने की मांग शामिल हैं। संघ ने विशेष रूप से यह मांग रखी है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 2018 नियमों के तहत कैस के साक्षात्कार जल्द से जल्द आयोजित किए जाएं। डॉ. नितिन व्यास ने शिक्षकों और विश्वविद्यालय से जुड़े लोगों से भी इस धरने में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### रोहित ठाकुर आज पहुंचेंगे खड़ापत्थर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 04 व 05 अप्रैल, 2025 को जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने यहां पर देते हुए बताया कि शिक्षा मंत्री 04 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे ग्राम पंचायत पराली के खड़ापत्थर में जल शक्ति डिवीजन जुब्बल के इंस्पेक्शन हट का भूमि पूजन करेंगे। वह राजकीय प्राथमिक पाठशाला खड़ापत्थर के भवन का उद्घाटन करेंगे तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे। दोपहर 12:30 बजे विधायक मंढोल से हरिजन बस्ती मंढोल-नगरकोटी मंदिर शेलापानी एवं जोहटा तक संपर्क सड़क का भूमि पूजन करेंगे तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे। शिक्षा मंत्री दोपहर 3.30 बजे में जुब्बल में प्रस्तावित भवन स्थल का दौरा करेंगे। शिक्षा मंत्री 5 अप्रैल को घुंगलीधार (जुब्बल) में 22 केवी नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन करेंगे। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह, जुब्बल में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लेंगे।


#### जलोड़ी-जोत टनल का एलाइनमेंट कार्य पूरा, 4.156 किलोमीटर होगी लंबाई, विक्रमादित्य बोले-

# विकास कार्यों के लिए 267 करोड़ स्वीकृत

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के राष्ट्रीय मार्गों सहित विभिन्न परियोजनाओं के लिए 267 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूंजी परिव्यय के तहत केंद्र सरकार से विभिन्न परियोजनाओं के लिए 1400 करोड़ रुपए की मांग रखी गई थी, जिसमें से प्रथम चरण में भारत सरकार द्वारा 267 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि वह स्वयं कई बार परियोजनाओं को स्वीकृत करने में तेजी लाने और धनराशि स्वीकृत करने से संबंधित मुद्दों को केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष उठा चुके हैं। प्रथम चरण में 267 करोड़ रुपए जारी करने के लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री का आभार प्रकट किया है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि स्वीकृत सड़क परियोजनाओं में जिला चंबा व ऊना में तीन-तीन पुलों का निर्माण शामिल है। (अनंत ज्ञान)



**सड़क परियोजनाओं में चंबा व ऊना में तीन-तीन पुलों का निर्माण शामिल**

### जलोड़ी-जोत टनल का एलाइनमेंट कार्य हुआ पूरा

**विक्रमादित्य** सिंह ने कहा कि जलोड़ी-जोत टनल का एलाइनमेंट कार्य पूरा किया जा चुका है और अब इसकी 1452 करोड़ रुपए की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाई जा रही है। यह टनल 4.156 किलोमीटर लम्बी होगी और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को इस वित्तीय वर्ष में पूरा कर दिया जाएगा।

### निगुलसरी-नाथपा सड़क को 40.85 करोड़ स्वीकृत

**वहीं** 54.37 करोड़ रुपए निगुलसरी-नाथपा सड़क पर लैंडस्लाइड मिटीगेशन के लिए और 40.85 करोड़ रुपए कटोरी बांगड़ा-बनीखेत-चंबा-भरमौर सड़क के केरू पुल के समीप लैंडस्लाइड मिटीगेशन के लिए स्वीकृत किए गए हैं। कटोरी बांगड़ा-बनीखेत-चम्बा-भरमौर भट्टी नाला पुल के समीप सड़क को टू-लेन बनाने सहित भूमि अधिग्रहण के लिए 48 करोड़ रुपए, जिला ऊना में बरना और बोरे वाली खड्ड पर 2 पुलों के निर्माण सहित अन्य कार्यों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए 24.27 करोड़ रुपए और स्वां नदी पर पुल निर्माण के लिए 36.93 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

### कालका-शिमला-वांगतू सड़क के रखरखाव को केंद्र से मिली मदद, संवेदनशील स्थानों पर होगी मरम्मत



**इसके** अतिरिक्त, ठियोग बाईपास से होकर गुजरने वाली कालका-शिमला-वांगतू सड़क के रखरखाव, सैंज-लूहरी-औट सड़क सहित संवेदनशील स्थानों पर मुरम्मत कार्यों, ढली-ठियोग-नारकंडा-रामपुर सड़क के सुदृढ़ीकरण, विभिन्न सड़कों की मैटलिंग एवं टारिंग और कलवर्ट बनाने आदि कार्यों के लिए भी केंद्र द्वारा यह धनराशि स्वीकृत की गई है।

# रिज मैदान पर मनाया जाएगा हिमाचल दिवस समारोह



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल दिवस का जिला स्तरीय समारोह 15 अप्रैल, 2025 को ऐतिहासिक रिज मैदान पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने गुरुवार को यहां पर समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

कार्यक्रम में आकर्षक परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शिमला पुलिस, यातायात पुलिस, होमगार्ड, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड, एसडीआरएफ, भारतीय पुलिस रिजर्व वाहिनी के अतिरिक्त आपदा मित्र भी शामिल रहेंगे, जिनका पूर्वाभ्यास 11 अप्रैल, 2025 से आरंभ होगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, उपमंडल दंडाधिकारी (शिमला ग्रामीण) कविता ठाकुर, भानु गुप्ता सहित अधिकारी मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रहेगी भरमार

**समारोह** में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं अपनी रंगारंग प्रस्तुति देंगी। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि समारोह के सभी निमंत्रण पत्र समय रहते भिजवा दिए जाएं।

### साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की हिदायत

**अनुपम** कश्यप ने समारोह स्थल पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, सभी के बैठने की उचित व्यवस्था करने तथा बेहतर सजावट सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी तैयारियां तय समय सीमा तक पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

# बागवान महंगे दामों पर बाजार से दवाइयां खरीदने को मजबूर : बरागटा

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल का सेब उत्पादक सरकार की कुंभकरणी नींद से परेशान है। विभाग के पीपी सेंटर बगैर दवाइयों के सूने पड़े हैं और बागवान महंगे दामों पर बाजार से दवाइयां खरीदने को विवश है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कांग्रेस सरकार पर ये आरोप लगाते हुए कहा कि चुनावों के दौरान और सत्ता में आने के बाद कांग्रेस नेताओं ने वादा किया था कि सेब बागवानों को कीटनाशक और फफूंदनाशक दवाइयों की पर्याप्त आपूर्ति की जाएगी, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बागवानी विभाग के सभी पीपी सेंटर खाली पड़े हैं, जिस कारण बागवान महंगे दामों पर बाजार से दवाइयां खरीदने को मजबूर हैं।

बरागटा ने कहा कि हालात यह हैं कि दो साल से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन सरकार ने सेब उत्पादकों के लिए कुछ नहीं किया। बल्कि इससे आगे बढ़कर बागवानों की समस्याएं जस की तस है, उनकी समस्याओं पर जरा भी गौर नहीं किया जा रहा है। इसके उलट, शिक्षा मंत्री अपने क्षेत्र में घूम-घूमकर बीजेपी सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों का श्रेय लेने में व्यस्त हैं।

### संजौली से नाबालिग लड़की लापता, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** संजौली से 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर ढली थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संजौली निवासी जगदेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सबसे छोटी बहन जो 14 वर्ष की है, करीब एक महीने पहले गांव डुमरा, जिला समस्तीपुर, बिहार से शिमला आई थी।

शिकायतकर्ता के अनुसार 1 अप्रैल 2025 को दोपहर करीब 12:45 बजे उसकी बहन यह कहकर घर से निकली कि वह अपने दोस्तों के साथ ढिंगू माता मंदिर जा रही है लेकिन उसके बाद वह घर नहीं लौटी। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मटर के दाम में उछाल आने से किसानों के चेहरे पर लौटी रौनक

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

जुन्गा तहसील के सिरमौर की सीमा के साथ क्षेत्रों से पहाड़ी मटर प्रदेश की विभिन्न मंडियों में पहुंचना आरंभ हो गया है और किसानों को मटर के अच्छे दाम मिल रहे हैं। किसानों के अनुसार बीते दिनों की अपेक्षा मटर के दाम में उछाल आया है और सोलन व ढली सब्जी मंडी में मटर का दाम बुधवार को मटर का रेट औसतन 40 से 45 रुपए प्रति किलोग्राम रहा है ।

बता दें कि इस बार सर्दियों में कम बारिश होने के चलते मटर की फसल काफी प्रभावित हुई है। जुन्गा क्षेत्र की अधिकांश पंचायतों से मटर प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी सोलन में भेजा जाता है। क्षेत्र में इन दिनों मटर का सीजन पीक



पर है प्रगतिशील किसान दयाराम वर्मा और प्रीतम ठाकुर ने बताया कि सर्दियों में इस वर्ष कम बारिश होने से मटर की फसल की पैदावार औसतन हुई है।

विनोद आढ़ती का कहना है कि बुधवार को मटर के दाम उछाल आया है । शिमला व सिरमौर क्षेत्र का मटर 45 से 50 रुपए प्रति किलोग्राम बिका । ट्रांस्पोर्टर प्रदीप ब्रागटा ने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष मटर की फसल कुछ कम हुई है परंतु किसानों को दाम अच्छे मिल रहे हैं।

### चिट्टे सहित राहगीर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला पुलिस ने गश्त के दौरान थाना सदर क्षेत्र में एक राहगीर से 6.850 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। घटना बुधवार देर रात स्नो व्यू के पास मैकेनिक शॉप के समीप की है। पुलिस टीम जब गश्त पर थी तभी एक युवक ताराहॉल से लक्कड़ बाजार की ओर आता दिखाई दिया। पुलिस को उसकी हरकतें संदिग्ध लगीं और तुरंत उसे हिरासत में ले लिया गया। युवक की पहचान शुभम धनी पुत्र राम धनी निवासी गांव दावी, तहसील कोटखाई के रूप में हुई। पुलिस ने उक्त युवक से 6.850 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को काबू कर लिया।

### मिनर्वा के पूर्व छात्र अमित सेंट्रल बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** मिनर्वा वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के छात्र अमित शर्मा सेंट्रल बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर पद पर चयन हुए हैं। अमित शर्मा के पिता तिलक राज



शर्मा लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं, जबकि माता आशा शर्मा दैनिक समाचार पत्र में कार्यरत हैं। अमित शर्मा ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया है। अमित शर्मा की शिक्षा घुमारवीं के मिनर्वा स्कूल से हुई है, जबकि बीटैक की पढ़ाई हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला से की है। खास बात यह है कि अमित शर्मा ने यह सफलता पहली बार की परीक्षा में हासिल कर ली है। घुमारवीं के अमित शर्मा ने इस परीक्षा के तीन चरणों को सफलतापूर्वक पार करते हुए बैंक में पीओ के पद पर चयनित हुए हैं। इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। यह सफलता बताती है कि धैर्य और दृढ़ संकल्प से लगातार मेहनत की जाए तो एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। आज के युवा पीढ़ी को जरूर इससे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# बिलासपुर अस्पताल देगा डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं

## अस्पताल प्रशासन 10 दिन के भीतर लॉन्च करेगा मोबाइल ऐप, मरीजों को मिलेंगे कई फायदे

**शुभम राही, बिलासपुर**

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर अपने मरीजों की सुविधा के लिए डिजिटल युग की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने जा रहा है। अस्पताल प्रशासन जल्द ही एक अत्याधुनिक मोबाइल ऐप लॉन्च करने की तैयारी में है, जिससे मरीज घर बैठे ही अपनी पर्ची बना सकेंगे और चिकित्सकों से अपॉइंटमेंट ले सकेंगे।

**घर बैठे बना पाएंगे पर्ची अपॉइंटमेंट की मिलेगी सुविधा**

इस नई तकनीकी सुविधा के आने से मरीजों को अस्पताल में लंबी कतारों में लगने की परेशानी से राहत मिलेगी और उनकी मूल्यवान समय की बचत होगी।

इस डिजिटल सेवा के तहत मरीजों को मोबाइल ऐप के माध्यम से डॉक्टर की उपलब्धता देखने और अपॉइंटमेंट बुक करने की सुविधा मिलेगी। पहले जहां मरीजों को अस्पताल में पर्ची बनवाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता था, वहीं अब यह पूरा काम कुछ ही मिनटों में ऑनलाइन हो सकेगा। यह ऐप न केवल



मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है, बल्कि अस्पताल की व्यवस्थाओं को भी अधिक सुचारु बनाने में मदद करेगा। विभागीय जानकारी के अनुसार अस्पताल प्रशासन इस ऐप को अगले 10 दिनों के भीतर लॉन्च करने की योजना बना रहा है। इसके साथ ही, मरीजों और अस्पताल के कर्मचारियों को इस ऐप के सही उपयोग की जानकारी देने के लिए विशेष ट्रेनिंग सेशन भी आयोजित किए जाएंगे। इन ट्रेनिंग सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा

**अनंत ज्ञान खास खबर**

यह सिखाया जाएगा कि ऐप के माध्यम से कैसे अपनी पर्ची बनाई जाए, अपॉइंटमेंट बुक किया जाए और अन्य डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाया जाए। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, इस ऐप का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुविधाजनक और तेज बनाना है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने पुष्टि की है कि यह पहल न केवल मरीजों के लिए लाभकारी होगी, बल्कि अस्पताल की कार्यप्रणाली को भी अधिक प्रभावी बनाएगी। (अनंत ज्ञान)

### ऐप लॉन्च होने से मरीजों को मिलेंगे ये लाभ

**लंबी कतारों से मुक्ति:** अब मरीजों को घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

**अपॉइंटमेंट बुकिंग की सुविधा:** घर बैठे ही डॉक्टर से मिलने का समय तय किया जा सकेगा।

मरीजों का अनावश्यक समय अस्पताल में नहीं लगेगा।

अस्पताल में अनावश्यक भीड़ कम होगी, जिससे व्यवस्थाएं बेहतर होंगी।

अब हर मरीज के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाना और अधिक सुगम होगा।



"10 दिन के भीतर अस्पताल प्रशासन एक ऐप लॉन्च करने जा रहा है। इस ऐप के माध्यम से मरीजों को घर बैठे पर्ची बनाने की सुविधा मिलेगी। इसके लिए जल्द ही एक ट्रेनिंग सेशन भी शुरू होने जा रहा हैं। मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए अस्पताल प्रशासन कार्यरत हैं।

**-डॉ. एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, बिलासपुर**

### झंडूता बार एसोसिएशन के सदस्य दीना नाथ के परिवार की तीन पीढ़ियां कर रहीं वकालत

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता बार एसोसिएशन के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता दीना नाथ शर्मा का परिवार कानूनी क्षेत्र में एक मिसाल बन चुका है। 84 वर्षीय दीना नाथ शर्मा



तीन पीढ़ियों के साथ मिलकर न्याय की सेवा कर रहे हैं। उनके परिवार के कुल पांच सदस्य वकालत के पेशे में सक्रिय हैं। दीना नाथ शर्मा के बेटे, बेटी, बहू और पोता सभी झंडूता बार एसोसिएशन के सदस्य हैं और कानून की सेवा कर रहे हैं। झंडूता बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सर्वजीत सिंह ने इसे एक अद्भुत और दुर्लभ घटना बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि किसी परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ न्यायालय में वकालत कर रही हों। वरिष्ठ अधिवक्ता दीना नाथ शर्मा ने बताया कि उन्होंने 38 साल तक शिक्षक के रूप में कार्य किया और वर्ष 2000 में हाई स्कूल समीरपुर से सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद उन्होंने वकालत का रास्ता अपनाया और अब उन्हें इस पेशे में 25 साल पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने बच्चों को सरकारी नौकरी के बजाय वकालत के लिए प्रेरित किया। उनकी प्रेरणा से उनके बेटे, बेटी, बहू और पोता भी इस पेशे में आए। दीना नाथ शर्मा ज्यादा घुमारवीं और हमीरपुर में प्रैक्टिस करते हैं। उनका परिवार पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ न्याय दिलाने के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य सच्चाई को सामने लाना और ईमानदारी से वकालत करना है।

### नयना देवी मंदिर में 20 हजार श्रद्धालु नतमस्तक

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी ।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी मंदिर में पांचवें नवरात्रे पर करीब 20 हजार श्रद्धालु दर्शन करन के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। नवरात्रों के चलते मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए देर रात दो बजे खोल दिए। सुबह की आरती के बाद श्रद्धालुओं को दर्शनों के लिए भेजा जाने लगा। पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और अन्य प्रदेशों से भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की, वहीं मंदिर के प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां डाल कर अपने घर परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। जिला प्रशासन और मंदिर न्यास ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। श्रद्धालुओं को लाइनों में ही माता जी के दर्शनों के लिए भेजा जा रहा है। नवरात्रों में सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मंदिर के अंदर और बाहर की हर गतिविधि पर ध्यान रखा जा रहा है। सामाजिक संस्थाओं की ओर से जलपान और लंगर की व्यवस्था भी की गई है।

**रिव्यू** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की विकास कार्यों की समीक्षा, कहा-

# किसानों को जैविक खेती करने के लिए करें प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नगर नियोजन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने वीरवार को बचत भवन में जिला में विभिन्न विभागों के माध्यम से चल रहे विभिन्न विकास कार्य की समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और समयबद्ध रूप से कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों से जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देने और गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसानों को सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता की जानकारी



उपलब्ध करवाई जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किस क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है और कहां पर इसमें सुधार की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, जिला में क्लाइमेट जोन के आधार पर फसलों की पैदावार के लिए अनुसंधान कर उसके अनुसार फोकस किया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु विभिन्न शिविरों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए गए।

कृषि विभाग को यह भी कहा गया कि किसानों को जैविक खेती से होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाए। उन्होंने राजस्व विभाग को निर्देश दिए गए कि जिला में भूमिहीन लोगों के लिए भूमि चयनित की जाए और आगामी बैठक में इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि जरूरतमंदों को भूमि उपलब्ध करवाई जा सके। पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि जिले में सिंथेटिक ड्रग्स के खतरे पर विशेष ध्यान दिया जाए। पंचायत स्तर पर ड्रग्स की स्थिति की मैपिंग की जाए और आवश्यक कदम उठाए जाएं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ड्रग्स के मामलों से सख्ती से निपटा जाए और लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में चल रहे महत्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों को दी जाए। कॉलेज के प्रिंसिपल को निर्देश दिए गए कि विद्यार्थियों को इन परियोजनाओं का एक्सपोजर विजिट करवाया जाए, जिससे उनका व्यावहारिक ज्ञान बढ़े और वे भविष्य में बेहतर योगदान दे सकें। बैठक में उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, एसडीएम अभिषेक गर्ग, गौरव चौधरी व विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी कल करेंगे राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले का आगाज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले का शुभारंभ 5 अप्रैल को घुमारवीं विधानसभा के तीन स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मेले की शुरुआत घुमारवीं के प्रसिद्ध शिव मंदिर से शोभायात्रा के साथ होगी, इस दौरान स्थानीय लोग शोभायात्रा में शामिल होकर अपनी संस्कृति की झलक प्रस्तुत करेंगे। मेला ग्राउंड में पहुंचने के पश्चात पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार बैलों का पूजन किया जाएगा और ध्वजारोहण समारोह संपन्न होगा। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी, जिसमें स्थानीय और बाहरी कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। एसडीएम गौरव चौधरी ने बताया कि 4 अप्रैल को पशु मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पशुओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य किसानों और पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन तकनीकों की जानकारी देना तथा बेहतरीन नस्लों के पशुओं को प्रोत्साहित करना है। 6 अप्रैल से लेकर 9 अप्रैल तक प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। 6 अप्रैल को इंडियन आइडल फेम कुमार साहिल, राखी गौतम, प्रिंस कपिल और ग्रूव अकादमी प्रस्तुति देंगे। इस दिन की सांस्कृतिक संध्या विशेष रूप से नशामुक्ति थीम पर आधारित होगी। 7 अप्रैल को काकू राम ठाकुर, नाटी किंग सुरेश शर्मा, ममता भारद्वाज, सुनील चौहान और राज जैरी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। 8 अप्रैल को एसी भारद्वाज, गौरव कौंडल, हिमाचली जोड़ी और श्रुति शर्मा अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जबकि 9 अप्रैल को इंडियन आइडल फेम अंकुश भारद्वाज और गीता भारद्वाज, धीरज शर्मा और रामेश्वर शर्मा अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

### शिवा टैक्सी ऑपरेटर यूनियन ने लगाया भंडारा




**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शिवा टैक्सी ऑपरेटर यूनियन घुमारवीं द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रों के शुभ अवसर पर वीरवार को हलवा और चने का प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन में यूनियन के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। यूनियन के प्रधान सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रों का यह पावन पर्व श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। हर वर्ष यूनियन द्वारा इस अवसर पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें लोगों को नवरात्रों की शुभकामनाएं दी जाती हैं और भक्ति-भाव से प्रसाद वितरित किया जाता है। प्रसाद वितरण से पहले यूनियन के सदस्यों ने मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की और माता रानी का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात शहर भर में प्रसाद वितरण अभियान चलाया गया।जिसमें आने-जाने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को रोककर श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में यूनियन के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुरेश शर्मा ने बताया कि यूनियन का उद्देश्य सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाना है। उन्होंने सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया ।जिनकी सहायता से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### 5 से 7 अप्रैल तक लगेंगे जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला श्रम कल्याण अधिकारी श्वेता कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की अध्यक्षता में जिला में 5 से 7 अप्रैल तक जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 5 अप्रैल को प्रातः 11 बजे वन विश्रामगृह साहू में जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 6 अप्रैल को दोपहर 2 बजे चौगान मैदान चुवाड़ी और 7 अप्रैल को प्रातः 11 बजे ईको टूरिज्म पार्क होली में जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा।

### कुलदीप पठानिया के प्रवास कार्यक्रम में बदलाव

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के जारी प्रवास कार्यक्रम में आंशिक बदलाव किया गया है। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा अध्यक्ष के पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 6 अप्रैल को दोपहर ग्राम पंचायत परछोड़ के नड्डल गांव में उठाऊ सिंचाई योजना का लोकार्पण करने के पश्चात चौगान मैदान चुवाड़ी में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की ओर से आयोजित किए जाने वाले जागरूकता शिविर में भी शामिल होंगे।

### भाजपा मंडल रोहडू की मासिक बैठक संपन्न

**दशमी रावत, रोहडू।** भाजपा मंडल रोहडू की मासिक बैठक वीरवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह रोहडू में आयोजित हुई, जिसमें भाजपा नेत्री शशि बाला विशेष रूप से मौजूद रही। बैठक में भाजपा मंडल रोहडू के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय मेहता व मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त भारी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ता शामिल रहे। बैठक में शशि बाला एवं मंडलाध्यक्ष विजय मेहता ने 1977 में जनता पार्टी के पहले अध्यक्ष रहे। महेंद्र मेहता व उनके साथ आए हुए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। इस दौरान उन्हें माला व टोपी पहनाकर सम्मानित भी किया गया। शशिबाला ने विपरीत परिस्थितियों में रोहडू में संगठन को खड़ा करने के लिए महेंद्र मेहता द्वारा किए गए कार्यों से कार्यकर्ताओं को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र रोहडू में विपरीत परिस्थितियों में चंद लोगों जिसमें स्व. प्रताप सिंह मुखिया, महेंद्र मेहता, जितेंद्र सूद, स्व. बली राम दत्ता, स्व. राजकुमार मल्होत्रा, स्व. बहादुर सिंह नेगी, खुशी राम बालनाहटा, प्रकाश बादल जैसे संगठन के शिल्पीयों के त्याग व तप से ही आज भाजपा का ये संगठन रोहडू विधानसभा में खड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि ऐसे ही समर्पित कार्यकर्ताओं के तप व त्याग से सम्पूर्ण भारत में भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतान्त्रिक पार्टी बन कर उभरी है। उन्होंने बताया कि पूर्व के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा किए कार्यों को याद करते हुए ही आगे बढ़ना चाहिए। बैठक में भाजपा मंडल रोहडू ने यह निर्णय लिया है कि 2 तारीख की मासिक बैठक में पार्टी एक वरिष्ठ कार्यकर्ता को सम्मानित करेगी। वहीं उन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों से पार्टी कार्यकर्ताओं को अवगत करवाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस को भी पार्टी कार्यालय में धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं 7, 8 व 9 अप्रैल को रोहडू विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन करने व 14 अप्रैल को डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के कार्यक्रम को पार्टी के दिशानिर्देशों के अनुरूप मनाने का निर्णय लिया गया।

### हिमाचल में सरकारी भर्तियों के लिए निदेशालय का गठन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि राज्य सरकार ने शिमला में भर्ती निदेशालय हिमाचल प्रदेश की स्थापना की अधिसूचना जारी की है। यह निदेशालय एक नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा और यह कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आईटी) तथा अन्य ग्रुप-सी पदों की सीधी भर्ती की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कार्य करेगा। इस निदेशालय की स्थापना का उद्देश्य प्रदेश में युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि भर्ती निदेशालय, कार्मिक विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में स्वतंत्र रूप से कार्य करेगा और इसका संचालन हिमाचल प्रदेश सचिवालय, परिसर में किया जाएगा।

### कुलदीप पठानिया ने ढलोग व बगढार पंचायत में किया सड़क निर्माण कार्यों का भूमि पूजन, बोले-

# धारद व गगड़ुना गांवों के लिए 1.33 करोड़ से बनेगी सड़क

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज ग्राम पंचायत ढलोग तथा बगढार में दो संपर्क सड़कों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ढलोग व बगढार में आयोजित जनसभाओं में संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ग्राम पंचायत ढलोग के गांव धारद तथा ग्राम पंचायत बगढार के गांव गगडुना के लिए बनने वाली इन संपर्क सड़कों पर 1 करोड़ 33 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। धारद गांव के लिए बनने वाली सड़क पर 87 लाख रुपए तथा गगडुना गांव के लिए बनने वाली सड़क पर 46 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य की कठिन वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश वासियों को प्राथमिकता के आधार पर सड़क स्वास्थ्य व शिक्षा से संबंधित सभी



### जल्द ही 125 गांवों को मिलेगी सड़क सुविधा

मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने बताया कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में गत दो वर्षों के दौरान लगभग 40 सड़कों का कार्य शुरू किया जा चुका है जिनमें से करीब 22 ग्रामीण सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस क्षेत्र के शेष लगभग 125 गांवों को भी संपर्क सड़क सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी।

### लोगों की सुनी समस्याएं

**कुलदीप** पठानिया ने ग्राम पंचायत बगढार के प्रधान वासुदेव तथा ढलोग की पंचायत प्रधान सुदेश कुमारी द्वारा अपनी पंचायतों से संबंधित रखी गई मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों की जनसमस्याएं भी सुनी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उन्हें हल करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व बीडीसी अध्यक्ष सुरेश शर्मा, एडवोकेट रोशन लाल, पूर्व प्रधान जैसी राम तथा आशीष ने अपने विचार व्यक्त किए।

### लोनिवि करेगा ग्रामीण सड़कों का निर्माण

**पठानिया** ने कहा कि भटियात विधानसभा में सभी ग्रामीण सड़कों का निर्माण लोनिवि के माध्यम से करवाया जा रहा है ताकि सड़क निर्माण से संबंधित आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के अलावा भविष्य में इन सड़कों के उन्नयन में किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

उन्होंने जानकारी दी की ग्राम पंचायत बगढार, नगाली, धलोग, मोरनू, सुदली, नैनी खड्ड, बैहली तथा बलेरा इत्यादि पंचायतों के लिए 62 करोड़ रुपए की लागत से बन रही उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं तथा मई 2025 में इसका लोकार्पण कर दिया जाएगा। इस दौरान प्रदेश सरकार द्वारा 345 करोड़ 14 लाख की लागत से 6 सड़क व पुल परियोजनाओं का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अलावा नाबार्ड के अंतर्गत 498 करोड़ 62 लाख रुपए की लागत की 50 सड़कों व पुलों का निर्माण किया जाएगा।

# नेशनल हाईवे पर आधा दर्जन दुकानें और गाड़ी जलकर राख



आग लगने के बाद जलकर राख हुई गाड़ी।

**ओपी शर्मा, भरमौर**

बुधवार रात करीब 11 बजे पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर लूना पुल के पास भीषण आग लगने से छह दुकानें और एक पिकअप गाड़ी जलकर राख हो गई।

आग लगने के बाद सिलेंडरों में धमाके होने से आग तेजी से फैली, जिसमें एक ढाबा, चाइनीज फास्ट फूड स्टॉल, मोटर मैकेनिक की दुकान, टायर मैन की दुकान और एक होटल जलकर खाक हो गए।

स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की तीव्रता अधिक होने के कारण फायर ब्रिगेड खड़ामुख को सूचना दी गई। दमकल विभाग और ग्रामीणों की पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिससे पूरी मार्केट जलने से बच गई। आग से साथ लगते जंगल में भी भयंकर आग लग गई, जिससे गांवों को खतरा पैदा हो गया, लेकिन समय रहते उसे भी बुझा दिया गया।

इस हादसे में करीब 10-15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया। हालांकि, अतिक्रमण के कारण प्रभावित दुकानदारों को सरकार से आर्थिक मदद नहीं मिल पाएगी।(अनंत ज्ञान)

# दो दिन से पंकज का अनशन जारी, नहीं हुई कोई कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पंकज पलभर का कहना है कि आज उनके अनशन का दूसरा दिन है, लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक इस मुद्दे पर कोई निर्णायक कदम नहीं उठाया जाता, तब तक वे इसी तरह अनशन पर बैठे रहेंगे।

पंकज पलभर के अनुसार, ग्राम पंचायत बलेरा के प्रधान चमन लाल ने एक व्यक्ति को दो जगह नौकरी पर दिखाया, जिसमें वह एक ओर डलहौजी नागरिक अस्पताल में कार्यरत था, वहीं दूसरी ओर उसे मनरेगा के तहत दिहाड़ी पर भी दिखाया गया।

पंचायत प्रधान द्वारा अपने भतीजे को लगातार वेंडर बनाकर



फर्जी बिलों के माध्यम से वित्तीय अनियमितताओं को अंजाम दिया गया, लगभग 1 करोड़ रुपए के कथित घोटाले के बावजूद प्रशासन ने अब तक सिर्फ 64 लाख रुपए तक की जांच की है और प्रधान को न तो सस्पेंड किया गया है और न ही कोई कड़ी कार्रवाई की गई है।

पंकज पलभर का कहना है कि उन्होंने यह मामला बीडीओ भटियात के सामने करीब एक साल पहले उठाया था, लेकिन जांच की रफ्तार इतनी धीमी कर दी गई कि अब तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला। प्रशासन की इस मौन स्वीकृति ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

### न्याय मिलने तक जारी रहेगा अनशन : पंकज

**अनंत** ज्ञान से बात करते हुए पंकज पलभर ने कहा, यह लड़ाई सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की है। जब तक इस घोटाले में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक मैं अपने अनशन से पीछे नहीं हटूंगा।

### कल होगी हिम आंचल पेंशनर्स संघ की बैठक

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ बनीखेत कि बैठक हर माह कि तरह इस माह भी 5 अप्रैल सुबह 11 बजे लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह बनीखेत में आयोजित कि गई है।

हिम आंचल पेंशनर्स बनीखेत ब्लॉक द्वारा संघ के चुनाव करवाने पर चर्चा होगी। इसके अलावा पेंशनर्स कि होने वाली विकट समस्याओं के बारे में भी चर्चा कि जाएगी इसके अलावा विभिन्न विषयों पर वार्तालाप किया जाएगा। शिव कुमार कौरा अध्यक्ष चंबा हिम आंचल पेंशनर्स नें बताया कि शनिवार को होने वाली पेंशनर्स बैठक कि अध्यक्षता एमएल अरोड़ा के नेतृत्व में कि जाएगी। उन्होंने उपस्थिति दर्ज करवाने का आग्रह किया।

### लघु शिवरात्रि मेला



जोगिंद्रनगर । राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर में श्रद्धालु श्री बड़ा देव हुरंग नारायण, देव श्री पेखरा गहरी, देव श्री दरूण गहरी, देव श्री त्रैलू गहरी जी का आशीर्वाद लेते हुए।

# चंबा को नई रोशनी देगी डुनाली-बरेही-कौरी सुरंग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश के वीरता पुरस्कार विजेता और समाजसेवी नवनीत चौफला ने चंबा जिले में डुनाली-बरेही-करैरी सुरंग के महत्व को लेकर प्रशासन से शीघ्र कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने इस सुरंग के निर्माण को क्षेत्र के विकास, पर्यटन को बढ़ावा देने और बेरोजगारी कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया है।



### नवनीत चौफला ने सरकार से शीघ्र निर्माण की मांग

नवनीत चौफला ने हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने इस सुरंग की आवश्यकता को विस्तार से समझाया। इस ज्ञापन की एक प्रति मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को भी भेजी गई है, ताकि इस विषय को प्राथमिकता से उठाया जाए।

नवनीत चौफला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 15 अप्रैल 2025 को हिमाचल दिवस के अवसर पर जब मुख्यमंत्री पांगी दौरे पर आएंगे, तब इस सुरंग के निर्माण को लेकर कोई ठोस घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुरंग केवल चंबा को बेहतर कनेक्टिविटी ही नहीं देगी, बल्कि प्रदेश के आर्थिक और पर्यटन विकास के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगी।

### पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

**चौफला** ने बताया कि यह सुरंग बनती है, तो इससे शिमला और पंजाब की दूरी घटेगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। पर्यटकों के लिए यह एक आकर्षक मार्ग साबित होगा, जिससे होटल व्यवसाय, हस्तशिल्प उद्योग और परिवहन सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा।

### चंबा के अंधेरे को दूर करेगी यह सुरंग

**नवनीत** चौफला ने कहा, डुनाली-बरेही-करैरी सुरंग चंबा के अंधेरे को दूर करने में अहम भूमिका निभाएगी। चंबा जिले को मुख्यधारा से जोड़ने का सपना साकार होगा। यह केवल एक सुरंग नहीं, बल्कि चंबा के विकास की नई शुरुआत होगी।

# प्रदेश सरकार की अनदेखी के कारण सेब उत्पादक परेशान

**अनंत ज्ञान, रोहडू**

प्रदेश के सेब उत्पादकों को सरकार की अनदेखी के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चुनाव के दौरान कांग्रेस नेताओं ने वादा किया था कि उद्यान केंद्रों से अनुदान पर सेब बागवानों को कीटनाशक और फफूंदनाशक दवाइयों की पर्याप्त आपूर्ति की जाएगी, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बागवानी विभाग के सभी पीपी सेंटर खाली पड़े हुए हैं।

जिस कारण बागवान महंगे दामों पर बाजार से निजी दुकानों से दवाइयाँ खरीदने को मजबूर हैं। यह बात भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कही। बरागटा ने कहा कि कांग्रेस को सत्ता में आए ढाई साल का समय हो गया है, लेकिन सरकार ने आज तक सेब उत्पादकों के लिए कुछ भी नहीं किया है।

वहीं सेब बाहुल्य क्षेत्र जुब्बल कोटखाई से विधायक शिक्षा मंत्री अपने क्षेत्र में घूम-घूमकर केंद्र सरकार की योजनाओं का श्रेय लेने में व्यस्त हैं। उन्होंने सत्ता में रहते हुए आज तक बागवानों की आवाज को नहीं उठाया।

बरागटा ने मांग उठाई कि सरकार इस गंभीर समस्या पर ध्यान दे। उद्यान केंद्रों पर समय पर पर्याप्त मात्रा में कीटनाशक दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित करे। अगर उद्यान केंद्रों पर बागवानों को पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाइयां नहीं मिली तो विरोध प्रदर्शन करना पड़ेगा।

# विमल नेगी की आत्महत्या पर बीजेपी का कैंडल मार्च

**आरके सहगल, चंबा**

मुख्य अभियंता विमल नेगी की आत्महत्या के मामले में अब न्याय की मांग जोर पकड़ रही है। आज भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकालकर सीबीआई जांच की मांग की। यह कैंडल मार्च चंबा के इरावती होटल से शुरू होकर शहर के विभिन्न हिस्सों से गुजरा, जिसमें लोगों ने भाग लिया।

बीजेपी के चंबा जिला अध्यक्ष धीरज नारयाल, भरमौर विधायक डॉ. जनकराज, चुराह विधायक डॉ. हंसराज, डलहौजी विधायक डीएस ठाकुर, पूर्व सदर विधायक पवन नैय्यर, भटियात के पूर्व विधायक बिक्रम सिंह जरयाल, जिला मीडिया प्रभारी शिशु गुप्ता, एडवोकेट जय



सिंह सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

इस दौरान बीजेपी नेताओं ने कहा कि मुख्य अभियंता विमल नेगी की आत्महत्या का मामला बेहद गंभीर है और इसमें निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। विमल नेगी के परिवार ने भी इस मामले में न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि जब तक सीबीआई जांच नहीं होती, तब तक इस घटना की सच्चाई सामने नहीं आ पाएगी। परिवार ने प्रशासन और सरकार से अपील की है कि इस मामले में निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि सच्चाई उजागर हो और दोषियों को सजा मिले।

बीजेपी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द सीबीआई जांच की सिफारिश नहीं की गई, तो पार्टी बड़े स्तर पर प्रदर्शन करेगी। बीजेपी नेताओं का संदेश स्पष्ट था कि वे इस संघर्ष में पूरी तरह विमल नेगी के परिवार के साथ खड़े हैं और तब तक संघर्ष जारी रहेगा जब तक न्याय नहीं मिल जाता। (अनंत ज्ञान)

### सूडोकु नवताल- 7390 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7389 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

4 अप्रैल, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : चैत्र, **तिथि** सप्तमी (08:15): **नक्षत्र** आर्द्रा (05:21), **पक्ष:** शुक्ल, **योग** : शोभन (09:44) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:59-12:49), **राहुकाल** (10:50-12:24)।

**विशेष दिन**

- 04 अप्रैल 2025 : रावत जयंती आज।
- 05 अप्रैल 2025 : अशोकाष्टमी कल।

**मेष:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**वृषभ:** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मिथुन:** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कर्क:** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, उद्विग्नता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला:** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक:** पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**धनु:** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

# हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी पहुंचे विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सुंदरनगर उपमंडल के तहत आने वाली जिला मंडी की राजकीय उच्च पाठशाला नालन के 37 विद्यार्थी तीन शिक्षकों के साथ गुरुवार को मंडी कुल्लू मार्ग पर मंडी से चार किलोमीटर दूर बिंदरावणी स्थित हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी पहुंचे तथा उन्होंने हिमाचल के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इन विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश को हर पहलू से कुछ ही पलों में एक ही छत के नीचे देखा और उपयोगी जानकारी हासिल की।



गैलरी में अटेंडेंट आरती चौधरी ने विद्यार्थियों को बताया कि यह गैलरी आने वाले 24 अप्रैल को अपनी स्थापना के 28 साल पूरे करके 29वें वर्ष में प्रवेश कर रही है।

बीरबल ने मंडी जिला प्रशासन व भाषा एवं संस्कृति विभाग से आग्रह किया है कि इस दुर्लभ गैलरी, इसके म्युजिम, बरसेलों व अन्य प्राचीन इतिहास को दर्शाने वाली वस्तुओं को उचित स्थान पर संग्रहित करने के लिए ले लिया जाए।

### सुविधा | महापौर ने किया इनडोर नेगीवेशन मैप का शुभारंभ

# लोगों को खरीददारी करना होगा सरल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा द्वारा इंडोर नेगीवेशन मैप का शुभारंभ इंदिरा मार्केट के प्रवेश द्वारा पर किया गया। महापौर ने बताया कि इस मैप में नवीनतम तकनीकों का उपयोग किया गया है, जो उपयोगकर्ताओं को इंदिरा मार्केट में मौजूद विभिन्न दुकानों, सेवाओं और सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करता है।




इसके माध्यम से न केवल स्थानीय लोग बल्कि पर्यटक भी इस क्षेत्र में आसानी से नेविगेट कर सकते हैं और अपनी आवश्यकताओं के अनुसार दुकानों और सेवाओं तक पहुंच सकते हैं। इस वैब एप की सहायता से इंदिरा मार्केट में आने वाले लोगों को उनके अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक नई सुविधा जोड़ी है, जिससे उनका शॉपिंग अनुभव और भी सरल और व्यवस्थित हो जाएगा।

महापौर ने बताया कि इनडोर नेगीवेशन मैप के माध्यम से आमजन नगर निगम कार्यालय की जानकारी भी प्राप्त कर सकते है। जिससे उन्हें कार्यालय में इधर उधर न भटकना पड़े। निगम क्षेत्राधिकार में ओला ओबर की सुविधा भी इसी तर्ज पर आरंभ की जाएगी।

# भटियात के साहिल शर्मा बने परिवीक्षाधीन अधिकारी

**बबलू, भटियात**

मेहनत और आत्मविश्वास से हर मंजिल हासिल की जा सकती है, इसका उदाहरण बने भटियात विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 7, छरमरी के साहिल शर्मा, जिन्होंने बिना किसी कोचिंग के परिवीक्षाधीन अधिकारी की परीक्षा पास कर शानदार सफलता हासिल की। अब एक माह के प्रशिक्षण के बाद वे बैंक ऑफ बड़ौदा में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालेंगे।



साहिल ने कांगड़ा के कंप्यूटरीकृत पुस्तकालय में छह माह की सेल्फ स्टडी के जरिए परीक्षा की तैयारी की और पहले ही प्रयास में यह प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। साहिल की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा है।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र. ।**

1 श्री जनक राज पुत्र प्रकाश चंद वासी महाल मिंझग्रा ग्राम पंचायत मिंझग्रा तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ....वादी

**वनाम आम जनता** ... प्रतिवादी

ईश्तहार अखवार वावत आवेदन जन्म तिथी पंजीकरण दरुस्ती ग्राम पंचायत मिंझग्रा तहसील नूरपुर जिला काँगड़ा

ईश्तेहार अखवार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री जनक राज पुत्र प्रकाश चंद वासी महाल मिंझग्रा तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसकी जन्म तिथी 05-10-1959 ग्राम पंचायत मिझंग्रा के रिकार्ड में अज्ञानतावश दर्ज न हो सकी है। अतः मेरी जन्म तिथी को ग्राम पंचायत मिंझग्रा में दर्ज करने के आदेश पारित किये जावे ।

अतः हर आम व खास, जो प्रार्थी के आवेदन पर अपना कोई एतराज पेश करना चाहता हो, तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 17-04-2025 को पेश कर सकता हैं। एतराज पेश न होने की सूरत में आदेश जन्म तिथी पंजीकरण जारी कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 03-04-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी**
**नूरपुर जिला काँगड़ा**

**कार्यालय एवं न्यायालय ग्राम पंचायत उपरीधार**
**डा. वसीना विकास खंड चौंतड़ा त. लड़-भड़ोल जिला मंडी हि.प्र.**

**निविदाएं आमंत्रित करने बारे**

यह कि ग्राम पंचायत में नए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सभी प्रकार के निर्माण कार्यों के लिए सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक सप्लायर दिनांक 06-04-2025 तक निविदाएं डाक द्वारा व स्वयं भी पहुंचा सकते हैं। प्रत्येक सप्लायर द्वारा 500 रुपए प्रति कोटेशन जमा करना होगी। कोटेशन

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत उपरीधार**

**जीवन** की चुनौतियों से बचने की बजाए, उनका निडर होकर सामना करने की हिम्मत मिले, इसकी प्रार्थना करनी चाहिए। –रवींद्रनाथ टैगोर

## संपादकीय

## कर्ज पर कर्ज

यह बेहद चिंता का विषय है कि हिमाचल प्रदेश पर 900 करोड़ रुपए के लोन का और बोझ चढ़ गया है। सुक्खू सरकार पिछले 28 माह में करीब 32,000 करोड़ रुपए का लोन ले चुकी है। ऐसे में इतनी भारी भरकम लोन राशि का भुगतान सरकार आखिर करेगी कैसे? सरकार को लोन चुकता करने के लिए दस साल का वक्त मिला है, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण सरकार के लिए यह लोन निर्धारित अवधि में भी चुकता करना कठिन हो सकता है। हिमाचल जैसे छोटे राज्य के लिए लगातार कर्ज लेना एक जटिल समस्या बन गया है, क्योंकि सरकार के पास लोन चुकाने के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। अगर यही परिस्थिति बनी रही तो निश्चित रूप से इससे वित्तीय संकट और गहरा सकता है। राज्य सरकार ने दावा किया है कि वह इस कर्ज का उपयोग प्रदेश के विकास कार्यों में करेगी, लेकिन जब तक कर्ज चुकाने की कोई ठोस रणनीति नहीं होगी, यह कर्ज भविष्य में सरकार के लिए और भी अधिक बोझ बन सकता है। कर्ज का एक बड़ा हिस्सा सरकारी कर्मचारियों की पेंशन, ब्याज और अन्य खर्चों में चला जाता है यानी हिमाचल सरकार के कुल बजट का 45 प्रतिशत हिस्सा तो सरकारी कर्मचारियों की पेंशन और वेतन देने में ही खर्च हो जाता है।

15 प्रतिशत हिस्सा लोन चुकता करने में चला जाता है। शैक्षणिक संस्थानों को ग्रांट देने में 9 प्रतिशत खर्च होता है। अब शेष बची धनराशि से प्रदेश का कितना विकास होगा, यह आसानी से समझा जा सकता है। इसका मतलब है कि अगर कर्ज को चुकाने की कोई ठोस योजना नहीं बनाई जाती, तो प्रदेश का वित्तीय संकट और गहरा सकता है। पुराना कर्ज चुकता नहीं है और नया ले लिया जाता है। यह परिपाटी के कई सालों से चली है और इसके लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों ही सरकारें दोषी हैं। सभी सरकारों लोन लेकर ही अपनी सरकार का संचालन करता रही हैं। हाल ही में बजट सेशन में सरकार ने विधायकों के वेतन में बढ़ोतरी कर दी। इसका मतलब यह निकला कि हिमाचल की आर्थिक स्थिति अच्छी हो गई है। माननीयों की सैलरी बढ़ने के बाद अब कर्मचारी अपनी देनदारियों का भुगतान करने की मांग उठा रहे हैं। कर्मचारियों का महंगाई भत्ता, डीए का एरियर और नए वेतनमान का एरियर काफी समय से लटका हुआ है। वर्तमान में सुक्खू सरकार के पास कर्मचारी-पेंशनर्स करीब 10 हजार करोड़ रुपए बकाया है। कर्मचारियों के वेतन में हर दस साल वृद्धि होती है। 2006 के बाद 2016 में वृद्धि होनी चाहिए थी, लेकिन यह 16 साल बाद 2022 में जाकर हुई। प्रदेश में पहले पंजाब की तर्ज पर पे-कमीशन मिलता था, लेकिन 2022 में केंद्र की तर्ज पर वेतन दिया गया, जिससे हिमाचल के कर्मचारी पंजाब की तुलना में पिछड़ गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में प्रमुख रूप से पर्यटन, कृषि और छोटे उद्योग शामिल हैं। राज्य की आय का अधिकांश हिस्सा केंद्र सरकार की मदद और राज्य के भीतर से होने वाली आय से आता है, लेकिन एक ऐसा राज्य जो पहले ही कर्ज के बोझ तले दबा हुआ हो, उसके लिए बिना ठोस वित्तीय नीति के विकास के लिए कर्ज लेना एक जोखिम भरा कदम हो सकता है। हिमाचल में कर्ज का स्तर बहुत तेजी से बढ़ रहा है और यह आने वाले वर्षों में और ज्यादा बढ़ सकता है। ऐसे में यह जरूरी है कि राज्य सरकार अपनी आर्थिक सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए। सरकार को अपनी राजस्व वृद्धि के लिए नई नीतियों की जरूरत है।

पर्यटन एक बड़ा क्षेत्र है और इस क्षेत्र में और सुधार की बहुत ज्यादा जरूरत काफी लंबे समय से महसूस की जा रही है। राज्य सरकार को पर्यटन के साथ अन्य क्षेत्रों में भी निवेश को बढ़ावा देना होगा तभी प्रदेश की आर्थिकी पटरी पर लौट सकती है। बाहरी उद्यमियों को निवेश के लिए आकर्षित के वास्ते सरकार को बेहतर नीति बनानी होगी, जिससे राज्य में रोजगार के अवसर और आय बढ़ सकें। सरकार को उद्योगपतियों को कुछ रियायतें देनी होंगी। बिजली सस्ती करनी होगी। जमीन की उपलब्धता के मानक भी नरम करने होंगे। जब यह सब हो जाएगा तो उद्योगपति हिमाचल में निवेश करने के लिए अवश्य आकर्षित होंगे। इसके साथ ही, कृषि क्षेत्र में सुधार करना भी समय की मांग है। फसलों के बेहतर मूल्य निर्धारण और कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देना भी आवश्यक है। बड़ी बात यह है कि अगर राज्य सरकार को कर्ज चुकाने की योजना बनानी है, तो खर्चों में कटौती करना जरूरी है। प्रशासनिक खर्चों में सुधार, सरकारी कर्मचारियों की संख्या में संतुलन और पेंशन भुगतान की प्रणाली में बदलाव जैसे उपायों पर विचार करना चाहिए। कर्ज का उद्देश्य विकास कार्यों के लिए होना चाहिए, लेकिन इसके साथ ही सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कर्ज का उपयोग सही तरीके से हो और उसकी अदायगी के लिए एक स्पष्ट योजना बनाई जाए। हाइड्रो पावर और जलवायु परिवर्तन से जुड़े उद्योगों में निवेश बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। हिमाचल सरकार को अपनी वित्तीय नीति को स्थिर और दीर्घकालिक बनाना होगा। बेहतर वित्तीय प्रबंधन के तहत सरकार को आय और खर्च का बेहतर संतुलन बनाना श्रेयस्कर रहेगा। ■

# भारत में भी हो जापान जैसी भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली

जैसा कि 4 अप्रैल, 1905 को भारतीय इतिहास के सबसे विनाशकारी भूकंपों में से एक हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा क्षेत्र में आया था। रिक्टर पैमाने पर 7.8 तीव्रता वाले इस भूकंप ने व्यापक विनाश किया और इस क्षेत्र के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी। भूकंप का केंद्र कांगड़ा शहर के पास था, जिसने पूरे क्षेत्र के गांवों और कस्बों को नष्ट कर दिया। जिला मुख्यालय धर्मशाला को भारी नुकसान पहुंचा और कई इमारतें ढह गईं। सबसे दुखद नुकसान कांगड़ा शहर में हुआ, जहां हजारों लोग अपने घरों के मलबे के नीचे दबकर मर गए। इस आपदा में लगभग 20,000 लोगों की जान ले ली और कई लोग घायल हो गए। कई लोग बेघर हो गए, क्षेत्र का बुनियादी ढांचा बर्बाद हो गया, जिससे राहत प्रयासों में बाधा आई। बड़े पैमाने पर विनाश के बावजूद, भूकंप ने भारत के आपदा प्रबंधन के तरीके में भी महत्वपूर्ण बदलाव लाए, जिसके परिणामस्वरूप अगले दशकों में जागरूकता और तैयारी में वृद्धि हुई। इस दुखद घटना की 120वीं वर्षगांठ मनाते हुए, हम कांगड़ा के लोगों के लचीलेपन और साहस को याद करते हैं, जिन्होंने इस घटना के बाद अपने जीवन और समुदायों को फिर से खड़ा किया। आज, जब हम अतीत पर विचार करते हैं, तो यह उन लोगों की स्मृति का सम्मान करने का भी अवसर है, जिन्होंने 1905 में उस दुर्भाग्यपूर्ण दिन अपनी जान गंवाई थी। दुनिया भर की सरकारों ने भूकंप के प्रभाव को कम करने के लिए कई पहलों को लागू किया है, जिसमें तैयारी, प्रतिक्रिया और लचीलापन निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह पहल प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों से लेकर संरचनात्मक विनियमों तक भिन्न हो सकती हैं। भूकंप शमन में सरकार के नेतृत्व वाले प्रयासों के कुछ प्रमुख उदाहरण यहां दिए गए हैं–



लेखक : राजन कुमार शर्मा
डुग्घी, हमीरपुर (हि. प्र.)




**1. भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली :** कई सरकारों ने भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली (EEWS) विकसित और तैनात की है जो महत्वपूर्ण भूकंप आने से कुछ सेकंड से लेकर कुछ मिनट पहले अलर्ट प्रदान करती है। यह सिस्टम लोगों को परिवहन और औद्योगिक गतिविधियों को खाली करने या रोकने जैसे सुरक्षात्मक कदम उठाने में मदद कर सकते हैं।

**जापान :** जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (JMA) भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली संचालित करती है। यह टीवी, रेडियो और मोबाइल फोन के माध्यम से जनता को अलर्ट प्रदान करता है।

**मेक्सिको :** मैक्सिकन सिस्मिक अलर्ट सिस्टम (SASMEX) मेक्सिको सिटी और अन्य क्षेत्रों के लिए भूकंप अलर्ट प्रदान करता है जो भूकंपीय गतिविधि के लिए प्रवण हैं।

**2. बिल्डिंग कोड और विनियम :** सरकारें अक्सर यह सुनिश्चित करने के लिए बिल्डिंग कोड लागू करती हैं और उन्हें लागू करती हैं कि संरचनाएं भूकंप-प्रतिरोधी हों। इन संहिताओं के अनुसार इमारतों को भूकंपीय गतिविधि का सामना करने के लिए डिजाइन किया जाना चाहिए, जिससे ढहने का जोखिम कम हो।

**कैलिफोर्निया (यूएसए) :** कैलिफोर्निया बिल्डिंग स्टैंडर्ड कोड (शीर्षक 24) में नई इमारतों के लिए भूकंपीय सुरक्षा विनियम शामिल हैं। 1994 के नॉर्थ्रिज भूकंप के बाद, पुरानी संरचनाओं को फिर से तैयार करने के लिए सख्त नियम पेश किए गए।

**तुर्की :** 1999 के विनाशकारी इज़मित भूकंप के बाद, तुर्की ने इमारत सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने के लिए तुर्की भूकंपीय डिजाइन कोड पेश किया।

**3. सार्वजनिक शिक्षा और जागरूकता अभियान :** सरकारें अक्सर लोगों को भूकंप के जोखिमों और सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने के लिए सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम चलाती हैं। इन कार्यक्रमों में लोगों को भूकंप के दौरान 'गिरना, ढकना और पकड़ना' सिखाना और आपातकालीन किट और निकासी योजनाएं तैयार करने के तरीके के बारे में दिशा-निर्देश प्रदान करना शामिल हो सकता है।

**यूएसए ( फेडरल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी–FEMA):** 'शेकआउट' जैसे अभियानों के माध्यम से भूकंप सुरक्षा के बारे में शैक्षिक संसाधन प्रदान करता है, जो एक वैश्विक भूकंप अभ्यास है।

**भारत :** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) भूकंप सुरक्षा जानकारी, आपदा तैयारी मार्गदर्शिकाएं प्रदान करता है, तथा भूकंप-प्रवण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है।

**4. भूकंप प्रतिरोधी अवसंरचना:** सरकारें अक्सर पुलों, बांधों और राजमार्गों जैसे महत्वपूर्ण अवसंरचनाओं को फिर से तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे भूकंप का सामना कर सकें। इससे आर्थिक नुकसान में उल्लेखनीय कमी आ सकती है तथा आपदा के बाद की वसूली में सुधार हो सकता है।

**5. भूकंपीय खतरे का मानचित्रण:** सरकारें अक्सर विभिन्न क्षेत्रों के भूकंपीय खतरे का मानचित्रण करने में निवेश करती हैं, जिससे भूकंप के जोखिम की स्पष्ट तस्वीर मिलती है। इससे भूमि-उपयोग नीतियों और आपातकालीन तैयारी योजनाओं को सूचित करने में मदद मिलती है।

हमारे वैज्ञानिकों को भूकंप की गतिविधि का समय पर पता लगाने के लिए ऐसी पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करनी चाहिए, ताकि हम अपने लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा सकें। इसके अतिरिक्त भूकंप की सूचना आप भारत के सभी जिलों में स्थापित आपदा नियंत्रण कक्ष के निशुल्क दूरभाष नंबर 1077 पे दे सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार**

नजरिया

# पारदर्शी और निष्पक्ष हो भूमि प्रशासन

भारत में भूमि सिर्फ एक संपत्ति नहीं, बल्कि लोगों की आजीविका, पहचान और सामाजिक संबंधों की आधारशिला है, लेकिन इसी भूमि से जुड़े विवाद प्रशासन, न्यायिक तंत्र और आम जनता के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। तहसील कार्यालयों और न्यायालयों में लंबित हजारों भूमि विवाद इस समस्या की गंभीरता को दर्शाते हैं। तहसीलदार और राजस्व अधिकारी इन विवादों को सुलझाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन उन्हें अक्सर बाहरी दबाव, सुरक्षा चिंताओं और संसाधनों की कमी के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही, कुछ बिचौलिए और भ्रष्ट तत्व नागरिकों को गुमराह कर न केवल अनुचित लाभ कमाते हैं, बल्कि प्रशासनिक प्रक्रिया को भी प्रभावित करते हैं। ऐसे में, यह आवश्यक है कि भूमि प्रशासन को अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए।



लेखिका : राधिका सैनी
तहसीलदार, नूरपुर

**भूमि विवादों के प्रमुख कारण :** पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे को लेकर सहमति न बनने से अक्सर भूमि विवाद बढ़ते हैं। भूमि रिकॉर्ड की अस्पष्टता यानी गलत नामांतरण, अधूरी प्रविष्टियां और पुराने दस्तावेजों की गड़बड़ी भी विवाद की जड़ हैं। सीमा निर्धारण यानी डिमार्केशन में गड़बड़ी से दो पक्षों के बीच विवाद होते हैं। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण/कब्जे, फर्जी दस्तावेज और धोखाधड़ी, रजिस्ट्रियों और प्रमाण पत्रों के नाम पर अनावश्यक शुल्क भी विवाद की श्रेणी में आते हैं।

**सरकारी योजनाएं और डिजिटल सुधार :** सरकार ने भूमि विवादों को कम करने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। डिजिटल भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम–2008 के तहत भूमि रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में संरक्षित करने की योजना से पारदर्शिता बढ़ी है, लेकिन अभी भी



जमीनी स्तर पर सुधार की जरूरत है। अच्छी बात यह है कि स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में ड्रोन मैपिंग के जरिए जमीन का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। रेवन्यू मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल भी बना है, जिसमें राजस्व मामलों को ऑनलाइन करने की पहल की गई है। निश्चित रूप से इससे नामांतरण, इंतकाल और अन्य कार्यों में पारदर्शिता आ रही है। ई–कोर्ट्स और ऑनलाइन केस ट्रैकिंग से नागरिक अपने केस की स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे। इससे अनावश्यक देरी और भ्रष्टाचार कम होगा।

**तहसीलदारों व राजस्व अधिकारियों की सुरक्षा व सुविधाएं :** तहसीलदार और राजस्व अधिकारी ही भूमि विवादों के समाधान की पहली कड़ी होते हैं, लेकिन उनके सामने भी कई चुनौतियां होती हैं। कई बार भूमि मामलों में बाहरी हस्तक्षेप किया जाता है, जिससे निष्पक्ष निर्णय प्रभावित होते हैं। अतिक्रमण हटाने या विवादित भूमि की कार्रवाई के दौरान राजस्व अधिकारियों को शारीरिक हमलों का खतरा रहता है। जिम्मेदारियों और जोखिम के अनुरूप उनका वेतन पर्याप्त नहीं होता और सुविधाओं में भी कमी रह जाती है।

**सरकार उठाए ये कदम :** सरकार को तहसीलदारों और राजस्व अधिकारियों के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए। बकायदा प्रोटेक्शन यूनिट बनानी चाहिए। जोखिम भत्ता और फील्ड अलाउंस भी बढ़ाना चाहिए। बाहरी दबाव से बचाव के लिए सख्त नीति समय की जरूरत है। इसके अलावा पारदर्शी स्थानांतरण नीति बनाई जाए, जिससे अनावश्यक दबाव में ट्रांसफर न कराया जा सके। यह नहीं, डिजिटल प्रशासन को बढ़ावा देते हुए भूमि विवादों के त्वरित निपटारे के लिए ऑनलाइन केस ट्रैकिंग सिस्टम को मजबूत किया जाना चाहिए। डिजिटल हस्ताक्षर और ई–गवर्नें को भी बढ़ावा देना चाहिए। रजिस्ट्रियों और अन्य दस्तावेजों के लिए सरकारी शुल्क को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाए तो इससे पारदर्शिता आएगी। बिचौलियों और भ्रष्ट तत्वों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि आम नागरिकों का शोषण रोका जा सके। इस नेक काम के लिए राजस्व कार्यालयों में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं ताकि लोग सही प्रक्रिया समझ सकें। भूमि विवादों का समाधान केवल कानूनी प्रक्रिया तेज करने से संभव नहीं होगा, बल्कि इसके लिए प्रशासन, सरकार और जनता–सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। जब पारदर्शी प्रशासन, सुरक्षित अधिकारी और जागरूक जनता एक साथ मिलकर कार्य करेगी, तभी भूमि विवादों का स्थायी समाधान संभव होगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश में पर्यटन ने पुन: आंख खोली तो पहाड़ों पर मेहमाननवाजी का जश्न शुरू हो गया। मंजिल तक पहुंचना अगर पर्यटक की माथापच्ची है, तो सही सलीके से कारवां चले, यह हर वर्ष की कसरत में पर्यटनों को ट्रैफिक में उलझते देखता है। मनाली में अटल टनल पर परिवहन का मानचित्र बन रहा है और इस हिसाब से हर दिन औसतन पांच हजार वाहन भी आएं, तो इस सुरंग से बाहर निकलने से पहले संघर्ष कड़ा है। ट्रैफिक के सारे प्लान शिमला, मनाली और हर छोटे–बड़े पर्यटक स्थल को वाहनों से परेशान कर देते हैं। यह महज पर्यटक सीजन नहीं, हिमाचल की बाहों में आती दौलत और हर घर में वाहन कुछ कहता है, की नसीहत है कि परिवहन को व्यवस्था की आंखों से देखा जाए। हिमाचल के अपने वाहनों की पंजीकृत संख्या अगर लाखों के लगभग है, तो हमारा आतिथ्य भाव जिन्हें बुला रहा है।

**विजय कुमार, धर्मशाला**

# घिबली : कल्पनाओं की जादुई दुनिया का आनंद लें, लेकिन समझदारी से

'घिबली' जापान का एक प्रतिष्ठित एनीमेशन स्टूडियो है, जो अपनी अनोखी कलात्मक शैली, गहरी भावनात्मक कहानियों और मंत्र मुग्ध कर देने वाली दुनियां के लिए प्रसिद्ध है। 1985 में हयाओ मियाजाकी, इसाओ ताकाहाता और तोशियो सुजुकी द्वारा स्थापित, इस स्टूडियो ने न केवल जापानी, बल्कि वैश्विक एनिमेशन उद्योग में भी अपनी छाप छोड़ी है। घिबली की फिल्मों में अनूठे पात्र, गहरी भावनाएं और समाज व पर्यावरण से जुड़े संदेश होते हैं, जो दर्शकों को प्रेरित करते हैं। 'घिबली' 'शब्द इटालियन भाषा का है, जिसका मतलब है' सहारा रेगिस्तान में बहने वाली गर्म हवा। यह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटालियन स्काउटिंग हवाई जहाज का संदर्भ देता है।



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर (हि. प्र.)

मियाजाकी ने इस स्टूडियो का नाम हवाई जहाजों और इटली के प्रति प्रेम के कारण रखा। घिबली की फिल्मों में आत्मनिर्भर और मजबूत महिला पात्र होते हैं, जो साहस ,करुणा और दृढ़ निश्चय का प्रतीक हैं उदाहरण के तौर पर, 'स्पिरिटेड अवे की चिहिरो', 'प्रिंसेस मोनो नेके की सैन' नामक फिल्मों में पारंपरिक रूढ़ियों को तोड़ते हुए सशक्तिकरण का संदेश दिया है। मियाजाकी की सबसे प्रसिद्ध फिल्में जिनसे घिबली एनीमेशन की शुरुआत हुई, 'स्पिरिटेड अवे', 'माई नेबर टोरोटो', 'द बॉय एंड द हेरोन' काफी लोकप्रिय हुई। एनीमेशन के लिए चर्चित फिल्मों में 'स्पिरिटेड अवे' और 'द बॉय एंड द हेरोन' को अकादमी पुरस्कारों से नवाजा गया है। इससे पता चलता है कि उनकी घिबली रचनाएं कितनी लोकप्रिय हैं और इसीलिए उन्हें एशिया का 'वाल्ट डिज्नी' भी कहा जाता है।

घिबली की फिल्मों को उनके अद्वितीय एनीमेशन शैली के लिए जाना जाता है। हर दृश्य हाथ से चित्रित किया जाता है, जिससे फिल्मों में एक जीवंतता और गहराई आती है। बारीकियों पर ध्यान देने की वजह से घिबली की दुनिया वास्तविक लगती है, भले ही वह पूरी तरह काल्पनिक हो। वर्तमान दौर में सोशल मीडिया पर घिबली स्टाइल इमेजेस और वीडियो बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं। हाल ही में आए चैट जीपीटी के 4.0 मॉडल के माध्यम से लोग अपनी असली फोटो को घिबली स्टाइल में बदल रहे हैं। इस ट्रेंड के प्रति लोकप्रियता सिर्फ मियाजाकी के कार्यों के प्रति वैश्विक प्रेम



को ही नहीं दर्शाती, बल्कि यह भी दिखाती है कि सार्वजनिक जिज्ञासा ही एआई की लोकप्रियता को बढ़ा रही है।

हालांकि एआई के इस तेजी से बढ़ते उपयोग और विस्तार ने कुछ चिंताओं को जन्म दिया है। इनमें से एक महत्वपूर्ण चिंता यह है कि जब किसी क्रिएटर के काम को ट्रेनिंग डाटा के रूप में लिया जाता है, तो उसकी सहमति ली जाती है या नहीं। उदाहरण के लिए, खुद मियाजाकी एआई द्वारा निर्मित एनीमेशन के घोर विरोधी रहे हैं। उन्होंने एआई निर्मित तस्वीरों के लिए प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि 'यह स्वयं जीवन का अपमान है'। अन्य कलाकार, संगीतकार और लेखकों ने भी सहमति और उचित मुआवजे से जुड़ी चिंताओं को उजागर किया है। घिबली इमेजेस एक तरह से कॉपीराइट का उल्लंघन है। इसके अलावा 'घिबली' जैसी विशिष्ट शैली में चित्र जनरेट करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कलाकारों की मेहनत और रचनात्मकता को नकारता है।

एआई द्वारा जनरेट किए गए चित्र वास्तविक कला और मेहनत की जगह ले सकते हैं। अगर एआई द्वारा बनाए गए चित्रों का उपयोग बढ़ता है तो यह पेशेवर कलाकारों के लिए रोजगार के अवसरों को प्रभावित कर सकता है। ऐसे चित्रों का उपयोग कला, उद्योग में प्रतियोगिता बढ़ा सकता है जिससे कलाकारों की कला पर असर पड़ेगा। एआई द्वारा घिबली स्टाइल के चित्रों के निर्माण से पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने और चलाने के लिए बड़े पैमाने पर ऊर्जा की खपत होती है, जिससे पर्यावरण और जल संसाधनों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। बड़े डेटा सेंटर को ठंडा रखने के लिए भारी मात्रा में पानी का उपयोग किया जाता है जिससे जल संकट बढ़ सकता है। एक गूगल सर्च में लगभग 0.3 मिलीलीटर पानी खर्च होता है। एक एआई जनित घिबली स्टाइल चित्र लगभग 2 से 15 लीटर पानी खर्च कर सकता है। डेटा सेंटर से निकलने वाला गर्म पानी जल स्रोतों में छोड़ा जाता है जिससे पारिस्थितिकी तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। 'अधिकांश लोग आजकल अपनी फोटो को घिबली स्टाइल में बदल रहे हैं जो कि हमारी मौलिकता और निजता के लिए भी बहुत नुकसानदायक हो सकता है। एआई जनित तस्वीरों के बढ़ते उपयोग से साइबर अपराधों का खतरा बढ़ रहा है।

साइबर विभाग ने भी लोगों को सतर्क रहने और निजी तस्वीरें या डेटा अनजान प्लेटफार्म पर अपलोड करने से पहले सतर्क रहने की सलाह दी है। साइबर विभाग के अनुसार डेटा का उपयोग डीपफेक, पहचान की चोरी और साइबर अपराधों के लिए किया जा सकता है। इसके आर्ट और मनोरंजन का तो आनंद लें ,लेकिन अपने काम और जिम्मेदारियों को भी नजर अंदाज न करें। इससे प्रेरणा लेकर अपने नए लक्ष्य निर्धारित करें और अपनी रचनात्मकता को विकसित करें।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री

**परवीन** बॉबी हिंदी फिल्मों की एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री थीं। 1970–80 के दशक में सिल्वर स्क्रीन पर अपनी सुंदरता का जलवा बिखरने वाली परवीन बॉबी की ज्यादातर फिल्में सुपर हिट रही हैं। परवीन बाबी का जन्म जूनागढ़, गुजरात में हुआ था। परवीन अपने माता–पिता की शादी के चौदह साल बाद पैदा हुई थीं और यह इकलौती संतान थीं। उन्होंने अपने पिता को सात साल की उम्र में ही खो दिया था। 1972 में परवीन के मॉडलिंग करियर की शुरुआत हुई। उम्र की पांच दशक पार कर इस दुनिया से विदा लेने वाली परवीन का फिल्मी करियर 1973 में 'चरित्र' से शुरू हुआ था। इसके बाद आई–चरित्रहीन, जिसमें सलीम दुर्रानी की प्रमुख भूमिका थी। बहरहाल जिस फिल्म ने उन्हें प्रसिद्धि के प्रकाश वृत्त में ला खड़ा किया वह थी, दीवार। परवीन की अदाकारी की श्रेष्ठता के लिए केवल इतना कहना ही काफी है कि उन्हें करीब 10 फिल्मों में कला के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इनमें मजबूर, दीवार, अमर अकबर एंथनी, सुहाग, कालिया, मेरी आवाज सुनो, नमक हलाल, अशांति, खुद्दार, रंग बिरंगी आदि शामिल हैं। बहरहाल ये तो चंद फिल्मों के नाम हैं। अमिताभ बच्चन के साथ परवीन ने करीब आठ फिल्मों में काम किया और दर्शकों ने उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया। परवीन बॉबी का निधन मुंबई में हुआ था। ■



**परवीन बॉबी**
**जन्म :** 4 अप्रैल 1949
**मृत्यु :** 20 जनवरी 2005



कविता

## मास्टर जी जरा रखणा ध्यान

*रवींद्र कुमार शर्मा, घुमारवीं, बिलासपुर*

*__मास्टर__ जी तुहांजो पता ई अया, पई खत्म हुई गए हुण इम्तिहान।*
*बस इक्क मेहरबानी करनी तुहां, हुण सिर्फ पेपर देखणे पर देणा ध्यान।*
*पैसे कमाणे रे चक्करा च नी मचाणी जल्दी,*
*ढंगा ने देखणे पेपर कोई प्रश्न छुटी नी जाओ।*
*बड़ी मेहनत कितिरि हुन्दी बच्चेयां सारा साल*
*तिन्हांरिया मेहनता पर पाणी नी फिरि जाओ।*
*बड़ी जिम्मेदारी तुहारे कंधेयां पर,*
*ढंगा ने अपणी जिम्मेदारी निभाओ।*
*कोई मेहनती बच्चा तुंहारी गलतियां कने,*
*किते फेल नी हो या मैरिटा ते रई नी जाओ।*
*पेपर देखदी हाण पेपरा पर ई रखणा ध्यान,*
*बच्चेयां रा ई नियां तुंहारा बी अया इम्तिहान।*
*पहले बी कई बार होया बच्चेयां कने अन्याय,*
*गलती मास्टरा री कने बच्चे देई ती जान।*
*गलती मास्टरा री भुगतणे बच्चे जो पौंदी,*
*पेपर नी देख्या ढंगा कने फेरी मैरिट नी औणी।*
*पुनर्मूल्यांकन च बधदे नंबर काफी ज्यादा,*
*पर जाता ते बाद घघरी फेरी किस कम्मां लाणी।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# भारतीय भाषाओं को छोड़ विदेशी भाषाओं से लगाव क्यों ?

दुनिया के वो सभी देश, जो आज किसी न किसी क्षेत्र में शीर्ष पर हैं, वे अपनी ही सभ्यता, संस्कृति, भाषा के आधार पर बहुमुखी उन्नति के शिखर पर पहुंचे हैं।

जापानियों ने जापानी बनकर ही अद्भुत प्रगति की है। अमेरिकियों ने अमरीकी बनकर ही पूर्ण विश्व पर अपना वर्चस्व स्थापित किया है। रूस, चीन, जर्मनी, फ्रांस, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन और लगभग सभी यूरोपीय देशों ने स्वयं अपने ही इतिहास, सभ्यता, संस्कृति, भाषा को आधार बनाकर प्रगति के कई–कई शिखर छूकर नए आयाम स्थापित किए हैं। इन सभी देशों के सभी नागरिकों को अपने धर्म, भाषा, संस्कृति पर पूरा स्वाभिमान व पूर्ण विश्वास है।



लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
मतियारा , मसरूंड , चंबा

इन राष्ट्रों के मुखिया या अन्य प्रतिनिधि और नेता लोग संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिवेशनों में और लगभग हर ही जगह अपनी मातृभाषा और राष्ट्र भाषा में ही संपूर्ण विश्व को संबोधित करते हैं, लेकिन हम भारतीय या हिंदुस्तानी कहां खड़े हैं? हम क्या कर रहे हैं, हम किस ओर जा रहे हैं? अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना अच्छी बात है और हमें अंग्रेजी और सभी देसी–विदेशी भाषाओं



का पूर्ण सम्मान भी जरूर करना चाहिए। परंतु, हमने किस मूढ़ता में आकर अंग्रेजी और अंग्रेजियत को अपना 'स्टेटस सिंबल' ( महानता की निशानी ) मान रखा है? यह कितनी मूर्खता भरी और हास्यस्पद मान्यता है कि गिटर–पिटर, फर्राटेदार अंग्रेजी भाषा बोलने वाला ही बुद्धिमान और समझदार होता है।

संसार की प्राचीनतम व श्रेष्ठतम भाषा, देववाणी संस्कृत हमें क्यों नहीं लुभाती? हिंदी भाषा से हमें कम लगाव क्यों है? बहुत सारे लोग अंग्रेजी सीखने के बाद फ्रेंच, जर्मन, लैटिन, रूसी, अफ्रीकी , चीनी , स्पेनिश , डच व अन्य बहुत सारी विदेशी भाषाओं को सीखने के लिए आतुर रहते हैं और अपनी शान समझकर बहुत गौरवान्वित भी महसूस करते हैं।

अच्छी बात है। कोई बुराई नहीं। लेकिन, बंगला, पंजाबी, उर्दू, राजस्थानी, गुजराती, मराठी, कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगू, उड़िया, असमी, कोंकणी, कश्मीरी, पहाड़ी व अन्यथा भारतीय भाषाओं और बोलियों को सीखने का हमारा मन क्यों नहीं करता? निकट अतीत में अपने देश महान भारत पर तथा हमारे धर्म, भाषा, संस्कृति, सभ्यता पर अभिमान व नाज करना सिखाना कम क्यों होता जा रहा था? हम अंग्रेजों और अन्य देशों की नकल करने मात्र में ही लगे रहे, तो कहीं का नहीं रहेंगे।

उच्च व उच्चतर शिक्षित लोग शेक्सपीयर, चॉसर, वर्ड्जवर्थ, टेनीसन, मिल्टन, डन, जॉन्सन, ड्राइडन, कॉलरिज, डिकन्ज, हार्डी, तोलस्तोय, गोर्की, यीटस, ट्वेन, हेनरी, मोपासां, चेखोव, मेथीउ आर्नाल्ड, समुअल बैकेट, क्रिस्टोफर मारलोव, कामीलो खोसे सेला , विक्टर ह्यूगो, टी. एस. इलिएट, एमिली ब्रॉन्टे , दोस्तोवस्की , जॉर्ज ऑरवेल , अरनेस्ट हेमिंग्वे , डेल कारनेगी, एडगर एलन पॉ , जेम्स जॉयस , ऑसकर वायल्ड व अन्य विदेशी लेखकों को बड़े ही चाव–चाहत, गौरव के साथ पढ़ते है, पर हम प्रेमचंद, रवींद्र ठाकुर, व अन्य भारतीय भाषाओं के पचासों महान भारतीय लेखकों को पढ़ने मे झिझक और आलस्य क्यों करते हैं? अपने हज़ारों वर्षों के इतिहास, सभ्यता, संस्कृति, भाषाओं के आधार और बल पर ही हम विश्व में अपना स्वतंत्र अस्तित्व कायम रख सकते हैं । तभी सारे संसार में हम हिंदुस्तानियों की एक विशेष और विशिष्ट पहचान बनेगी और हमेशा बनी रह सकेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# नवरात्र पर लगे सुकेत देवता मेले से सुंदरनगर का माहौल हुआ भक्तिमय

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

मंडी जनपद के अराध्य बड़ा देव कमरूनाग गुरुवार को राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला में अपने स्थान पर शोभायमान हो गए हैं। इस अवसर पर बड़ा देव कमरूनाग को सुंदरनगर प्रशासन और सुकेत सर्व देवता कमेटी के पदाधिकारी ने देवता का सुंदरनगर के डढयाल में विधिवत पूजन कर चढ़ावा चढ़ाया।

इसके उपरांत प्रशासनिक अधिकारी बड़ा देव कमरूनाग के साथ अपने लाव लश्कर सहित भक्तों को दर्शन देने के लिए मेला स्थल पहुंचे। प्रशासन की ओर से खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर विवेक चौहान, नायब तहसीलदार राजवीर सिंह और नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी हितेश शर्मा मौजूद रहे।

वहीं सुकेत सर्व देवता कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक सोनी, उपाध्यक्ष रोशन लाल शर्मा, सह कोषाध्यक्ष तिलक राज और युधिष्ठिर मौजूद रहे। वहीं राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला में 14 वर्ष उपरांत करसोग के काओ से सुकेत नगरी पहुंची महिषासुर मर्दिनी माता कामक्षा और देव नाग पुंडरीक भी भक्तों को मेला स्थल में दर्शन दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)


बड़ा देव कमरुनाग को मेला स्थल ले जाते अधिकारी और देवता कमेटी के अध्यक्ष।

## महिषासुरमर्दिनी माता कामाक्षा काओ दे रही दर्शन

**माता** कामाक्षा का स्वरूप कामक्षा माता जयदेवी मेला स्थल के मुख्य द्वार के समीप विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दे रही है। छोटी काशी मंडी से बृजेशवरी माता लाव लश्कर सहित मेले में शिरकत कर रही हैं।

## वाद्ययंत्रों से गुंजायमान हुई सुकेत नगरी

**राज्य स्तरीय** सुकेत देवता मेला के शुभारंभ के साथ ही पारंपरिक वाद्य यंत्रों करनाल, नरसिंगा,बांब, काहुली, खड़ताल, ढोल-नगाड़ों सुंदरनगर गुंजायमान हो गया है। ढोल की थाप पर देवलू नृत्य करते हुए लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।



**देवी-देवता के लिए प्रशासन के पुख्ता इंतजाम**

**राज्य स्तरीय** सुकेत देवता मेला अध्यक्ष एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने कहा कि सुकेत देवता मेले में बड़ा देव कमरुनाग, मूल मांहुनाग, माता कामाक्षा,बड़ेयोगी, देव महासू, बाड़ादेव, देव मंढोल, नौबाही देवी सहित अन्य देवी-देवताओं के आगमन से माहौल भक्तिमय हो गई है। देवी-देवता को लिए प्रशासन द्वारा पूरे इंतजाम किए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### रंगोली में जय मां दुर्गा कॉलेज बना विजेता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के अवसर पर महिलाओं के लिए आज मटका फोड व मटका दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मटका फोड प्रतियोगिता में महिला मंडल खील घमरेहड़ की शकुंतला देवी जबकि मटका दौड़ में महिला मंडल बंडेरी काथला विजेता रहे। मटका दौड़ प्रतियोगिता में ही महिला मंडल खील घमरेहड़ तथा महिला मंडल कोटरोपी क्रमशः पहले व दूसरे स्थान पर रहे। इसी दौरान स्कूल व कॉलेज विद्यार्थियों के लिए आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज पहले, माउंट मौर्य स्कूल दूसरे स्थान तथा पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंदर नगर तीसरे स्थान पर रहे।

### वॉलीबॉल कन्या और खो-खो में चौंतड़ा स्कूल विजेता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयोजित वॉलीबॉल महिला वर्ग में



पीएम श्री राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर विजेता तथा राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर की टीम उप विजेता रही। महिला कबड्डी स्पर्धा में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की ए टीम विजेता तथा बी टीम उपविजेता बनी। इसी तरह आयोजित पुरुष वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा की टीम विजेता तथा राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर की टीम उपविजेता बनी।

### वक्फ बोर्ड संशोधन पर नागरिक सभा व धर्म संघ खुश

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वक्फ विधेयक संशोधन पारित होन पर नागरिक सभा और धर्म संघ द्वारा सयुंक्त रूप से खुशी का इजहार व्यक्त किया है। दोनों संस्थाओं की ओर से संयुक्त ब्यान में कहा गया है कि ये एक एतिहासिक प्रशानिक फैसला है। ब्यान में धर्म और राजनीति को साथ नहीं जोड़ने की अपील की गई है। यह फैसला देश और सभी पक्षों के हित में ही लिया गया है। वहीं नागरिक सभा और धर्म संघ के पदाधिकारियों ओम प्रकाश कपूर, डॉ. ओमराज शर्मा, हरीश वैद्य, नीरज हांडा, नरेश धीमान, एमएल शर्मा, डॉ. अनुपम टण्डन व महेंद्र पाल राणा ने खुशी जाहिर की है।

### लघु शिवरात्रि मेले में कुश्ती का दंगल शुरू



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर में आज से कुश्ती का दंगल शुरू हो गया। दंगल के पहले दिन 46 पहलवानों ने खूब पसीना बहाया। तीन दिनों में इस कुश्ती के दंगल में प्रदेश व प्रदेश के बाहर से जोगिंद्रनगर पहुंचे पहलवान खूब पसीना बहाएंगे। इस दंगल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 5 अप्रैल को आयोजित होगा तथा मेले के समापन समारोह के मुख्यातिथि विजेता पहलवान को 31 हजार रुपए एवं गुर्ज तथा उपविजेता को 21 हजार रुपए की नकद इनामी राशि देकर सम्मानित करेंगे। इस दंगल प्रतियोगिता संचालन में नायब तहसीलदार विनय राशपा, प्रधानाचार्य छात्र स्कूल आशीष कोड़ा, प्राध्यापक प्रदीप कुमार, सेवानिवृत नायब तहसीलदार कृष्ण चंद बतौर संयोजक जबकि केशव राम, हरिया राम, बीरी सिंह व कृष्ण चंद बतौर निर्णायक मंडल की भूमिका निभा रहे हैं। इस दंगल में नेक राम शात्री तथा राजेन्द्र सिंह बतौर मंच संचालक की भूमिका निभा रहे हैं।

## नलवाड़ मेला बरच्छवाड़ की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मुख्यतिथि पहुंचे विधायक चंद्रशेखर

# ईशांत भारद्वाज के गानों पर झूमा बरच्छवाड़

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



नलवाड़ मेला बरच्छवाड़ की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में विधायक धर्मपुर चंद्रशेखर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि के पहुंचने पर नलवाड़ मेला अध्यक्ष एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने विधायक चंद्रशेखर को शॉल, टोपी तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद ग्राम पंचायत बरच्छवाड़ निशा कुमारी और उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस मंडी जीवन लाल गुप्ता, गुरुदत्त शर्मा, रितेश ठाकुर और रमेश ठाकुर ने भी मुख्यतिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

विधायक धर्मपुर चंद्रशेखर ने नलवाड़ मेला बरच्छवाड़ में आयोजित की गई। वाइस ऑफ सरकाघाट प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया। विधायक ने वाइस ऑफ सरकाघाट कुलदीप कौंडल और प्रथम रनरअप रहे पंकज कुमार को ट्रॉफी और पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। नलवाड़ मेला बरच्छवाड़ की अंतिम सांस्कृतिक संध्या पर चली कुड़मेट और निक्की जेही गोजरी फेम पहाड़ी गायक इशांत भारद्वाज ने कार्यक्रम में लोगों को अपनी प्रस्तुति से झूमने पर मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य नवाही वार्ड मुनीश शर्मा, प्रधान ग्राम पंचायत बरच्छवाड़ निशा कुमारी, उप-प्रधान जितेन्द्र, सेवानिवृत संयुक्त निदेशक संस्कृत उच्च शिक्षा डॉ. प्रवीण आचार्य, श्याम सिंह ठाकुर, रमेश ठाकुर, गुरुदत्त शर्मा, केसी ठाकुर, प्रेम सागर, अनु ठाकुर, हेमराज वर्मा, सुमन ठाकुर, डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम, विवेक हाजरी, एक्स-ईन विद्युत राज कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अनीश ने जीती नलवाड़ मेला बरच्छवाड़ मैराथन

**विधायक चंद्रशेखर ने विजेताओं को किया सम्मानित**

**नलवाड़** मेला बरच्छवाड़ में पुलिस द्वारा आम जनता को जागरूक करने के लिए नशा निवारण व तंबाकू निषेध विषय पर मैराथन का आयोजन किया। जिसमें 125 प्रतिभागियों ने विभिन्न आयु वर्गों में भाग लिया। धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शिरकत की तथा विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। पुरुषों की 10 किलोमीटर हाफ मैराथन में अनीश प्रथम स्थान, नागेंद्र दूसरे स्थान तथा कृष तीसरे स्थान पर रहे। विजेताओं को मुख्यतिथि द्वारा क्रमशः 6100, 4100 तथा 3100 रुपए के नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया। वहीं महिला वर्ग के लिए 05 किलोमीटर हाफ मैराथन में एंजल शर्मा ने प्रथम स्थान, रक्षा त्याग्नी ने दूसरा स्थान तथा दिक्षशिता ने तीसरा स्थान हासिल किया। इन्हें भी क्रमशः 5100, 3100 व 2100 रुपए के नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

वहीं लड़कियों की 3 किलोमीटर अंडर-14 आयु वर्ग में कनल शर्मा प्रथम स्थान, शिवा ठाकुर द्वितीय स्थान तथा दिव्या कौंडल ने तीसरा स्थान हासिल किया। विधायक ने विजेताओं को क्रमशः 3100, 2100 व 1100 के नगद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं लड़कों की 3 किलोमीटर अंडर-14 आयु वर्ग में अमन कुमार प्रथम स्थान, आरव ठाकुर द्वितीय स्थान तथा आध्यत्म चंदेल ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को क्रमशः 3100, 2100 व 1100 रुपए के पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने रविंद्रनाथ टेगौर राजकीय महाविद्यालय से प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



# लघु शिवरात्रि मेले की दूसरी संध्या में संगीत की धूम



**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला 2025 की दूसरी सांस्कृतिक संध्या संगीत और मनोरंजन का संगम बन गई। इंडियन आइडल और वॉयस ऑफ पंजाब फेम गायक कुमार साहिल ने अपने सुपरहिट गानों से ऐसा समां बांधा दिया कि दर्शक झूमने पर मजबूर हो गए।

जैसे ही उन्होंने तेरे हवाले कर दिया, बचना ऐ हसीनों, डायमंड दी झांझर जैसे गानों की प्रस्तुति दी, मेला मैदान तालियों और शोर से गूंज उठा। कुमार साहिल ने अपनी शानदार गायकी से पहाड़ी, पंजाबी और हिंदी गानों का तड़का लगाया।

### मुख्यातिथि ने किया शुभारंभ

**सांस्कृतिक** संध्या का शुभारंभ ब्यास वैली पॉवर कॉर्पोरेशन (ऊहल स्टेज-3) के प्रबंध निदेशक देवेंद्र कुमार चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अधीक्षण अभियंता रमन चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर श्री मनीश चौधरी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए मेले के महत्व पर प्रकाश डाला।

दूसरी सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों की प्रस्तुति ने ऐसा समां बांधा कि लोग देर रात तक नाचते-गाते रहे। सुरों और संगीत की इस यादगार रात ने लघु शिवरात्रि मेले की भव्यता को और बढ़ा दिया।

### लोकगायिका जोनी ठाकुर और विंती ने बिखेरा रंग

**जोगिंद्रनगर** की लोकगायिका जोनी ठाकुर ने अपनी मधुर आवाज से मेले की रौनक को और बढ़ा दिया। उन्होंने पहाड़ी और लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, इंडियन आइडल सीजन 2 की फाइनलिस्ट विंती सिंह ने अपनी दमदार गायकी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, जोगिंद्रनगर के स्थानीय गायक ऑन ने भी अपनी प्रस्तुतियों से मेले के रंग को और गहरा किया। उनकी प्रस्तुतियों ने यह साबित कर दिया कि जोगिंद्रनगर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# अपर बैहली गांव में गंदगी से भरा पुल और स्कूल

**भीम बसेड़ू, महादेव**

नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सड़क योजना महादेव-भलवाहन मार्ग के गांव अपर बैहली को जोड़ता पुल जहां दुनियाभर के बास मारते कूड़े-कचरे से अटा पड़ा है, वहीं साथ ही प्राइमरी व मिडल स्कूल के वातावरण को गंदगी प्रदूषित कर रही है। पिछले कई वर्षों से पुल एवं स्कूल का आसपास एक बड़ा भाग तरह-तरह की गंदगी से गुलजार देखा जा सकता है।

बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि पुल से अटी पड़ी गंदगी



वातावरण खराब कर रही है इसके साथ ही स्कूल परिसर के करीब हवा में जहर घोलते इस गंदगी के साम्राज्य से शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों आदि को कोई भयंकर किस्म का रोग लपेट सकता है। उपायुक्त मंडी से शीघ्र ही समस्या के समाधान की मांग की। (अनंत ज्ञान)

# सरकार प्रत्येक वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने संस्कृति सदन में वन अधिकार अधिनियम, 2006 (एफआरए) के विभिन्न पहलुओं पर आयोजित जागरूकता कार्यशाला की अध्यक्षता की।

कार्याशाला में मंडी, कुल्लू, हमीरपुर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वहीं विधायक अनिल शर्मा, चंद्रशेखर, राकेश जम्वाल, इंद्र सिंह, सुरेंद्र शौरी, भुवनेश्वर गौड़, पूर्णचंद ठाकुर व दिलीप ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। जागरूकता कार्यशाला को संबोधित करते हुए जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी एसडीएम जो उपमंडल स्तरीय समिति के अध्यक्ष भी हैं, को उनके क्षेत्राधिकार में सभी ग्राम सभा एवं वन अधिकार समितियों के साथ 31 मई से पहले बैठक करने और लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

### दावों का होगा निपटारा

**ग्राम** सभा सभी अनुमोदित मामले सत्यापन के लिए उपमंडल स्तरीय समिति को भेजेगी। उपमंडल स्तरीय समिति सभी मामलों के सत्यापन के बाद जिला स्तरीय समिति को भेजेगी। उपायुक्त की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति दावों का निपटारा किया जाएगा। वहीं गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारियों ने भी सरकार की इस पहल को उत्कृष्ट करार देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार यह क्रांतिकारी कदम उठाकर एक ऐतिहासिक कार्य कर रही है। उन्होंने वन अधिकार समितियों एवं गैर सरकारी संगठनों में और बेहतर समन्वय का भी सुझाव दिया।

### चंद्रशेखर ने खंड विकास अधिकारियों को दिए सुझाव

**धर्मपुर** से विधायक चंद्रशेखर ने प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस कानून के बेहतर क्रियान्वयन से वंचित वर्गों के लोगों को राहत मिलेगी और वन भूमि से उनकी बेदखली की चिंता समाप्त होगी। उन्होंने इस तरह की कार्यशालाएं उपमंडल स्तर भी आयोजित करने तथा इनमें खंड विकास अधिकारियों को भी शामिल करने का सुझाव दिया।

# विमल नेगी मामले पर निकाला कैंडल मार्च

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बिजली बोर्ड के मुख्य अभियंता विमल नेगी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में सीबीआई जांच को लेकर गुरुवार को मंडी में विभिन्न संगठनों ने कैंडल मार्च कर मौन प्रदर्शन किया।

मौन प्रदर्शन व कैंडल मार्च की अगुवाई बल्ह से भाजपा विधायक इंद्र सिंह गांधी ने की। मौन प्रदर्शन में शामिल सभी लोगों ने हाथों में कैंडल जलाकर मंडी शहर का चक्कर लगाते हुए स्व. मुख्य अभियंता विमल नेगी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके लिए न्याय की मांग की। इस अवसर पर मौन जुलूस के संयोजक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि आज का यह प्रदर्शन पूरी तरह से गैर राजनीतिक था। इस प्रदर्शन में विभिन्न संगठनों ने भाग लिया है। उन्होंने कहा विमल नेगी की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है।

जिसके पीछे साफ-साफ भ्रष्टाचार सबसे बड़ा कारण है। उन्होंने कहा नेगी के परिजन, भाजपा व अन्य संगठन इस मामले की जांच की मांग सीबीआई से करवाने के लिए कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को छुपाने और दोषियों को बचाने में लगी हुई है। अभी तक प्रदेश सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को नहीं दी है। जबकि विपक्ष के नेता जयराम और भाजपा विधायक राज्यपाल से मिलकर सीबीआई जांच की मांग तक कर चुके हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री अनिल शर्मा, द्रंग के विधायक पूर्ण चंद सहित आदि मौजूद थे।

# देवनाद के भव्य आयोजन से गूंजा सुकेत देवता मेला

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



जिला मंडी के ऐतिहासिक राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेले में गुरुवार को सैकड़ों बजंतरियों की देव ध्वनि पर देवनाद का भव्य आयोजन किया गया।

देवनाद में 57 देवी-देवताओं के 526 बजंतरियों ने अपने वाद्ययंत्रों के माध्यम से पूरे पंडाल को गुंजायमान कर दिया। इस मौके पर डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण ने कहा कि देवी-देवताओं के देवलूओं द्वारा वाद्ययंत्रों के साथ देवनाद का आयोजन देव संस्कृति का परिचायक है।

# आईआईटी मंडी से ट्रेड पालमपुर ले जाने का होगा विरोध : जवाहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला के द्रंग विधानसभा क्षेत्र के कमांद में अंतरराष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थान आईआईटी मंडी के विभाजन की कवायद हो रही है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा।

द्रंग विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से आईआईटी मंडी से कुछ ट्रेड पालमपुर ले जाने की कवायद की जा रही है, जिसका वे पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की किसी भी कोशिश का विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बारे में वे केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर यह मामला उनके ध्यानार्थ लाना चाहते हैं। वहीं पर आईआईटी के निदेशक से सूचना के अधिकार के तहत यह जानकारी भी लेंगे कि सरकार की ओर से आईआईटी को उपलब्ध करवाई गई 2205 बीघा जमीन जो आईआईटी के नाम पर है उसका कितना उपयोग किया गया है।

उन्होंने बताया कि उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से यह मालूम हुआ है कि कमांद में जगह कम होने की वजह से आईआईटी मंडी की ब्रांच पालमपुर में खोली जाएगी। जवाहर ठाकुर ने कहा कि कांगड़ा में कई बड़े संस्थान पहले से ही मौजूद हैं, वहां पर आईआईटी मंडी की ब्रांच खोलना तर्क संगत नहीं है। जवाहर ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े मंडी जिले को बीते दो सालों से राजनीतिक रूप से ग्रहण लग गया है और यहां के बड़े नेता अपनी ही सरकार में राजनीतिक रूप से डिप्रेशन में चले गए हैं।

जवाहर ठाकुर ने कहा कि मंडी से आईआईटी की ब्रांच पालमपुर में स्थापित करने के पीछे तर्क दिया जा रहा है कि कमांद में इसके लिए जगह कम है। जबकि हकीकत में यह सही नहीं है। जवाहर ठाकुर ने कहा कि कमांद और उत्तरसाल क्षेत्र में सैकड़ों बीघा जमीन सरकारी है जो चरागाह और बिलादरख्तान कागजों में दर्ज की है। उन्होंने बताया कि अभी तक आईआईटी के पास घेड़ा फार्म की 68 बीघा जमीन खाली पड़ी है।

## आस्था

## उगता तारा भगवती मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# दस महाविद्याओं में द्वितीय, पुत्र प्राप्ति के लिए प्रसिद्ध

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राज्य स्तरीय देवता मेले में भाग लेने आए श्रद्धालुओं का हुजूम जोगिंद्रनगर के ऐतिहासिक उगता तारा भगवती मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ पड़ा। तरस गांव स्थित इस प्राचीन मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

**माता की साधना से दांपत्य जीवन में आती है सुख-समृद्धि**



माता उगता तारा महाविद्या तंत्र साधना की प्रमुख देवी मानी जाती हैं। इस अवसर पर मंदिर के गुरु ललित पंडित, सिद्धि गुरु आशाराम, पंडित पुलकीत भारद्वाज और संजय कुमार ने बताया कि माता न केवल तंत्र विद्या में सिद्धहस्त हैं, बल्कि पुत्र प्राप्ति की इच्छा रखने वाले भक्तों की भी मनोकामना पूर्ण करती हैं।

मंदिर परिसर में भक्तों ने विशेष हवन और पूजा-अर्चना की। स्थानीय प्रशासन ने मेले के दौरान भक्तों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए। श्रद्धालुओं का मानना है कि माता उगतातारा की साधना से शत्रु बाधा दूर होती है और दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि आती है। मंदिर समिति के अनुसार, इस वर्ष मेले में भक्तों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में अधिक रही, जिससे माता की बढ़ती महिमा और श्रद्धा का प्रमाण मिलता है।

जोगिंद्रनगर में आयोजित लघु शिवरात्रि मेले में इस बार टारना देवी मंदिर विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। दूर-दूर से श्रद्धालु टारना देवी के दर्शन के लिए पहुंचे और भव्य आरती में भाग लिया।

### मंदिर परिसर में सजाई विशेष झांकियां

**मंदिर** परिसर में विशेष झांकियां सजाई गईं और पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए, जिससे मेले की भव्यता और अधिक बढ़ गई। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की झांकियों के दर्शन किए और पूरे श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की। मंदिर समिति के अनुसार, इस बार मेले में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि टारना देवी के प्रति भक्तों की आस्था निरंतर बढ़ रही है।

# नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 12 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह के प्राचार्य एसडी शर्मा ने बताया कि विद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए छठी कक्षा में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 12 अप्रैल, 2025 को आयोजित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए पंजीकृत अभ्यार्थियों के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड होने शुरू हो गए हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी अभ्यार्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह समीप के जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी या नवोदय विद्यालय पंडोह से संपर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र व आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

# बिना कवर किए ले जाए जा रहे हथियार

**अनंत ज्ञान, महादेव**

यह तो लापरवाही है ही कि बिना कवर किए शस्त्र सार्वजनिक रास्ते पर राम भरोसे रख दिए जाएं और कोई दुरुपयोग करे तो जुर्म के भागी कौन होंगे यह एक बड़ा सवालिया निशान है।

कारतूस कह लो या बंदूक यह कोई मजाक नहीं है कि जब मन में आया हथियार प्रयोग में ले लो और जब मर्जी नुमाइश के लिए रख दो। हथियारों के लिए बाकायदा लाइसेंस लेने का प्रावधान है और इधर-उधर ले जाने के समय कवर करना भी जरूरी है। मगर यह सब वर्दी धारियों की नाक तले हो रहा है क्योंकि जहां नैशनल हाइवे सुंदरनगर (चतरोखड़ी) में ये हथियार दीवार के साथ टिकाए गए हैं, वहां पास ही यातायात कर्मी की



ड्यूटी रहती है और पुलिस ऑफिसर का सरकारी आवास भी है मगर सुरक्षा की दृष्टि से किसी को कुछ भी लेना देना नहीं है जो बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

बुद्धिजीवी लोगों ने उपायुक्त एवं एसपी मंडी से पुरजोर मांग की है कि बंदूकों को लाने ले जाने को लेकर सख्त कानून बनाते हुए लोगों की हिफाजत के दृष्टिगत बड़े पैमाने पर जांच पड़ताल करें।

# पूरी प्लानिंग कर चल रहा था ठगी का धंधा

राजेश शर्मा, ऊना

करीब एक दशक से हिमाचल में संदिग्ध सोसायटी गलत नित्य पैसे के लेन-देन का काम कर रही थी और उसकी भनक तक नहीं लग पाई। कई बड़े ठगी के मामलों के बावजूद सोसायटी के खिलाफ छानबीन न होना खुफिया तंत्र की चूक है।

आम और गरीब लोगों को निशाना बनाकर उनकी उम्र की कमाई लुटती रही, लेकिन हद है सरकारें तमाशबीन बनी रहीं। इस अवधि में भाजपा और कांग्रेस की सरकारें सत्ता में रही हैं। सहकारिता के क्षेत्र में यह स्कैम चौंकाने वाला है। हिमाचल में एक क्रेडिट सोसायटी द्वारा लोगों से लूट के मकसद से पूरी प्लानिंग कर ही करीब पांच सौ करोड़ का फ्रॉड किया है। इस सोसायटी द्वारा लोगों का विश्वास बनाने के लिए सरकार को एंबुलेंस भी भेंट की थी। इतना ही नहीं सोसायटी ने बड़ा फ्रॉड करने के लिए मोबाइल एटीएम सेवा भी शुरू कर दी थी, जिससे निवेशकों का उनके प्रति अटूट विश्वास बना रहे। हुआ भी ऐसा ही और 2012 से पंजीकृत सोसायटी लगभग 2015-16 से हिमाचल में सक्रिय हो गई। हिमाचल के मैदानी जिला ऊना को फ्रॉड सोसायटी और संस्थाएं पहले से ही टारगेट करती रही हैं।

यहां खुश नसीब फाइनेंस कंपनी से पीएसीएल, एसएमएस भेजने वाली कंपनी और कितनी क्रेडिट सोसायटी फ्रॉड कर गई, लेकिन लोग फिर भी आसानी से मूर्ख बन गए। कंपनी ने ठगी या फ्रॉड का तरीका नया किया और कई जाने पहचाने चेहरों को आगे कर जुगाड़ से लोगों को मूर्ख बना लिया। कुछ लोग समय रहते सोसायटी से अलग हो गए और बहाने बनाकर भूमिगत हो लिए। हिमाचल से लेकर दिल्ली तक दफ्तर बंद मिल रहे हैं।

करोड़ों का निवेश कहीं हुआ है या दस्तावेजों में ही पैसा दिखाया गया है, तो यह निवेशकों की बड़ी मुसीबत है। सपनों को बड़ा करो और थोड़ी मेहनत से आप रातों रात करोड़पति हो जाएंगे। यह सपना एक चाय की छोटी सी दुकान या सब्जी की फड़ी लगाने वाले उस इंसान को दिखा दिया जाए, जो मुश्किल से परिवार को दो समय की रोटी का जुगाड़ कर रहा है, तो वह सच मान लेगा। ऐसा ही उस क्रेडिट सोसायटी के प्रबंधकों ने किया, जो हिमाचल से लगभग पांच सौ करोड़ का फ्रॉड कर रफूचक्कर हो गई है। गरीब दुकानदार या दैनिक मजदूरी से जुड़े तबके को फोकस किया गया था। (अनंत ज्ञान)

### जीवन की पूरी पूंजी लुट चुकी

**आंखों** में लालच का ऐसा पर्दा डाला कि कई लोगों में करोड़पति बनने की होड़ मच गई। लुभावनी योजनाओं के साथ एक क्रेडिट सोसायटी के कारिंदों ने ऐसा जादू चलाया कि मामूली चाय की दुकान चलाकर पेट पालने वाला भी अपने सुनहरी भविष्य के सपनों में खोकर उनके चंगुल में आ गया। शातिर दिमाग किसी एक का था, जिसने पूरे देश में क्रेडिट सोसायटी के नाम पर लोगों के कई हजार करोड़ को लगभग डूबो दिया। सोसायटी के नाम पर धोखा करने वाले मास्टर माइंड ने हर क्षेत्र से अपने साथ बड़ा लालच देकर उन लोगों को अपने साथ जोड़ा, जिनका गांवों तक सीधा संपर्क था। पांच साल में दोगुना पैसा और न जाने कैसे कैसे लुभावने वादे किए थे। कुछ को लाभ दिया और उनसे फिर निवेश करवाया गया, लेकिन अब उनके हाथ खाली हैं। कुछ ने तो आत्महत्या जैसे कदम उठाने का प्रयास किया है, जबकि कुछ के पास जीवन की पूरी पूंजी लुट चुकी है। सैकड़ों लोग हताश होकर प्रशासन और शासन के आगे पीछे राहत मिलने की उम्मीद में घूम रहे हैं।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

### झूठे सपनों में कर दिया अंधा

मोटिवेशनल स्पीकर और यूथ आइकन न जाने कितने लोग थे, जिन्होंने मिलकर हिमाचल के भोले-भाले लोगों को झूठे सपनों में अंधा कर दिया। दिमाग में ऐसा पर्दा लगा दिया कि वे किसी से अपने काम का जिक्र तक नहीं कर रहे थे। कामयाबी का सीक्रेट और मूल मंत्र ही ऐसा मिला था कि वे किसी से कुछ समझने को तैयार नहीं थे, जब तक लुट नहीं गए, तब तक भी उम्मीदों के घोड़े पर सवार लोग कायमयाबी की उस मंजिल की तलाश में भाग रहे थे, जो आगे कहीं भी नहीं थी।

## आचार्य नीरज कर रहे अमृत वर्षा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बंगाणा के गांव नायली में श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य नीरज शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह मनुष्य को सच्चे मार्ग की ओर अग्रसर करने वाली एक दिव्य दिशा है। इस कथा के माध्यम से हमें जीवन के उद्देश्य, धर्म, भक्ति और योग का सही ज्ञान प्राप्त होता है। हालही में बंगाणा के नायली गांव में आचार्य नीरज शास्त्री द्वारा राजा परीक्षित के प्रसंग पर आधारित भागवत कथा का आयोजन हुआ।

इसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया। इस कथा में आचार्य नीरज शास्त्री ने राजा परीक्षित के जीवन की घटनाओं के माध्यम से जीवन के परम सत्य को उजागर किया। कथा व्यास ने कहा कि राजा परीक्षित का प्रसंग श्रीमद् भागवत कथा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। राजा परीक्षित की कहानी में कई संदेश निहित हैं, जो जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने में मदद करते हैं। राजा परीक्षित की कथा में यह दिखाया गया कि जीवन में अच्छे और बुरे कर्मों के परिणामों का सामना करना पड़ता है।

# इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना : बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार की ठोस पहल

अनंत ज्ञान, ऊना

बेटियां केवल परिवार की नहीं, बल्कि समाज की नींव होती हैं। उनके सुरक्षित, स्वस्थ और सशक्त जीवन के बिना किसी भी प्रगतिशील समाज की कल्पना अधूरी है।

हिमाचल सरकार इसी दृष्टिकोण के साथ महिलाओं और बालिकाओं के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए सरकार ने इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना शुरू की है। यह योजना बेटियों को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण को समर्पित है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने बजट भाषण में इस योजना की घोषणा की थी। इस योजना के माध्यम से सरकार का मुख्य उद्देश्य बेटियों को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। इससे न केवल उनके स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार होगा, बल्कि उन्हें अपने भविष्य की योजनाओं को साकार करने में भी सहायता मिलेगी। यह योजना प्रदेश सरकार की एक ऐसी दूरदर्शी पहल है, जो बेटियों को सुरक्षित भविष्य की गारंटी देने के साथ ही उनके सशक्तिकरण में मददगार होगी।

### योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रतिबद्ध प्रशासन

डीसी जतिन लाल इस योजना को ऊना जिले में प्रभावी ढंग से लागू करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहते हैं कि हमारी टीम यह सुनिश्चित करेगी कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार को मिले। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी पात्र बालिका इस योजना के दायरे से बाहर न रहे और उन्हें एक सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य मिले।

### ये हैं योजना की विशेषताएं

**योजना** को बीपीएल परिवारों में जन्म लेने वाली दो बालिकाओं के लिए शुरू किया है। इस योजना से बेटियों का भविष्य सुरक्षित होगा और यह बेटी है अनमोल योजना को भी और अधिक सशक्त बनाएगी। इसके अंतर्गत बालिका के जन्म पर 25 हजार रुपए की राशि बीमा कंपनी में जमा की जाएगी। बालिका के माता-पिता को प्रति अभिभावक 2 लाख रुपए का जीवन बीमा दिया जाएगा। यह राशि बालिका को 18 वर्ष की आयु से 27 वर्ष तक उसकी इच्छा अनुसार प्रदान की जाएगी।

### क्या कहते हैं मुख्यमंत्री सुक्खू व डिप्टी सीएम

**मुख्यमंत्री** सुक्खू का कहना है कि प्रदेश सरकार महिलाओं और बालिकाओं के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना बेटियों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल उनकी शिक्षा और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक होगी। यह योजना समाज में बेटियों की स्थिति को और अधिक सशक्त बनाएगी और आने वाले वर्षों में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार बेटियों के जन्म से लेकर उनके आत्मनिर्भर बनने तक हर चरण में उनके साथ खड़ी है। इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना केवल बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके उज्ज्वल भविष्य की गारंटी भी है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण के मजबूत आधार के रूप में यह योजना समाज में बेटियों की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल पहुंचने पर छात्रों का हुआ भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में 3 अप्रैल से नए सत्र का शुभारंभ हुआ। अध्यापकों द्वारा सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सुबह की प्रार्थना सभा में शिक्षकों और प्रधानाचार्य द्वारा अनुशासन, शिक्षा और चरित्र निर्माण के महत्व पर मार्गदर्शन किया गया। नए सत्र की शुरुआत में पहले दो दिन वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई जाएंगी। स्कूल के चेयरमैन सतपाल वशिष्ट ने नए सत्र की शुरुआत पर अध्यापकों, बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि नए सत्र में हम शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए और नए-नए आयाम हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने बच्चों को नैतिक शिक्षा और अनुशासन के बारे में बताया।

### डांस के सुपरस्टार का 12 अप्रैल को होगा आगाज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना में विद्यार्थी समाजसेवा सभा द्वारा आयोजित किए जा रहे डांस के सुपरस्टार सीजन 5 का आगाज 12 अप्रैल को होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की डांस के प्रति रुचि को बढ़ावा देना और उनकी कला को नया आयाम देना है। विद्यार्थी समाजसेवा सभा के अध्यक्ष पंकज ने जानकारी दी और बताया कि इस बार भी प्रतियोगिता को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों से 250 बच्चों का चयन किया जाएगा। विद्यार्थी समाजसेवा सभा हर साल अपनी तरफ से डांस प्रतियोगिता का आयोजन करती है, ताकि बच्चों को अपनी कला को प्रकट करने का मंच मिल सके। इस साल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संस्था की टीम ऊना जिले के विभिन्न स्कूलों का दौरा करेगी। यहां बच्चों की डांस रुचि का आकलन किया जाएगा और फिर 250 बच्चों का चयन किया जाएगा, जिन्हें बाद में डांस की कला को और निखारने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह बच्चों के आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा और वे मंच पर अपने हुनर का प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे।

### रामपुर में गेहूं खरीद कार्य 8 अप्रैल से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले में कृषि उपज विपणन समिति मंडी टकारला और रामपुर में गेहूं की खरीद का कार्य प्रदेश सरकार द्वारा प्राधिकृत नोडल एजेंसी द्वारा 8 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले (डीएफएससी) ऊना राजीव शर्मा ने बताया कि किसान गेहूं की बिक्री के लिए अपना पंजीकरण ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अलावा डीएफएससी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,425 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

### आज होंगे आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एचपीएसडीआरएफ) की प्रशिक्षित टीम ने जिला ऊना के राजकीय (आदर्श) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बहडाला में स्कूली बच्चों सहित आसपास के लोगों के लिए आपदा प्रबंधन पर एक जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस सामुदायिक जन जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 70 लोगों ने भाग लिया। एचपीएसडीआरएफ टीम का नेतृत्व कर रहे मुख्य आरक्षी अजय ने बताया कि इस दौरान स्कूलों बच्चों और स्थानीय लोगों को हृदय गति रुक जाने पर सीपीआर, किसी घायल व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रदान करने के तरीके तथा स्ट्रैचर निर्माण की विभिन्न तकनीकों के बारे में व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षण दिया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं डीसी ऊना जतिन लाल के दिशा-निर्देशानुसार 4 अप्रैल को कांगड़ा में आए विनाशकारी भूकंप की वर्षगांठ के अवसर पर जिला के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# चिंतपूर्णी माता की कृपा से चंबा से जीतकर विधानसभा पहुंचा : नीरज



अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

### चंबा के विधायक ने परिवार सहित मां चिंतपूर्णी के किए दर्शन

प्रसिद्ध शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में वीरवार को चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने परिवार सहित मां चिंतपूर्णी के दर्शन किए। चिंतपूर्णी पहुंचने पर कार्यवाहक मंदिर अधिकारी अरुण संख्यान ने उनका स्वागत किया।

पुजारी नभ कालिया व ट्रस्टी तिलक राज कालिया ने विधि-विधान से उन्हें पूजा-अर्चना करवाई तथा पूजा-अर्चना व दर्शन करने के बाद उन्हें माता की चुनरी व फोटो भेंट की। दर्शन करने के उपरांत उन्होंने बताया कि मां चिंतपूर्णी के दरबार में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शनों को आते हैं। मां चिंतपूर्णी 51 शक्तिपीठों में से एक है। उन्होंने बताया कि हमारे परिवार पर माता रानी की असीम कृपा है और उनकी कृपा से ही मैं चंबा से जीतकर विधानसभा पहुंचा हूं। उन्होंने मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुविधाओं की सराहना की। इस अवसर पर कार्यवाहक मंदिर अधिकारी अरुण, ट्रस्टी तिलक राज कालिया मौजूद रहे।

# पंडोगा में लगा भवन निर्माण सामग्री संयंत्र

अनंत ज्ञान, ऊना



हरोली विधानसभा के तहत गांव पंडोगा में एक सीमेंट कंपनी के साथ मिलकर ग्रीन बिल्डिंग सेंटर का विधिपूर्वक शुभारंभ हुआ। इसका सलोह कुटिया के यशगिरी महाराज ने पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जहां सीमेंट कंपनी के उच्च अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, विदेश से मंगवाई गई ऑटोमैटिक मशीनरी के कंपनी के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। इस अवसर पर ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने विशेषातिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अशोक ठाकुर, रमेश पाठक, रोहित पाठक, मनप्रीत सिंह, कमल पॉल, रमन पाठक, उर्मिला पाटिल, अजय कुमार, मुकेश जसवाल, बिजली बोर्ड ऊना के अधीक्षण अभियंता बलराज सांगर, सहायक अधिशाषी अभियंता कमल चौधरी, जेई चंदन, अभिनाश कपिला, प्रवेश शर्मा, विशाल चौधरी, गौरव कालरा, संतोष खाबड़े, पंकज दत्ता, संजय ठाकुर, अजय जसवाल, राजन जसवाल, मुकेश पोला, नवीन पाठक, अजय शर्मा, सुरजीत नंबरदार, रिंकू नंबरदार सहित भारी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे। इस अवसर पर रोहित पाठक ने बताया कि प्लांट में ऑटोमैटिक मशीनरी लगाई गई है, जिसमे आधुनिक तकनीक से ईको ब्रिक्स ब्रेवर्स एवं ब्लॉकस का निर्माण होगा। ऊना-गगरेट मुख्य मार्ग पर लगाए इस प्लांट में करोड़ों की लागत से ऑटोमेटिक मशीनरी लगने से जहां नई तकनीक से बनाई गई इंटे व ब्लॉकस मिलेंगे।, वहीं स्थानीय दर्जनों लोगो को रोजगार के अवसर भी प्रदान होंगे। ग्रीन बिल्डिंग सेंटर में आधुनिक तकनीक से फ्लाई ऐश और सीमेंट का इस्तेमाल कर ईंट, ब्लॉक व पेवर बनाए जा रहे हैं। इसकी मजबूती को लेकर निर्माण कंपनी खासी उत्साहित है। उनका कहना है कि आधुनिक तकनीक से बिल्डिंग मेटिरियल का निर्माण किया जा रहा है।

## विपक्ष धर्म- जाति के नाम पर बांटने का प्रयास करता : अरुण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले से युवा भाजपा अरुण कौशल ने कहा बुधवार-वीरवार के मध्य रात्रि भारत की एक ऐतिहासिक रात रही। लोकसभा में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने फिर एक बार साबित कर दिखाया कि मोदी है, तो मुमकिन है। उन्होंने कहा कि हालही में वक्फ बोर्ड ने उत्तर रेलवे की भूमि वक्फ बोर्ड के नाम घोषित कर दी। हिमाचल प्रदेश में इस संपत्ति को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताकर उस पर मस्जिद बनाने का काम किया। अरूण कौशल ने कहा कि विपक्ष गठबंधन सिर्फ मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति करने में लगा है। विपक्ष देश को धर्म- जाति के नाम पर बांटने का प्रयास करता रहा है। भारतीय सेना और भारतीय रेलवे के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है, अब सरकारें इसका इस्तेमाल गरीब मुस्लिम समुदाय के लोगों के कल्याण के लिए कर सकेंगी।

## कल से क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, जोल।** डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर के सौजन्य से डोगरा क्रिकेट कप नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत उपतहसील जोल के गांव तलमेहड़ा में युवाओं को डोगरा क्रिकेट कप प्रतियोगिता के जरिए नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करेगी। इस कड़ी में जिला ऊना के युवाओं के लिए चार दिवसीय निशुल्क क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज 4 अप्रैल से किया जा रहा है। इसमें 32 टीमों भाग लेंगी। इस पहल पर डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक अभिषेक डोगरा ने कहा कि खेल युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा में लाने के लिए सही माध्यम है। अभिषेक ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए पंचायत स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर द्वारा शुरू की गई इस पहल से जुड़ते हुए युवा बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। इसका शुभारंभ रिटायर्ड कर्नल रघुवीर सिंह करेंगे। क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में विजेता टीम को 11 हजार व उपविजेता को 7100 रुपए की नकद राशि एवं ट्रॉफी दी जाएगी।

## चिंतपूर्णी मंदिर : 56 .26 करोड़ की स्वीकृति के लिए पूर्व विधायक ने केंद्र का जताया आभार



अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के पूर्व विधायक एवं जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह ने शक्तिपीठ मां चिंतपूर्णी मंदिर के विकास व सौंदर्यीकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा 56.26 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर तथा केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया।

पूर्व विधायक ने बताया कि चिंतपूर्णी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए इस मंदिर को प्रसाद योजना के अंतर्गत भाजपा की जयराम सरकार के समय शामिल किया था। इसके अंतर्गत 25 करोड़ रुपए पहले ही मिल चुके हैं। वहीं, उन्होंने पर्यटन विभाग के अधिकारियों का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने विस्तृत योजना तैयार कर केंद्र को भेजी। इस योजना से श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार होगा। रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। स्थानीय कला, संस्कृति, हस्तशिल्प एवं व्यंजनों को भी बढ़ावा मिलेगा। नवरात्र के पावन अवसर पर मिली सौगात का चिंतपूर्णी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश के सभी सनातनी लोगों के लिए शुभ संकेत है।

### बबलू ने कहा- सरकार समाज के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध

# जरूरतमंद लोगों को दी सहायता राशि

अनंत ज्ञान, अंब



चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने वीरवार को विश्राम गृह अंब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंदिर न्यास की तरफ से आठ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी के लिए दो लाख रुपए के चैक वितरित किए।

इसके अलावा विधायक ने मंदिर न्यास की ओर से दो अन्य जरूरतमंद लोगों को तीन लाख रुपए के चैक दिए। यह राशि उन परिवारों को डंगों के निर्माण के लिए दी गई, जिनके घर भू-स्खलन या किसी अन्य कारणवश असुरक्षित हो गए थे। विधायक ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के विकास और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार के कोष के अलावा चिंतपूर्णी मंदिर न्यास के माध्यम से भी जरूरतमंदों तक सीधी सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें और उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। प्रदेश सरकार समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है और आने वाले समय में इस तरह की और भी सहायता योजनाएं लागू की जाएंगी, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग लाभान्वित हो सकें। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी ओमपाल डोगरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता विकास कश्यप, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष एवं बीडीसी सदस्य डॉ. राजपाल शर्मा, छपरोह की प्रधान शशि बाला, पूर्व उपप्रधान राज कुमार गौतम, पार्षद रितेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

**तैयारियां** भाजपा स्थापना दिवस और बूथ स्तर अभियान की तैयारियों को लेकर कुटलैहड़ में तैयारियां जोरों पर

# 6 से 13 तक नेता बूथ प्रवास पर पार्टी को करेंगे मजबूत

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़, भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर कुटलैहड़ क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता इस समय भाजपा के स्थापना दिवस और भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस को लेकर तैयारियों में जुटे हैं। छह अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।

इस दिन भाजपा कार्यकर्ताओं की उत्साह और समर्पण को उजागर करने के लिए बंगाणा भाजपा कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कुटलैहड़ मंडल बंगाणा के अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने बताया कि 6 से 13 अप्रैल तक पार्टी के वरिष्ठ नेता बूथ प्रवास पर रहेंगे। यह प्रवास पार्टी के कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याओं को सुनने और आगामी चुनावों के लिए तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण रहेगा। राजेंद्र मलांगड़ ने बताया कि बूथ स्तर पर पार्टी का कार्य लगातार मजबूत होता जा रहा है। इस दौरान 6 से 13 अप्रैल तक भाजपा के वरिष्ठ प्रभारी कुटलैहड़ के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास करेंगे। इस प्रवास का मुख्य उद्देश्य पार्टी के आधार को और मजबूत करना है। इसके बाद 14 अप्रैल को कुटलैहड़ और आसपास के क्षेत्रों में भाजपा के कार्यकर्ता भीमराव अंबेडकर का जन्मदिवस धूमधाम से मनाएंगे।

यह कार्यक्रम समाज के हर वर्ग को एकजुट करने का संदेश देने के साथ-साथ अंबेडकर के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा। 14 से 25 अप्रैल तक भाजपा के कार्यकर्ता कुटलैहड़ के हर बूथ पर प्रवास करेंगे और वहां के स्थानीय कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों और योजनाओं से अवगत करवाएंगे। इस अभियान में कुटलैहड़ भाजपा मंडल डेरा बाबा रूद्रानंद के अध्यक्ष राज कुमार वर्मा ने बताया कि इस दौरान 25 तक लगातार बूथ स्तर पर पार्टी का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। पार्टी ने इस बार कुटलैहड़ में बंगाणा मंडल में 16 नए बूथ बनाए हैं, जबकि डेरा बाबा रूद्रानंद में 12 नए बूथ स्थापित किए हैं। इन नए बूथों पर पार्टी ने बूथ प्रभारी भी नियुक्त किए हैं, जो अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी की गतिविधियों को मजबूती से चलाएंगे। भाजपा ने अपने बूथ स्तर अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए इस बार एक नई रणनीति अपनाई है। लगातार 19 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर लोगों से संवाद करेंगे, उनके सवालों के जवाब देंगे और पार्टी की नीतियों की जानकारी देंगे।

कुटलैहड़ के भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस अभियान के दौरान पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का साथ उन्हें और भी मजबूत करेगा और आगामी चुनावों में पार्टी की सफलता सुनिश्चित होगी। भाजपा के हर कार्यकर्ता को यह अभियान एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में देखने को मिल रहा है और वे इसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही पार्टी की ओर से संगठनात्मक कार्यों में भी तेजी लाई जा रही है। भाजपा के नेताओं का कहना है कि पार्टी ने बूथ स्तर पर अपनी ताकत बढ़ाई है और यह अभियान पार्टी के विस्तार और प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं को एकजुट करने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## प्रदेश सरकार के कुशासन के प्रपत्र का वितरण आमजन तक पहुंचाने का करेंगे काम : सुमित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा संगठन के 46वें प्रवेश वर्ष के स्थापना दिवस के कार्यक्रम पूरे प्रदेश में 6 से 13 अप्रैल तक एक साप्ताहिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।



भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम के प्रदेश के सहसंयोजक एवं प्रदेश सचिव सुमित शर्मा ने बताया कि भाजपा संगठन स्थापना के कार्यक्रमों में 6 अप्रैल को अपने प्रदेश, जिला व मंडल कार्यालय में स्वच्छता, पुष्प मालाएं एवं ध्वजारोहण कर इस सप्ताह के कार्यक्रमों का शुभारंभ करेगी। स्थापना दिवस के कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए संसदीय क्षेत्र, जिला व मंडल स्तर पर संयोजक एवं टीम का गठन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने पूर्व में ही कर दिया है। सुमित ने बताया कि 7 अप्रैल को प्रदेश के प्रत्येक मंडल के हर एक बूथ पर पार्टी के पंचायतीराज संस्थाओं के जन प्रतिनिधि, विधायक, प्रत्याशी, प्रदेश पदाधिकारी एवं मोर्चा के पदाधिकारी बूथ बैठक का आयोजन करेंगे और बूथ समिति सदस्यों संग प्रत्येक घर में ध्वजारोहण करेंगे। यहीं नहीं साथ में भाजपा के इतिहास-विकास, केंद्र की मोदी सरकार के सुशासन और प्रदेश सरकार के कुशासन के प्रपत्र का वितरण आमजन तक पहुंचाने का काम करेंगे। 8-9 अप्रैल को प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। बूथ पर लाभार्थी से और प्रत्येक धर्म/जाति के घरद्वार तक जन संपर्क अभियान के तहत सबका साथ सबका विकास के ध्येय के साथ मोदी सरकार की योजनाओं की चर्चा और लाभ के विषय पर जानकारी उपलब्ध करवाने का कार्य भाजपा कार्यकर्ता करेंगे। 13 अप्रैल को शाम डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्वच्छता कर आगामी सप्ताहिक कार्यक्रमों की गति देने का कार्य भी करेंगे। स्थापना दिवस के निमित्त भाजपा की प्रदेश स्तरीय वर्चुअल बैठक 31 मार्च को हो चुकी है और चारों संसदीय क्षेत्र की बैठक भी 3 अप्रैल को संपन्न हुई है।

### विधायक विवेक ने चताड़ा पंचायत में सुनीं समस्याएं व समाधान के दिए निर्देश

# बगलामुखी में जनता की सुख-समृद्धि की कामना की

अनंत ज्ञान, बंगाणा



कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चताड़ा पंचायत में जाकर जनता की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस कार्यक्रम ने न केवल विधायक और जनता के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा दिया, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि विधायक अपने क्षेत्र की प्रगति और लोगों की भलाई के प्रति कितना गंभीर हैं। विधायक विवेक शर्मा ने चताड़ा पंचायत में पहुंचकर वहां की जनता से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। इस कार्यक्रम में उन्होंने कई तरह की समस्याओं पर विचार किया। इसमें सड़क और जल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, शिक्षा और रोजगार के अवसरों की कमी जैसी विषय प्रमुख थे। जन समस्याओं को सुनने के बाद विधायक ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के आदेश दिए। उनका कहना था कि जनता के अधिकारों का सम्मान करना और उनकी समस्याओं का हल निकालना उनका कर्तव्य है। विवेक शर्मा ने कहा कि वह कुटलैहड़ क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में लगातार प्रयास करेंगे। विधायक के अनुसार, यह कार्यक्रम न केवल उन्हें जनता से जुड़ने का एक अवसर प्रदान करता है, बल्कि यह अधिकारियों को भी जनता की वास्तविक समस्याओं का अहसास करवाता है, जिससे समाधान की प्रक्रिया में तेजी आती है। विधायक ने कुटलैहड़ की जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का जाहिर करते हुए कहा कि वह इस क्षेत्र के हर व्यक्ति को अपना परिवार मानते हैं। उनका मानना है कि एक विधायक का मुख्य कर्तव्य अपनी जनता के साथ हर एक समस्या पर गहरी समझ और संवेदनशीलता के साथ काम करना है। कुटलैहड़ क्षेत्र की हर समस्या का समाधान उनके लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। क्षेत्र की जनता का विश्वास और प्यार ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। मेरा परिवार शब्द का प्रयोग करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि कुटलैहड़ के हर व्यक्ति की समस्याओं को उनके घरद्वार पर जाकर सुना जाएगा और उचित समाधान निकाला जाएगा। विधायक ने नवरात्र पर माता बगलामुखी के मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की।

वहीं, उन्होंने कुटलैहड़ की जनता की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना भी की। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र की समृद्धि के लिए मां बगलामुखी से आशीर्वाद प्राप्त करना उनके लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। विधायक विवेक शर्मा ने नवरात्र के इस अवसर पर मां बगलामुखी से प्रार्थना की कि कुटलैहड़ की जनता को खुशहाली और समृद्धि मिले और क्षेत्र के विकास में कोई भी अड़चन न आए।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव बताए



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज के मार्गदर्शन में लाहौल-स्पीति पुलिस ने लोगों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से बचाना और समाज में एक स्वस्थ, सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण बनाना है। नशीले पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य और भविष्य की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि अपराध और सामाजिक अव्यवस्था को भी बढ़ावा देता है। पुलिस गांव सहित पर्यटन स्थलों में जाकर लोगों व पर्यटकों से अपील कर रही है कि वे नशे से दूर रहें और अपने परिवार, दोस्तों और समुदायों में जागरूकता फैलाएं। यदि कोई व्यक्ति नशीली दवाओं के सेवन या अवैध नशीली दवाओं की बिक्री में लिप्त पाया जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। लाहौल-स्पीति की एसपी इल्मा अफरोज ने कहा कि नशा मुक्त समाज सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

### ब्यास के किनारे वायर क्रेट वॉल लगाने का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भुंतर की भुईन पंचायत के एक से 4 और नगर पंचायत भुंतर के वार्ड नंबर चार के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल कुल्लू के उपायुक्त तोरुल एस रवीश से मिला। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर भुंतर एयरपोर्ट में ब्यास नदी के किनारे सुरक्षा दीवार के अलावा वायर क्रेट वाल लगाने का विरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यदि यहां पर सुरक्षा दीवार लगाई जाती है तो उससे बस्ती को खतरा होगा। उन्होंने उपायुक्त को अवगत करवाया कि भुंतर एयरपोर्ट में एक सुरक्षा दीवार पहले भी लगाई जा चुकी है, लेकिन अब इस पुरानी सुरक्षा दीवार से करीब 20 फुट आगे एक और सुरक्षा दीवार लगाई जा रही है जिससे नदी का बहाव उनकी बस्ती की तरफ मुड़ गया है और यहां 60 से अधिक घरों को खतरा मंडराने लगा है। वहीं, भुईन पंचायत के पूर्व प्रधान त्रिलोक सिंह जम्बाल ने बताया कि कुल्लू के उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को उनकी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि भुंतर एयरपोर्ट में ब्यास नदी के किनारे लगाई जा रही सुरक्षा दीवार का क्षेत्र के लोग पुरजोर विरोध कर रहे हैं क्योंकि इस दीवार के लगने से 60 के करीब घरों को खतरा बढ़ गया है।

### डीडीएमए कुल्लू आज आपदा पर करेगा जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** 4 अप्रैल 1905 को कांगड़ा में आए भूकंप की स्मृति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) कुल्लू द्वारा आपदा जागरूकता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में शेक आउट ड्रिल (ड्रॉप, कवर और होल्ड), निकासी अभ्यास, व्याख्यान एवं जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं, जो जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों, विभागों और संगठनों में आयोजित किए जाएंगे, ताकि भूकंप से पहले, दौरान और बाद में किए जाने वाले उपायों की जानकारी दी जा सके। इसके अतिरिक्त 4 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे से 12 बजे तक कुल्लू के अटल सदन में 'सुरक्षित निर्माण तकनीक' पर एक अर्धदिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसके उपरांत एकजुटता मार्च निकाला जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन कुल्लू द्वारा जिले के सभी नागरिकों, संस्थानों एवं संगठनों से आग्रह कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें एवं सुरक्षित निर्माण पद्धतियों को बढ़ावा देकर आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाएं।


# मां भागासिद्ध की चौखट से कोई भक्त नहीं जाता खाली हाथ

## नवरात्र स्पेशल : काष्ठकुणी शैली से है निर्मित, मां के आशीर्वाद से बात करने में असमर्थ बच्चे भी लग जाते हैं बोलने

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू मुख्यालय के साथ सटी लगघाटी स्थित खलाड़ानाला में मां भागासिद्ध का भव्य मंदिर है। जिला मुख्यालय से मात्र डेढ़ किलोमीटर दूर एक शांत और खूबसूरत जगह खलाड़ानाला में स्थित काष्ठकुणी शैली का खूबसूरत एवं भव्य मंदिर भक्तों के लिए आस्था और विश्वास का केंद्र बना हुआ है। लगघाटी का रुख करते ही सबसे पहले खलाड़ानाला नजर आता है, जहां पर मां भागासिद्ध का यह अदभुत एवं विशाल मंदिर अपनी खूबसूरती से हर किसी का मन मोह लेता है।

इस स्थान पर पहले एक छोटा सा मां का मंदिर हुआ करता था और बाद मां रानी ने गुर के माध्यम से यहां पर मंदिर निर्माण की बात कही जिस पर अमल करते हुए मंदिर कमेटी के सदस्यों एवं कुल्लू जिला के विभिन्न कोनों से आने वाले भक्तों के सहयोग से यहां पर वर्ष 2019 के बाद नए मंदिर का निर्माण कार्य शुरू किया गया और कुछ सालों में भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। मां भागासिद्ध मंदिर के मुख्य पुजारी बेली सिंह, मां भागासिद्ध मंदिर के मुख्य गुर प्रमेश कुमार तथा पुरोहित रवि शर्मा ने बताया कि मंदिर में हर रोज भक्तों को आना लगा रहता है और विशेष तौर पर हर रविवार के दिन मंदिर में दूर-दूर से भक्त मां रानी के दर्शनों का लाभ लेने के लिए आते हैं और अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए मां रानी की चौखट पर अपना शीश नवाते हैं।



मंदिर परिसर का भव्य एवं मनोरम दृश्य, (इनसेट) माता की भव्य मूर्ति।

पुरोहित रवि शर्मा ने बताया कि मां रानी के दरबार से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता। इस मंदिर में कई माता-पिता अपने ऐसे बच्चों को लेकर आए, जो कि बात करने में असमर्थ थे, मगर माता रानी के आशीर्वाद से वे बच्चे अब साफ साफ बोलने लगे हैं। इसी तरह से सैकड़ों भक्तों की मनोकामना को मां रानी ने पूरा किया है और सैकड़ों भक्तों की शारीरिक और मानसिक तकलीफों का समाधान भी मां के आशीर्वाद से होता है, बस भक्तों को माता रानी पर विश्वास रखना होता है।

**मंदिर में होती है हर साल सैकड़ों शादियां :** माता भागासिद्ध मंदिर में हर साल सैकड़ों लोग विवाह के पवित्र बंधन में बंधने के लिए पहुंचते हैं और मां को साक्षी मान कर विवाह के पवित्र बंधन में हमेशा हमेशा के लिए बंध जाते हैं। हर साल दशहरे से कुछ समय पहले यहां पर सबसे ज्यादा शादियां होती हैं। मां रानी के मंदिर में मां के आशीर्वाद से नवविवाहित जोड़े अपने वैवाहिक जीवन के सुखद होने की कामना करते हुए नए जीवन की शुरुआत करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### मंदिर परिसर में होता है भव्य मेले का आयोजन

बीस भादो को मां भागासिद्ध मंदिर के परिसर में तीन दिवसीय मेले का भव्य आयोजन किया जाता है। जहां पर हजारों की संख्या भक्त मां रानी के दर्शनों के साथ मेले में भी भाग लेते हैं। इस अवसर पर डुगीलग में स्थित मां भागासिद्ध भी खलाड़ा नाला में आने देवलुओं के संग तीन दिवसीय मेले का हिस्सा बनती हैं तथा उपस्थित भक्तों की मनोकामना को पूर्ण करती हैं। इसके साथ ही सावन महीने में मां के मंदिर में खीर भंडारे का भी अव्य आयोजन किया जाता है।

### मंदिर परिसर में दर्जनों देवी-देवताओं का वास

मां भागासिद्ध मंदिर परिसर में माता रानी के साथ-साथ अन्य देवी देवता भी विराजमान हैं जो कि मंदिर परिसर में स्थापित हैं। इन देवी देवताओं में श्री फुंगणी माता, भालठी नारायण, भगवान शिव शंकर महादेव, कृष्ण भगवान, पंचमुखी हनुमान, श्री नाड़ा देवता यानी देवता वीर नाथ, 18 पेड़े देवता, पंडिर देवता, लक्ष्मी नारायण, थान देवता, मां काली, शनि देवता और श्री विश्व कर्मा विराजमान हैं और अपने भक्तों के कष्टों का निवारण करते हैं। एक स्थान में इतने देवी-देवताओं के साथ दर्शन करना भी भक्तों के लिए दुर्लभ एहसास है।

### श्रद्धालुओं की हर मनोकामना होती है पूरी

पुरोहित रवि शर्मा बताते हैं कि सच्चे और पवित्र भावना लिए मां रानी के दर्शन के लिए जो भी भक्त यहां पर आते हैं, उनकी मनोकामना को माता रानी जरूर पूरा करती हैं। उन्होंने बताया कि हर रविवार को करीब 500 से 700 भक्त मंदिर परिसर में जमा होते हैं और उनकी मनोकामना पूर्ति के लिए गुर के माध्यम से पूछ डालते हैं, जिस पर मां रानी स्वयं गुर के माध्यम से अपने भक्तों की समस्या का समाधान करती है। भक्तों के अनुसार मां रानी हर मनोकामना को पूरा करती है और कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटता।

# विमल नेगी की मौत की हो सीबीआई जांच: गोविंद

## सभी वर्ग के लोगों ने कैंडल मार्च निकाल भ्रष्टाचार की बलि चढ़े ईमानदार अधिकारी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले की जनता ने भ्रष्टाचार की बलि चढ़े पावर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारी की रहस्यमई परिस्थितियों में हुई मौत पर उनकी आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला और इस शांतिपूर्ण जलूस में राजनीति से ऊपर उठ कर हिस्सा लिया। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने भी जनता के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। जलूस के बाद पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि विमल नेगी बहुत ही ईमानदार अधिकारी थे परंतु उनकी मौत ने वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली पर बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है।

पिछले महीने 10 मार्च को लापता हुए विमल नेगी की गुमशुदगी के बाद उनकी तलाश में सरकार का रवैया निराशाजनक रहा वह भी तब, जब उनके परिवार वाले दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री से उनकी जल्द तलाश की प्रार्थना करते रहे हों। उन्होंने कहा कि उसके बाद उनके परिवार ने थक हार कर उनकी खबर देने वालों को एक लाख का इनाम घोषित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि लगभग 9 दिनों के बाद विमल नेगी का शव बरामद होता है।




चीफ इंजीनियर को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकालते गणमान्य व अन्य।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बताती है कि उनकी मौत पांच दिन पहले हो चुकी थी। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को कार्यालय के बाहर रख कर उनका परिवार और उन्हीं के विभाग के सैंकड़ो कर्मचारी अधिकारी मंत्री जगत सिंह नेगी के समक्ष पावर कॉरपोरेशन के उच्च अधिकारीयों पर संगीन आरोप लगाते हुए नारेबाजी करते हैं परंतु तब भी सरकार की आंख नहीं खुलती है। उनके परिवार वालों की सीबीआई जांच की मांग को सरकार नहीं मानती है और एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित करती है। जांच कमेटी की रिपोर्ट में विमल नेगी के उच्च अधिकारियों पर उन्हें मानसिक रुप से प्रताड़ित करने के साक्ष्य मिले हैं।

उन्होंने चिंता प्रकट करते हुए कहा कि शक है कहीं पेखूवेला और शौंग टोंग प्रोजेक्ट में हुई भारी धांधलियां विमल नेगी की मौत का कारण तो नहीं। अन्यथा क्या कारण है कि अभी तक राज्य सरकार और हिमाचल पुलिस उच्च न्यायालय द्वारा अग्रिम जमानत खारिज होने पर भी आरोपी देशराज को नहीं पकड़ पाई है तो दूसरी तरफ अन्य रशूखदार अधिकारियों को बचाए जाने के आरोप विमल नेगी का परिवार लगातार सरकार पर लगा रहा है।

उन्होंने कहा कि विमल नेगी जैसा ईमानदार अधिकारी भ्रष्टाचार के बलि चढ़ा है और उनका परिवार और प्रदेश की जनता उनकी मौत का सच जानना चाहती है। इस अवसर जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद, बंजार के विधायक सुरेन्द्र शौरी, आनी के विधायक लोकेंदर कुमार, पूर्व विधायक महेश्वर सिंह, भाजपा नेता नरोतम ठाकुर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दानवेंद्र सिंह, प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा सचिव मनीषा सूद, आईटी महिला मोर्चा संयोजक बर्षा ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अर्चना ठाकुर, पूर्व भाजपा अध्यक्ष भीम सैन शर्मा, दिले राम ठाकुर सहित विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# वार्ड सदस्यों ने बीमार महिला को उपचार के लिए दिया सहयोग



**अनंत ज्ञान,पतलीकूहल**

जिला कुल्लू के नग्गर खंड के पंचायत वार्ड सदस्यों ने पतलीकूहल की आशा देवी के इलाज के लिए 15 हजार रुपए की राशि उनके पति चंद्रकांत को भेंट की। वार्ड सदस्य डोला राम ने बताया कि आशा देवी काफी दिनों से बीमार चल रही हैं व गरीब परिवार से संबंध रखती हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम इलाज के लिए सहायता मांगी थी, जिस कारण वार्ड सदस्यों ने आज उन्हें यह राशि दी। इसके अलावा कुछ वार्ड सदस्यों ने कुछ राशि सीधे उनके खाते में ट्रांसफर की है। उन्होंने बताया आशा देवी पतलीकूहल की रहने वाली है। इनका इलाज 5-6 महीनों से चल रहा है। इनके दिमाग की नसों में गांठें बन गई हैं, जिस कारण इन्हें दौरे पड़ते हैं। अभी तक परिवार ने जैसे-तैसे इनका इलाज करवाया, अब आशा देवी को आगे के इलाज के लिए चंडीगढ़ पीजीआई के लिए भेजा गया है, परंतु उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो चुकी है।

आशा देवी के पति दिहाड़ी-मजदूरी का काम करते हैं। इस कारण इलाज करवाने में दिक्कत आ रही है। उन्होंने घाटी की जनता से निवेदन किया है कि आशा देवी के इलाज के लिए अभी धन का अभाव है कृपया उनकी हरसंभव सहायता करें।

# क्षतिग्रस्त पुलों के लिए 36.5 करोड़ की राशि स्वीकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** पीएमजीएसवाई -3 के अंतर्गत आपदा के दौरान पुलों को हुए नुकसान के कारण और नए पुल बनाने हेतु लाहौल स्पीति जिले के लाहौल उपमंडल के विभिन्न पुलों के लिए 36.5 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। इसके लिए विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री मंत्री विक्रमादित्य सिंह व केंद्रीय सरकार का विशेष आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने बताया कि हालांकि स्पीति मंडल की सड़कें इस क्राइटेरिया में न आने की वजह से शामिल नहीं है। केंद्र की एक टीम ने पिछले माह ही मौके पर आकर हर जगह क्षतिग्रस्त पुलों का सर्वे किया था जिसके बाद लोनिवि के अधिशाषी अभियंता लाहौल एवं उनकी पूरी टीम का कम समय में पूरी जानकारी प्रेषित करने तथा सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया है।

# मनाली में हेलिपोर्ट निर्माण का रास्ता साफ होने पर जताया सीएम व विधायक का आभार

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली में ग्रीन टेक्स बेरियर के पास हेलिपोर्ट निर्माण का रास्ता साफ होने से पर्यटन कारोबारियों में खुशी का माहौल है। पर्यटन से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि हेलिपोर्ट का निर्माण होने से मनाली में पर्यटन कारोबार गति पकड़ेगा।

> पर्यटन नगरी मनाली के आलू ग्राउंड में हेलीपोर्ट का निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए वन (संरक्षण) अधिनियम के तहत स्टेज-1 की अनुमति मिल चुकी है। जल्द ही निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। हेलीपोर्ट के बन जाने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
>
> **भुवनेश्वरी गौड़, विधायक मनाली**

मनाली होटलियर एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एवं कुल्लू-मनाली पर्यटन विकास मंडल के प्रधान अनूप राम ठाकुर, नप के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद नवीन तनवर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेंद्र नेगी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हंस राज शर्मा, जिला परिषद उपाध्यक्ष बीरू ठाकुर, शालीन पंचायत की पूर्व प्रधान मोनिका ठाकुर, मनाली पंचायत की प्रधान मोनिका भारती, कांग्रेस सेवादल इंटक के प्रवक्ता डीआर जोशी, मनाली शहरी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तारु नेगी, नगर पंचायत की पूर्व प्रधान सुषमा शर्मा, प्रीणी पंचायत की प्रधान कल्पना शर्मा, ब्रान पंचायत की प्रधान धनी देवी, शालीन पंचायत के प्रधान पदम, पंचायत समिति सदस्य शलीन पुष्पा, गोजरा पंचायत प्रधान हुकम ठाकुर, नासोगी पंचायत प्रधान दिले राम, सरसई पंचायत प्रधान सरला देवी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोमदेव शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू सहित विधायक भुवनेश्वर गौड़ का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मनाली के पर्यटन के विकास के लिए हेलिपोर्ट बनना जरूरी था, जो कि भुवनेश्वर गौड़ के अथक प्रयासों से संभव हुआ है।

# शेर-ए-कुल्लू स्व. लालचंद प्रार्थी को किया याद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

शेर-ए-कुल्लू स्व. लाल चंद प्रार्थी की 109वीं जयंती पर कुल्लू में उन्हें याद किया। वीरवार को ढालपुर स्थित प्रदर्शनी मैदान में जिला ब्राह्मण जनकल्याण सभा कुल्लू व जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मोहनी के वृक्ष के नीचे स्व. प्रार्थी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एडीएम कुल्लू अश्विनी कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर मोहिनी के वृक्ष के नीचे मुख्यातिथि सहित अन्य सभी अतिथियों व अन्य गणमान्य लोगों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ ही स्व. प्रार्थी के चित्र पर फूल अर्पित किए गए और उन्हें याद किया।

मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल में भाषा विभाग और अकादमी की नींव रखने वाले स्व. प्रार्थी ही थे और उनके द्वारा पहाड़ी संस्कृति का भी प्रचार प्रसार किया गया। इसके अलावा कुल्लवी नाटी को अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा भी उनके ही प्रयासों से मिला है। उन्होंने कहा कि प्रार्थी ने सारा जीवन साहित्य,जनसेवा व समाजसेवा में समर्पित किया। कुल्लू की संस्कृति को देश-विदेश में पहुंचाया। इसके अलावा वन व राजस्व मंत्री भी रहे।

### कुल्लवी संस्कृति को देश-विदेश तक पहुंचाने में प्रार्थी का महत्वपूर्ण योगदान : अश्विनी

उन्होंने कहा कि ऐसी शख्सियत के बारे में हमारी युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं, इस अवसर पर ब्राह्मण जनकल्याण सभा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन गौतम ने कहा कि हर साल ब्राह्मण जन कल्याण सभा की ओर से ढालपुर स्थित प्रदर्शनी मैदान में स्व. लालचंद प्रार्थी की जयंती समारोह का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में इस बार भी जहां उनके चित्र के पुष्पांजलि अर्पित की गई, वहीं उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी मैदान में 15 अगस्त 1947 को आजादी के जश्न के दिन स्व. लालचंदप्रार्थी ने मोहनी का एक पौधा रोपित किया था। यह आज भी हमें आजादी की याद दिलाता है, इसलिए इसी पेड़ के नीचे हर साल जयंती कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की लोक संस्कृति को शेरे कुल्लवी लाल चंद प्रार्थी ने विश्वभर में पहचान दिलवाई है।

यही नहीं वे साहित्य के पुरोधा रहे और महिलाओं को चारदीवारी से बाहर निकालने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मंत्री रहते हुए उन्होंने पर्यावरण को बचाने की मुहिम छेड़ी और राजस्व मंत्री रहते हुए धारा 118 को मजबूत किया। जिला कुल्लू ब्राह्मण जनकल्याण सभा के अध्यक्ष देवराज शर्मा ने कहा कि आगामी समय में सभा कुल्लू जिला में वरिष्ठ ब्राह्मणों, बुद्धिजीवियों व जिनका समाज में अहम भूमिका रही है, उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

वहीं, लालचंद प्रार्थी की बेटी कमला प्रार्थी व पौत्र अनुराग प्रार्थी ने भी श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर ब्राह्मण जनकल्याण सभा के पदाधिकारियों सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पावर प्रोजेक्ट को लेकर लाहौल स्पीति के विधायक जनता के साथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल के उदयपुर उपमंडल में तेलंगाना राज्य द्वारा प्रस्तावित पावर प्रोजेक्ट के लगाए जाने या न लगाए जाने को लेकर लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने दो टूक कहा कि वे जनता के साथ खड़ी हैं। विधायक ने कहा कि इस मसले को लेकर अभी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कुछ लोग प्रोजेक्ट लगाने के पक्ष में हैं तो कुछ विरोध में हैं।

उन्होंने हैरानी जताई कि जिन लोगों ने पूर्व सरकारों के कार्यकाल में इन प्रोजेक्टों को स्थापित करने के लिए पंचायतों से एनओसी ली और लोगों को मुआबजा दिलाया। अब यही नेता राजनीतिक हितों की पूर्ति करने को जनता को गुमराह कर रहे हैं। अनुराधा ने स्पष्ट किया कि उन्होंने सीएम सुक्खू से भी कहा कि जनता का निर्णय सर्वोपरि होगा।

> सेली ओर मायड़ परियोजनाओं के निर्माण से संबंधित ग्राम पंचायतों का अनापत्ति पत्र पूर्व की भाजपा सरकार के समय दिया गया है। लोगों को इस जमीन का मुआवजा भी मिल चुका है। जनहित को ध्यान में रखते हुए विधायक अनुराधा राणा के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौर करने के बाद लोगों की आमसहमति पर जो निर्णय होगा, हम सब साथ हैं।
>
> **-अनिल ठाकुर, पूर्व महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी लाहौल-स्पीति**

> चिमरेट पंचायत ने एनओसी दी है। चिमरेट पंचायत के गाहरी और शौकली प्रभावित है। इन गांव वालों को मुआवजा भी दे दिया गया है।
>
> **--दलीप बौद्ध, उपाध्यक्ष बीडीसी**

# नेशनल हाईवे पर क्रैश बैरियर धंसने से दुर्घटना का बना अंदेशा



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे पर 2023 में बाढ़ आने के कारण रायसन के समीप जमीन धंस जाने से क्रैश बेरियर भी पूरी तरह धंस चुका है। लगभग 2 साल होने को है, लेकिन अभी तक हाईवे ऑथोरिटी इसे अभी तक ठीक नहीं कर पाई है। इस क्रैश बैरियर के धंस जाने के बाद यहां पर दुर्घटना होने का भी अंदेशा बना हुआ है।

एक-दो दिन पहले भी यहां पर एक मजदूर सड़क से फिसल कर ब्यास नदी के किनारे जा गिरा, जब कि दूसरा सड़क से थोड़ा नीचे जमीन पर फंस गया। घायल गंगा राम ने बताया कि जब वह मजदूरी कर के घर से लौट रहा था तो अचानक गाड़ी की लाइट उनके चेहरे पर पड़ी और उन का पैर धंस हुई जगह पर पड़ गया और वह सीधे लगभग 50 फुट नीचे लुढ़क गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इस की सूचना कुल्लू पुलिस को दी। उस के पैर में मामूली चोट आई है। पुलिस जवान की सहायता से उसे निकाला गया।

गंगा राम को फिर उसी के ठेकेदार के हवाले किया गया। गनीमत रही कि नदी किनारे किसी अनजान लोगों द्वारा कुछ कपड़े फेंके गए थे। घायल गंगा राम सीधे उसी पर जा गिरा। क्रैश बैरियर के वारे में जब हाईवे ऑथोरिटी के रेजिडेंट इंजीनियर अशोक चौहान से बात की गई तो बताया कि जल्द ही यहां दीवार लगाकर क्रैश बैरियर लगा दिया जाएगा।

**श्रद्धा** कटासणी मेले का हुआ समापन, घाटी के देवी-देवताओं से आशीर्वाद लेने पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

# वाद्य यंत्रों की थाप पर सभी देवी-देवताओं का हुआ मिलन

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू जिले की देव संस्कृति एवं मेलजोल का प्रतीक कटासणी मेला वीरवार शाम को धूमधाम से संपन्न हुआ। नव संवत के आरंभ होते ही क्षेत्र के गांवों में मेलों की शुरुआत हो गई है। गौर रहे कि नव संवत के दूसरे दिन से गांवों में मेलों का आगाज हो जाता है। इसी कड़ी में दुआड़ा कटासणी मेला दो दिनों तक धूमधाम से मनाया गया।

भगवान विष्णु के प्रांगण में मेले के समापन से एक दिन पूर्व कटासणी सोह में बड़ागढ़ क्षेत्र के देवी-देवताओं के पहुंचने के साथ मेले का शुभारंभ हुआ। मेले में लरांकेलो से लरांई महादेव अपने हरियानो संग कटासनी सोह पहुंचे। भगवान विष्णु के गुर रोशन भल्ला ने बताया कि कटराई से माता भागासिद्ध, देवता वीर नाथ, माता काली ओढ़ी डोभी, देवता वीरनाथ तराशी दचाणी, देवता आमल भी कटासनी सोह पहुंचे, जहां भगवान विष्णु एवं माता कटासणी पहले से ही मौजूद थे। वाद्य यंत्रों की थाप पर सभी देवी-देवताओं का मिलन हुआ। देवताओं के गुरों के बीच देऊचार का आयोजन हुआ व उसके उपरांत गांव के कुल्लवी परिधानों से सुसज्जित ग्रामीणों ने सभी देवी देवताओं संग नृत्य कर मेले का शुभारंभ किया।



वीरवार को भगवान विष्णु मंदिर के प्रांगण में शिरड़ के आराध्य देवता काली नाग सहित सभी देवी देवता एक बार फिर पहुंचे व दिन भर दुआड़ा गांव कुल्लवी वाद्य यंत्रों की गूंज से गुंजायमान रहा। मेले का आयोजन विष्णु युवक मंडल के युवाओं द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

**पहले एक ही दिन मनाया जाता था मेला :** पहले यह मेला दुआड़ा और इसके साथ लगते गांवों में एक साथ मनाया जाता था। उस समय कटराई के देवता गौहरी इस मेले में शामिल होने के लिए दुआड़ा जाते थे, लेकिन कहा जाता है कि एक बार मुसलाधार बारिश होने के कारण ग्रामीण देवता को वहां ले जाने में असमर्थ हो गए परंतु ग्रामीणों ने मेले की विधि को कटराईं में ही पूरा करने का मन बना लिया। इसलिए देवता को तैयार कर बारिश के बीच कटराईं में ही देव कार्य शुरू किया और बीच में ही मौसम एकाएक बिलकुल साफ हो गया। मौसम के साफ होने के पश्चात एक घर के पास नाटी डाली गई और मेले को संपन्न किया गया। उसके बाद देवता ने हर वर्ष मेले को उसी जगह मनाने के आदेश दे दिए, इसलिए उस समय से मेला कटराईं में भी मनाया जाने लगा। (अनंत ज्ञान)

### आज कटराईं में लगेगा मेला

नव संवत से शुरू हुआ कटासनी मेला शुक्रवार को देवता वीर नाथ एवं माता भागासिद्ध के आशीर्वाद से कटराई में मनाया जाएगा। इसके अलावा मेला बाड़ी, जैंडी, जोंग, बागा गांव में धूमधाम से मनाया जाएगा ।

### 6 से पतलीकूहल में शुरू होगा रामनवमी मेला

इसी कड़ी कटासनी मेले के उपरांत पतलीकूहल में तीन दिवसीय रामनवमी मेले का शुभारंभ होगा। मां दुर्गा काली के सम्मान में मनाए जाने वाले रामनवमी मेले में तीन दिन तक रात्रिकालीन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा।

# मनाली और लाहौल के लोगों को सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मिशन अस्पताल मनाली ने रायल एनफील्ड के सहयोग से सड़क सुरक्षा प्राथमिक चिकित्सा और बीएलएस प्रशिक्षण का आयोजन किया। यह आयोजन लाहौल व कुल्लू में किया गया। लाहौल घाटी के गोंदला, खंगसर, जिसपा, दारचा, केलंग व तांदी पंचायत के 89 लोगों को सड़क सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा और बीएलएस के विषय पर प्रशिक्षित किया। प्रत्येक पंचायत के दस प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा और प्राथमिक चिकित्सा के विषय में प्रशिक्षण दिया।

मिशन अस्पताल मनाली के सामुदायिक सलाहकार डॉ. बिशन शाशनी ने प्रतिभागियों को सीपीआर से संबंधित और डॉ. अजीत अल्बर्ट (सीनियर मेडिकल ऑफिसर) ने प्राथमिक चिकित्सा और चोट तथा जलने और डूबने के विषय में विस्तार से जानकारी दी। स्टाफ नर्स डिंपल, अंजना और शिवानी ने मरीजों को कैसे उठाना और सुरक्षित तरीके से अस्पताल पहुंचाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### मिशन अस्पताल ने रॉयल एनफील्ड के सहयोग से दिया प्रशिक्षण

आइशर ग्रुप फाउंडेशन से ऋति शर्मा भी उपस्थित रही। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना की और टीम का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह की घटना घटित होती है, तो लोग उसके आस पास सिर्फ खड़े न रहें।

हालात को समझकर मरीज़ की मदद और बचाव करें। अंत में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और जैकेट प्रदान किए और साथ में ऑक्सीजन गैस सिलेंडर, स्ट्रेचर, फर्स्ट ऐड किट, स्प्लिंटरऔर दुर्घटना में इस्तेमाल होने वाले जरूरी उपकरण भी वितरित किए। केलंग पंचायत के उपप्रधान ने प्रशिक्षण की सराहना की। मिशन अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. फिलिप ने कहा की मिशन अस्पताल मनाली समुदाय में लोगों को जागरूक करने और सड़क सुरक्षा के प्रति वचनबद्ध है।

## 'वन अधिकार अधिनियम' पर कार्यशाला कल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास तथा जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 5 अप्रैल को सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं। जगत सिंह नेगी 5 अप्रैल को प्रातः 11 बजे डॉ. यशवंत सिंह परमार वानिकी एवं बागवानी विश्वविद्यालय के सभागार में वन अधिकार अधिनियम विषय पर आयोजित मंडल स्तरीय कार्यशाला एवं संवाद सत्र की अध्यक्षता करेंगे।

## हवन यज्ञ से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** डीएवी सिरमौर पब्लिक स्कूल पांवटा साहिब में नए शैक्षणिक सत्र ( 2025-26) की शुरुआत की गई । सत्र का शुभारंभ वैदिक हवन के मंत्रोच्चारण द्वारा किया गया। वैदिक हवन में प्रधानाचार्य शालिनी कांत ठाकुर, समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों ने भाग लिया। हवन के मंत्रोच्चारण से समस्त डीएवी प्रांगण गूंज उठा । हवन के बाद प्रधानाचार्य शालिनी कांत ठाकुर ने समस्त स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं का अभिवादन किया व पुष्पांजलि द्वारा सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। प्रधानाचार्य ने नए सत्र के सफल संचालन व विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शूलिनी माता मंदिर में स्कंदमाता का गुणगान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** चैत्र शुक्ल नवरात्र के पांचवें स्वरूप पंचम स्कंदमाता नवरात्र पर नवरात्रि उत्सव मंडल व नव दुर्गा संकीर्तन मंडल के सदस्यों ने मिलकर सोलन के शूलिनी माता मंदिर परिसर में मां स्कंदमाता का नवरात्र पढ़ा। मंडल के सदस्य व समाजसेवी मुकेश गुप्ता ने माता स्कंदमाता के बारे में संक्षिप्त वर्णन किया। गुप्ता ने कहा दुर्गा मां का पंचम रूप है स्कंद कुमार की माता होने के कारण स्कंदमाता कहा जाता हैं गुप्ता ने सोलन शहर व शहर वासियों के लिए खुशहाली की कामना की मंदिर जय स्कंदमाता, जय श्री श्याम, जय श्री राम, जयकारों से गूंज उठा।

## नेगी को न्याय दिलाने के लिए निकाला कैंडल मार्च

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले में वीरवार को सोलन में भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीबीआई जांच और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई। भाजपा जिला सोलन ने ज़िलाध्यक्ष रत्न सिंह पाल के नेतृत्व में सोलन लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह से चिल्ड्रन पार्क तक कैंडल मार्च निकाला गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाए कि विमल नेगी की मौत सरकार की अफसरशाही और कर्मचारियों पर बनाए जा रहे दबाव को दर्शा रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव ने कैंडल मार्च को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार से मामले की सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकाल में एक फॉरेस्ट गार्ड की मौत के मामले की जांच सीबीआई से करवाई गई थी, लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार इस मामले में संवेदनहीन रवैया अपनाए हुए है।

## आपदा जागरूकता दिवस पर आज होंगे कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** आपदा जागरूकता दिवस के अवसर पर सोलन में 4 अप्रैल को विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर लोगों को आपदा प्रबंधन एवं बचाव के विषय में जागरूक किया जाएगा। यह जानकारी आज यहां उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि 4 अप्रैल को प्रातः 8 बजे रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली मिनी सचिवालय सोलन से आरंभ होगी। उपायुक्त ने कहा कि इस अवसर पर ज़िला सोलन के सभी कार्यालयों में भूकम्प के सम्बन्ध में बचाव विषय पर मॉकड्रिल भी आयोजित की जाएगी। मिनी सचिवालय सोलन में प्रातः 10.30 बजे से 11.30 बजे तक राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, गृह रक्षा, अग्निशमन, पुलिस तथा स्वस्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागों द्वारा आपदा की स्थिति में खोज एवं बचाव, जीवन रक्षा उपाय, सीपीआर, प्राथमिक उपचार एवं मानसिक देखभाल सहित अन्य विषयों पर जानकारी प्रदान की जाएगी।

# सोलन में अब नहीं होगी पानी की लीकेज

### 7 को होने वाले वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में लीकेज रोकने के यंत्र खरीदने को लेकर पेश होगा प्रस्ताव

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन आगामी 7 अप्रैल को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पेश करेगा। इसमें शहर के विकास कार्यों को गति देने और पानी की लीकेज का पता लगाने वाले यंत्र की खरीद का प्रस्ताव पेश किया जाएगा। यह यंत्र न केवल भूमिगत पानी की लीकेज का पता लगाएगा, बल्कि पाइप लाइनों को दूषित होने से भी बचाएगा। हाल ही में नगर निगम के पार्षदों और अधिकारियों ने कोयम्बटूर नगर निगम में पानी की लीकेज रोकने की तकनीक और पेयजल पाइप लाइनों में घुलने वाले दूषित पानी को रोकने की यंत्रों को परखा था। इसके बाद नगर निगम ने इस यंत्र को खरीदने का मन बनाया है।

बजट में शहर के मुख्य टैंक से पुरानी पेयजल पाइपलाइन को बदला जाने का भी निर्णय होगा। इसके लिए बजट में अलग से प्रावधान किया जाएगा। इसको लेकर नगर निगम की महापौर उषा शर्मा की अध्यक्षता में हुई बजट समीक्षा बैठक में चर्चा हुई। इस दौरान बताया गया कि शहर में 30 फीसदी तक पानी लीकेज के कारण बर्बाद हो रहा है। शहर में करीब 25 से 30 साल पहले पाइपलाइन बिछाई गई थी, जिनमें से ज्यादातर पाइप खराब हो चुके हैं, जिस कारण लीकेज की समस्या रहती है, ऐसे में इस बजट में इसे बदलने के लिए अलग से फंड रखा जाएगा। बैठक में उप-महापौर मीरा आनंद, आयुक्त एकता कापटा संयुक्त आयुक्त बिमला देवी समेत सभी अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



### न्यू मर्ज एरिया में लगेगी स्ट्रीट लाइटें

आगामी वित्तीय वर्ष में शहर के न्यू मर्ज एरिया में स्ट्रीट लाइटें लगेंगी और पक्के रास्ते बनाए जाएंगे। निगम में करीब तीन साल पहले आसपास की दो दर्जन के करीब गांव मर्ज हुए हैं। इन पंचायतों में अब टैक्स लगना शुरू हो गया है। इनमें अभी तक निगम की ओर से कोई भी सुविधा नहीं दी गई है, ऐसे में बैठक में चर्चा की गई है। इस बजट में न्यू मर्ज एरिया में सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। इन वार्डों के लोग निगम का विरोध कर रहे हैं। वे सरकार से दोबारा से पंचायतों में मर्ज करने की मांग उठा चुके हैं। इन वार्डों में पेयजल सप्लाई जलशक्ति विभाग दे रहा है। जब से यह निगम में आए हैं, उन्हें सुविधाएं नहीं दी गई हैं। ऐसे में स्ट्रीट लाइटें लगने और रास्ते बनने से लोगों को काफी हद तक राहत मिलेगी।

### पिछली बैठक की समीक्षा की

बैठक में महापौर ने पिछले कार्यों का अधिकारियों से ब्योरा मांगा। इसमें जो कार्य अधूरे रह गए हैं, उनकी डिटेल भी ली गई। वहीं, अधिकारियों से जवाब-तलब भी किया गया कि यह कार्य क्यों नहीं हो पाए। हालांकि अधिकारियों ने बताया कि ज्यादातर कार्य पूरे कर दिए गए हैं। बचे हुए कार्यों में कोई न कोई बाधा आने से रुके हैं। वर्ष 2024-25 के बजट में शहर के पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए प्रावधान किया गया था। इसमें झूले, ओपन एयर थियेटर, शहर के टैंकों में छतें लगाना, सीवरेज लाइन बिछाना, कूड़े के निष्पादन आदि कार्य डाले गए थे। हालांकि इन सभी कार्यों में काफी काम कर दिया गया है। केवल सीवरेज लाइन पर कार्य नहीं हो पाया। यह मामला अभी अटका हुआ है, जिस पर इस बजट में अलग से प्रावधान होंगे। बीते बजट में शहर को एक जैसे रंग में रंगने की तैयारी नगर निगम की ओर से की गई थी, मगर इसमें कोई कार्य नहीं हुआ। इस पर अधिकारियों ने बताया कि इसको लेकर शहर के कारोबारियों से बैठक करेंगे। उसके बाद ही इस पर तय हो पाएगा कि वे क्या प्रतिक्रिया देते हैं। हालांकि अन्य कार्यों पर महापौर ने संतोष जताया।

## तीन जिलों के केंद्र बिंदु सनौरा में सफाई व्यवस्था रामभरोसे

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

**सुलभ शौचालय न होने से विशेषकर महिलाओं को झेलनी पड़ती है परेशानी**

तीन जिलों के केंद्र बिंदु सनौरा में सफाई व्यवस्था रामभरोसे है। अत्र तत्र सर्वत्र कूड़ा कचरे के ढेर आंगतुकों का आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इसके अतिरिक्त इस स्थान पर आने जाने लोगों के लिए शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। इस कारण विशेषकर महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इसके अतिरिक्त सनौरा में सब्जी मंडी भी कार्यरत जहां पर सिरमौर के अतिरिक्त सीमा पर लगते सोलन व जिला शिमला के किसान अपनी नकदी फसलों को बेचने के लिए आते हैं, परंतु इस सब्जी मंडी में किसानों के लिए शौचालय, पानी, प्रतीक्षालय की कोई सुविधा नहीं है।

बता दें कि स्थानीय मार्केट व निजी सब्जी मंडी से निकलने वाले कचरा के निष्पादन की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है, जिस कारण सनौरा में गंदगी का काफी आलम है और जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। सनौरा पंचायत मुख्यालय की हालत देखकर सरकार के स्वच्छता अभियान के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। यही नहीं सनौरा में लावारिस पशुओं के झुंड भी देखने को मिलते हैं।

फोकल प्वाइंट होने के कारण यहां से राजगढ़ व नेरीपुल, छैला, पुलवाहल, धामला इत्यादि के लिए प्रतिदिन सैकड़ों छोटी बड़ी गाड़ियों व बसों का आना-जाना लगा रहता है, जिस कारण सनौरा में हमेशा लोगों की भीड़ लगी रहती है। सनौरा में विभिन्न क्षेत्रों से आए किसान राकेश कुमार, नरेंद्र ठाकुर, निहाल सिंह ने सरकार से मांग की है कि सनौरा में सुलभ शौचालय बनाया जाए ताकि यहां पर प्रतिदिन आने वाले किसानों के अलावा सैकड़ों लोगों को असुविधा न हो।

करगानू पंचायत के उपप्रधान विक्रम ने बताया कि शौचालय के लिए भूमि उपलब्ध न होने के कारण शौचालय निर्मित करने में समस्या पेश आ रही है। बताया कि सनौरा में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए आढ़तियों व स्थानीय दुकानदारों को पंचायत द्वारा मौखिक रूप से अनेक बार आग्रह किया जा चुका है।

# मानपुर देवड़ा में अवैध कटान पर हिंदू संगठनों ने किया रोष प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

**वन विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल**

पांवटा साहिब में आज हिंदू संगठनओं से जुड़े लोगों ने मानपुर देवड़ा में हुए अवैध कटान को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान वन विभाग के कार्यलय के बाहर नारेबाजी करते हुए डीएफओ को एक ज्ञापन सौंपा और इस तरह के लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने समेत वन भूमि पर बाहरी राज्यों से आकर डेरा लगाने वाले लोगों पर कार्रवाई करने की मांग उठाई गई। हिंदू संगठन ने वन विभाग के जमीन पर जितने भी गुर्जरों के अवैध डेरे हैं उन्हें तुरंत हटाने के लिए ज्ञापन सौंपा है अगर 3 दिनों में कोई कार्रवाई नहीं की जाती तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

हिंदू संगठनों के दर्जनों कार्यकर्ताओं अजय संसरवाल, सचिन ओबेरॉय, नीरज आदि ने आरोप लगाए कि मानपुर देवड़ा में स्थित गुर्जरों के डेरे पर घास में छुपा कर खेर की लकड़ी रखी गई थी जिसकी सूचना जब डीएफओ पांवटा साहिब को दी गई तो उन्होंने उस लकड़ी को पहले तो खैर का होने से मना कर दिया और जब वीडियो दिखाई गई तो उन्होंने कहा कि गुर्जरों को टीडी की लकड़ी दी गई है। हिंदू संगठनों ने वन अधिकारियों के कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं, पहले तो वन विभाग ने खैर की लकड़ी होने से ही इनकार कर दिया था लेकिन जब उन्हें प्रमाण दिया गया तो उन्होंने अब गुर्जरों के दर पर रख लकड़ी को टीडी की लकड़ी बताना शुरू कर दिया।

हिंदू संगठनों ने आरोप लगाया कि वन विभाग पंचायत प्रधान मानपुर देवड़ा के ऑफीशियल लैटर दिखा रहा है। वन विभाग द्वारा अवैध तरीके से वन भूमि पर कब्जा किया इस लेटर के अवैध कब्जाधारियों के हित में जारी की जा रही है। मामले में कार्रवाई न होने बारे पूछने पर डीएफओ पांवटा ने हिंदू संगठनों को पंचायत का लैटर थमाया है। हिंदू संगठन ने कहा कि अगर अतिक्रमण कर रहे गुर्जरों के डेरे नहीं हटाए गए तो हिंदू संगठन वन विभाग कार्यालय का घेराव करेंगे।

# नई रंगत में दिखेगा शहर का चिल्ड्रन पार्क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

माल रोड स्थित चिल्ड्रन पार्क करीब एक सप्ताह तक बंद रहने के बाद वीरवार को आम लोगों के लिए खोल दिया गया। रेलिंग वर्क पूरा होने के बाद पार्क अब नई रंग में दिखा। पार्क में नए बैंच लगने के साथ इससे बैरियर फ्री किया गया है। इससे दिव्यांगों को व्हील चेयर से पार्क में सैर करने की सुविधा मिलेगी। पार्क में रेलिंग लगने से सीनियर सिटीजन का चलना सुरक्षित रहेगा। पार्क वैरियर फ्री होने से सीढ़ियां उतरने चढ़ने में असमर्थ बुजुर्गों को भी पार्क आने जाने की सुविधा मिल सकेगी।

शहर में तीन प्रमुख पार्क हैं, लेकिन इसमें चिल्ड्रन पार्क सबसे महत्वपूर्ण पार्क है। माल रोड पर स्थित होने की वजह से यहां लोगों की काफी चहल-पहल रहती है। पार्क के जीर्णोद्धार पर लाखों रुपए खर्च हो चुके हैं, पर अभी यह कार्य अधूरा है। नगर निगम पार्क को पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर रहा है। इसके तहत पार्क का जीर्णोद्धार, सुरक्षा दीवार का निर्माण और नए झूले लगाए गए हैं। पार्क के सौंदर्यीकरण के फूलों की क्यारियां और सजावटी पौधे लगाने का कार्य भी किया गया। पर्यटकों के आकर्षण के लिए निगम अब पार्क की दीवारों पर चित्रकारी करने जा रहा है।



चिल्ड्रन पार्क को बैरियर फ्री कर लगाई गई रेलिंग।

### सभी पार्कों का होगा जीर्णोद्धार

शहर में बने तीन प्रमुख पार्कों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जवाहर पार्क और चिल्ड्रन पार्क में नए झूले लगाए जा चुके हैं और रिपेयर कार्य भी चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है। पार्कों को शरारती तत्व और नशेड़ियों से मुक्त करने के लिए भी पुलिस प्रशासन से सहयोग लिया जाएगा। पार्कों की फेंसिंग कर सीसीटीवी लगाए जाएंगे ताकि आम जन और बच्चे यहां पर आजादी से आ-जा सकें। नगर निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा ने कहा कि शहर के पार्कों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। इस कड़ी में दिव्यांगों और बुजुर्गों की सुविधा के लिए पार्क को बैरियर फ्री किया जा रहा है। पार्क में नए झूले लगाए जा चुके हैं और रिपेयर कार्य भी चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है। पार्कों को शरारती तत्व और नशेड़ियों से मुक्त किया जाएगा।

## कल बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** विद्युत उपमंडल दाड़लाघाट के तहत भराड़ीघाट फीडर में आवश्यक मुरम्मत कार्य के चलते पांच अप्रैल को कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग दाड़ला के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि इस दौरान पांच अप्रैल को विद्युत अनुभाग भराड़ीघाट के अंतर्गत चमाकड़ी गांव, चमाकड़ी पुल का एरिया, दांव,मजेड व इसके आसपास के सभी इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह 9 से शाम पांच बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत लाइन का मरम्मत का कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

# एसपी ने सुल्तानपुर स्कूल को गोद लेकर किया नशा मुक्ति अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार नशे के खिलाफ कार्रवाई में स्कूली छात्रों की महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सोलन पुलिस के सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा एक-एक स्कूल को गोद लिया गया है।

इसी क्रम में एसपी सोलन गौरव सिंह (आईपीएस) ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुल्तानपुर को गोद लेकर नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के प्रति जागरूकता फैलाने और छात्र छात्राओं में अकादमिक, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, स्वास्थ्य आदि के प्रति रुचि विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की।

इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को नशे के खिलाफ दृढ़ संकल्पित बनाना तथा उनको इस सामाजिक बुराई से बचाना है। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों के साथ वन टू वन संवाद किया गया। हमारा लक्ष्य युवा पीढ़ी को सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना है।

इस पहल के तहत पुलिस विभाग द्वारा पाठशाला प्रबंधन से पाठशाला में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम, सेमिनार तथा साथ ही छात्रों को खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोड़कर उनके व्यक्तित्व विकास पर भी बल देने बारे अनुरोध किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों से भी अपील की गई कि वे बच्चों के व्यवहार पर नजर रखें और किसी भी प्रकार के नशे की लत को रोकने में सहयोग करें।

इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी धर्मपुर व अन्य पुलिस अधिकारी, स्कूल प्रिंसिपल दया पंवार, स्कूल स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



एसपी सोलन सुल्तानपुर स्कूल को गोद लेने के बाद स्कूली बच्चों के साथ।

### किसने किसे लिया गोद

इसके साथ ही इस मुहिम में जिला पुलिस के अन्य अधिकारियों द्वारा निम्नलिखित विद्यालयों को गोद लिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकुमार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुगाघाट, सहायक पुलिस अधीक्षक मेहर पंवार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर, उप पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंडाघाट, उप पुलिस अधीक्षक अशोक चौहान ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुनिहार और उप पुलिस अधीक्षक संदीप शर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंडी कश्लोग को गोद लिया।

## अदिति शर्मा ने शूलिनी विश्वविद्यालय में वुमन ऑफ सब्सटेंस अवॉर्ड जीता



**अनंत ज्ञान, सोलन।** वंदना शर्मा की विरासत को समर्पित प्रतिष्ठित वुमन ऑफ सब्सटेंस अवार्ड 2025, शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज की एसोसिएट प्रो. डॉ. अदिति शर्मा को प्रदान किया गया। यह पुरस्कार प्रभाव वाली महिलाओं को समर्पित है जो कि तरुणा मेहता और शशि जुल्का द्वारा निर्धारित किया गया। डॉ. शर्मा को अकादमिक क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए 7,500 रुपए का नकद पुरस्कार मिला। वहीं, शूलिनी विश्वविद्यालय में स्थिरता और सामुदायिक जुड़ाव की निदेशक पूनम नंदा को सामाजिक प्रभाव और सामुदायिक विकास में उनके अपार योगदान के लिए 'सोल ऑफ वुमन ऑफ सब्सटेंस' की उपाधि से सम्मानित किया गया। वूमन ऑफ सब्सटेंस अवार्ड हर साल वंदना शर्मा की याद में आयोजित किया जाता है, जो एक मां, सपने देखने वाली और कभी हार न मानने वाली योद्धा थीं।

## शांडिल ने बगलामुखी मंदिर लंगर हॉल शेड निर्माण के लिए दिए 5 लाख

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि विभिन्न उत्सव एवं त्योहार हमें प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित कर सफलता प्राप्त करने और संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित करते हैं।

डॉ. शांडिल आज कंडाघाट उपमंडल की पंचायत ममलीग स्थित माता बगलामुखी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के उपरांत भागवत व्यास आचार्य हितेंद्र शर्मा तथा पंचायत सायरी के शलोग गांव में आयोजित भागवत कथा का श्रवण करने के उपरांत संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की।

डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर बगलामुखी मंदिर लंगर हॉल शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने जन समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को इनके त्वरित निपटारे के निर्देश दिए।

# मेडिकल कॉलेज नाहन को लेकर सरकार गंभीर नहीं : बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

**भाजपा नाहन विस क्षेत्र के 3 मंडलों की बैठक संपन्न**

भाजपा नाहन विधानसभा क्षेत्र के तीनों मंडलों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता त्रिलोकपुर नाहन मंडल के अध्यक्ष सुशील शर्मा धारटीधार, नाहन मंडल के अध्यक्ष संजय पुंडीर और माता कटासन नाहन मंडल के अध्यक्ष मलकियत सिंह द्वारा की गई। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल विशेष तौर पर मौजूद रहे।

पदाधिकारियों की इस बैठक में आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई। इस मौके पर डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया मनाया जा रहा है। इस दिन प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर परिवार के सदस्यों के साथ झंडा लगाएगा। उन्होंने कहा कि 7 अप्रैल को नाहन के तीनों मंडलों के सम्मेलन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर भाजपा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करेगी तथा सफाई अभियान चलाया जाएगा।

डॉ. बिंदल ने कहा कि नाहन विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हैं। वर्तमान की कांग्रेस सरकार ने इस अढाई वर्ष के कार्यकाल में एक भी नया विकास कार्य नहीं किया है, उल्टा जो कार्य पूर्ण की सरकार में शुरू किए थे, उन्हें भी बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन को लेकर सरकार गंभीर नहीं है पिछले अढ़ाई साल से मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य बंद पड़ा है और अब सरकार मेडिकल कॉलेज को शिफ्ट करना चाहती है, जो सीधे तौर पर नाहन शहर की जनता के साथ अन्याय है।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष विनय गुप्ता, राजीव चौधरी, वीरेंद्र, धीरज गर्ग, प्रदीप विज, अमित गुप्ता, ममता, प्रमिला, प्रीत मोहन, सागर, मनीष चौहान, कृष्ण, तपेंद्र, संदीप योगराज और राकेश गर्ग आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## औद्योगिक योजना में ठगे गए हिमाचल के उद्योगपति, पोर्टल बंद होने से रोष



**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** हिमाचल प्रदेश लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष हरबंस पटियाल ने एक पत्रकार वार्ता में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पहाड़ी राज्यों में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 2017 में शुरू की गई इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट स्कीम (आईडीएस) अब उद्योगपतियों के लिए सिरदर्द बन गई है। इस योजना के तहत उद्योगपतियों को लुभाने के लिए सरकार ने वादा किया था कि पोर्टल पर पंजीकरण करने वाले उद्योगों को 30 सब्सिडी दी जाएगी। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के 1500 से अधिक उद्योगपतियों ने 2017 से 31 मार्च 2022 तक इस पोर्टल पर अपने उद्योगों का पंजीकरण कराया, लेकिन अब यह पोर्टल काम नहीं कर रहा है। लॉगिन करने की कोशिश करने पर एरर दिखाई देता है, जिससे उद्योगपतियों में गहरा असंतोष फैल गया है। उद्योगपतियों का आरोप है कि केंद्र सरकार ने 30 सब्सिडी का झांसा देकर उनसे पंजीकरण करवाया और अब पोर्टल को बंद कर दिया गया है। इससे कई उद्योग एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग असेट) की कगार पर पहुंच गए हैं और उन्हें करोड़ों रुपए के नुकसान का डर सता रहा है। प्रभावित उद्योगपतियों ने सुक्खू सरकार से पोर्टल को दोबारा शुरू करने और वादे के मुताबिक सब्सिडी देने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे कोर्ट का रुख करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

**तैयारी** समारोह के आयोजन की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक में उपायुक्त सुमित खिमटा ने दी जानकारी

# चौगान मैदान में मनाया जाएगा जिलास्तरीय हिमाचल दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर के उपायुक्त सुमित खिमटा ने बताया कि नाहन के ऐतिहासिक चौगान में 15 अप्रैल को जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आकर्षक मार्चपास्ट का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने यह जानकारी नाहन में हिमाचल दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को मुख्य अतिथि द्वारा नाहन शहर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किया जाएगा। इसके अलावा हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत परमार की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण करेंगे। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण करने के उपरांत आकर्षक मार्चपास्ट की सलामी ली जाएगी। सुमित खिट्टा ने बताया कि समारोह में पुलिस, गृह रक्षकों की टुकड़ियों के अतिरिक्त एनसीसी व अन्य स्थानीय शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं भी भाग लेंगे। डीसी ने बताया कि हिमाचल दिवस समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

उन्होंने सभी विभाग को निर्देश दिए की हिमाचल दिवस समारोह के लिए सौंपी गई जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन करें। इस अवसर पर अतिरिक्त दण्डाधिकारी एल आर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोलटा, सहायक आयुक्त उपायुक्त विवेक शर्मा तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।





हिमाचल दिवस आयोजन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सिरमौर।

### सड़क सुरक्षा को लेकर लगाए जाएं जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली तथा परिवहन, शिक्षा, पुलिस, तथा चिकित्सा विभाग को जिला में नियमित रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता शिवरों का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन चालकों से आह्वान किया कि वे सीट बेल्ट तथा हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें तथा वाहन की गति को नियंत्रण में चलाएं ताकि वाहन दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गत 3 माह के दौरान 54 सड़क दुर्घटनाएं हुईं जिनमें 14 लोगों की मृत्यु जबकि 64 घायल हुए। उपायुक्त ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिला में जनवरी से मार्च के दौरान 18 जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया है। इसके अलावा नाहन शहर के प्रमुख स्थानों पर 40 दिशा सूचक बोर्ड भी स्थापित किए गए हैं। बैठक में अधिशाषी अभियंता लोनिवि आलोक जुनैजा ने मद क्रमवार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय पाठक, नरेंद्र तोमर के अतिरिक्त अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## विधायकों-मंत्रियों के भत्ते बढ़ाकर जनता की जेब काटी : सूद



**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** हिमाचल प्रदेश सरकार का मंत्रियों और विधायकों के भत्तों में 24 प्रतिशत बढ़ोतरी करना सरासर गलत है। यह बात स्वाभिमान पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने कही। उन्होंने कहा कि यह जनसेवा के नाम पर जनप्रतिनिधियों का जनता की जेब काटने का काम है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश पहले ही अत्याधिक कर्जे में डूबा हुआ है। कर्जे का ब्याज चुकाने में प्रदेश के बजट का 12 प्रतिशत खर्च हो रहा है परंन्तु जनप्रतिनिधि जनता के धन से गुलछर्रे उड़ा रहे हैं। बलदेवराज सूद ने सरकार तथा विपक्ष को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि हैरानी इस बात की है कि इस मामले में सत्ता पक्ष तथा विपक्ष दोनो एकजुट हैं।

## पात्र महिलाओं के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगी एकल नारी योजना : मनमोहन शर्मा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों विशेषकर महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए ऐसी ही एक पहल है एकल नारी योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय। यह निर्णय मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत पात्र महिलाओं को सम्मान के साथ जीवन यापन करने की दिशा में यह मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## हरंसग देवता मंदिर में बरसी श्रद्धा की वर्षा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सेवड़ा चंडी पंचायत के हरंसग धार में स्थित प्राचीन हरंसग देवता मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरंसगधार बाघल-भज्जी धार्मिक उत्थान एवं कल्याण सभा द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के पांचवें दिन कथावाचक व्यास हरिदत शास्त्री ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देते हुए पालन-पोषण करें और अपने बच्चों को नशामुक्त बनाए रखने के लिए प्रेरित करें। मंदिर समिति के सदस्य बाबूराम शर्मा ने बताया कि कथा का आयोजन दोपहर एक बजे से चार बजे के मध्य किया जा रहा है और इस कथा का समापन पांच अप्रैल को पूर्ण आहुति के साथ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 'म्योर मुल्क मेरी पछ्याण' का आयोजन 6 को

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** कुमाऊं सांस्कृतिक रंग मंच चंडीगढ़ द्वारा वार्षिक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 'म्योर मुल्क मेरी पछ्याण' का आयोजन 6 अप्रैल को सेक्टर 23 बाल भवन में दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संस्था द्वार पावन धरती उत्तराखंड की लोक संस्कृति विरासत को प्रदेश में रह रहे अपने उत्तराखंड की सम्मानित जनता से रू-ब-रू करना है। इस कार्यक्रम में प्रवेश शुल्क फ्री है इस कार्यक्रम की प्रस्तुति उत्तराखंड के अंतर्राष्ट्रीय लोक गायक शिवदत्त पंत एवं साथी रुद्रवीणा ग्रुप द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता गायक उदघोषक पन्नू गुसाई युवा गायिका दीपा पंत युवा गायक महेश कुमार, गायक रोहित भंडारी, संगीतज्ञ मोति शाह, गौरव पंत, अरुण तिवाड़ी, महादेव प्रसाद, ललित मोहन धौलखंडी, चंदन सौतियाल, गणेश बेरी कई कलाकारों की प्रस्तुति रहेगी।

### संवाद किसी भी समस्या के समाधान का होता है केंद्र बिंदु

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि संवाद किसी भी समस्या के समाधान का केंद्र बिंदु होता है। सार्थक चर्चा से निष्कर्ष निकले जाते हैं और निर्णय लिए जाते हैं। विधानसभा का सदन प्रदेश के लोगों के लिए नीति निर्धारण का अहम जरिया है। इसी सदन से योजनाओं के लिए बजट पारित किया जाता है और खर्च किए गए एक-एक पैसे का हिसाब भी विधानसभा की समितियां लेती हैं। यह समितियां सरकार को भी फिजूल खर्ची न करने की सलाह देती हैं। विधानसभा अध्यक्ष वीरवार को राजधानी युवा संसद द्वारा हरियाणा विधानसभा सदन में दो दिवसीय हरियाणा युवा संवाद, 2025 कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां यह सम्मेलन हो रहा है यह कोई साधारण मंच नहीं है बल्कि जनता द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों का मंच है, जहां वे अपने-अपने क्षेत्र की मांग उठाते हैं और समस्याओं के समाधान का प्रयास करते हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं बल्कि प्राचीनतम लोकतंत्र है।

### उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की कार्रवाई 7 से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विष्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। 'पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। बिजली निगम के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में एक लाख रुपए से अधिक और तीन लाख रुपए तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 7, 15, 21 और 28 अप्रैल को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### हरियाणा का आईआईटी मद्रास के साथ एमओयू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने आईआईटी, मद्रास के साथ सहयोग बढ़ाते हुए, डेटा-संचालित सड़क सुरक्षा हस्तक्षेपों के लिए और दो साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते का अनावरण हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और आईआईटी, मद्रास में सड़क सुरक्षा हेतु उत्कृष्टता केंद्र (सीओईआरएस) के प्रमुख, प्रोफेसर वेंकटेश बालासुब्रमण्यम की उपस्थिति में किया गया। यह साझेदारी दुर्घटना के आंकड़ों का अनुमान लगाने और लक्षित हस्तक्षेपों की योजना बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में पहले लॉन्च किए गए 'संजय' प्लेटफॉर्म जैसे उपकरणों का उपयोग करती है। इस अवसर पर परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक खेमका, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, परिवहन आयुक्त दुष्मंता कुमार बेहरा और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। रस्तोगी ने सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान बचाने की आवश्यकता पर बल देते हुए व्यावहारिक रणनीतियां लागू करने के लिए एक कार्य समूह के गठन का आह्वान किया। उन्होंने परिवहन और स्वास्थ्य विभागों को आपातकालीन प्रतिक्रिया में सुधार के लिए विशेष रूप से राजमार्गों के पास ट्रॉमा सेंटरों को अपग्रेड करने के लिए एक विस्तृत रोडमैप विकसित करने के निर्देश दिए।

### दो मई से खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट



**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम की यात्रा दो मई से शुरू होने वाली है। इससे पहले जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित टीमें यात्रा की तैयारियों में जुट गई हैं, ताकि कपाट खुलने से पहले सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो जाएं। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने बताया कि सड़क मार्ग से लेकर केदारनाथ के पैदल रास्तों को तेजी से ठीक किया जा रहा है।

### अमेरिका में तूफान से 1 की मौत, बाढ़ का अलर्ट



**वाशिंगटन।** अमेरिका के दक्षिण और मध्य पश्चिम क्षेत्र के बड़े इलाके में भयंकर तूफान ने भारी तबाही मचाई है। इसमें एक युवक की मौत हो गई। इसके अलावा बिजली की लाइनें और पेड़ गिर गए। कई घरों की छतें तक उड़ गईं। मौसम विभाग ने देश के अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी के कुछ हिस्सों में तूफान की चेतावनी जारी की थी। अब अगले चार दिन बर्फीले तूफान और बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है।

### पूर्व सीएम येदियुरप्पा को पुलिस ने हिरासत में लिया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में वीरवार को सीएम सिद्धारमैया सरकार के खिलाफ भाजपा ने मोर्चा खोला। भाजपा नेताओं ने राज्य की कांग्रेस सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक और भाजपा नेता सीटी रवि समेत कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।

# हरियाणा सरकार 600 अटल श्रमिक किसान कैंटीनें करेगी स्थापित

## किसानों-मजदूरों को मात्र 10 रुपए प्रति थाली की रियायती दर पर मिलेगा स्वच्छ भोजन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा में 600 रियायती भोजन कैंटीन स्थापित करने के अपने संकल्प पत्र में उल्लिखित प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने पहले चरण में इस साल अगस्त तक 200 नई अटल श्रमिक किसान कैंटीन शुरू करने का निर्णय लिया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इन कैंटीनों का उद्घाटन करेंगे।

इस आशय का निर्णय वीरवार को सैनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। अटल श्रमिक किसान कैंटीन में किसानों और मजदूरों को मात्र 10 रुपए प्रति थाली की रियायती दर पर स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने राज्य में संचालित सब्सिडी वाले खाद्य कैंटीनों के लिए एक समर्पित पोर्टल स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि इन कैंटीनों के बारे में जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि इन कैंटीनों में भुगतान क्यूआर कोड के माध्यम से किया जाना चाहिए, जिससे डिजिटलीकरण को बढ़ावा मिले।

### डीसी और एसडीएम जनता की शिकायतों का मौके पर करें समाधान: मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला और उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में जनता से बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने लोगों की संतुष्टि के स्तर के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों और उपमंडल मजिस्ट्रेटों (एसडीएम) को भी प्रतिदिन व्यक्तिगत रूप से शिविर में उपस्थित होकर लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए, ताकि शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान करने के लिए समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं।

पानीपत में समाधान शिविर में शिकायतों की अधिक संख्या और बड़ी संख्या में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने निर्देश दिए कि एक वरिष्ठ अधिकारी जल्द ही स्थिति का आकलन करने के लिए पानीपत का दौरा करेंगे ताकि इस दिशा में उचित कदम उठाए जा सकें।

## शहर वही तरक्की करता है, जिसे देखने के लिए बाहर से आते हैं लोग: विज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि शहर वहीं तरक्की करता है जिसे देखने के लिए बाहर से लोग आते हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी में देश व विदेश के बडे तथा मैट्रोपोलिटन शहरों की तर्ज पर ओपन/डबल डेकर बस चलाने की योजना है, जो कि पर्यटकों को शहीद स्मारक, साइंस सेंटर, बैंक स्क्वेयर, रानी का तालाब होते हुए सुभाष पार्क तक घुमाएगी। इससे लोगों को शहर की खूबसूरती देखने का बेहतर अवसर मिलेगा।

विज वीरवार को अंबाला में अपने आवास पर सुभाष पार्क में सुधार एवं अन्य कार्यों को लेकर सुभाष पार्क मैनेजमेंट कमेटी के अलावा एसडीएम, ईओ व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर एसडीएम विनेश कुमार, ईओ रविंद्र कुहार, सुभाष पार्क मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन संजीव वालिया के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। बैठक के दौरान विज ने पार्क में सुरक्षा, लाइटों को नियमित तौर पर चौक करने, प्रवेश मार्गों पर चौकसी रखने, मुख्य गेट से एंट्री व एग्जिट करने, झील में पानी का लेवल ठीक रखने व अन्य दिशा-निर्देश भी दिए।

## डल्लेवाल को अस्पताल से मिली छुट्टी

**अनंत ज्ञान, पटियाला।** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को गुरुवार को पार्क अस्पताल, पटियाला से छुट्टी दे दी गई। डल्लेवाल को 23 मार्च को जालंधर से पार्क अस्पताल जो 350 बेड और 150 आईसीयू बेड के साथ पटियाला का सबसे बड़ा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल है, में स्थानांतरित किया गया था। पार्क अस्पताल में इंटरनल मेडिसिन सलाहकार डॉ. पवित्तर सिंह ने कहा कि अस्पताल में भर्ती होने के समय, डल्लेवाल की हालत बहुत लंबे समय अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के कारण बहुत खराब थी।

## भाजपा ने हाउस टैक्स के खिलाफ खोला मोर्चा, जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ में लागू किए गए हाउस टैक्स को लेकर भाजपा ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। गुरुवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा, महापौर हरप्रीत कौर बबला, नगर निगम के भाजपा पार्षदों और वरिष्ठ नेताओं ने मुख्य सचिव से मुलाकात कर इस टैक्स को तुरंत वापस लेने की मांग की। भाजपा नेताओं ने मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह टैक्स जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल रहा है और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

महापौर हरप्रीत कौर बबला ने कहा कि चंडीगढ़ की जनता पहले से ही महंगाई से जूझ रही है, ऐसे में हाउस टैक्स लगाकर आम नागरिकों को और परेशान करना सरासर अन्याय है। भाजपा पूरी ताकत के साथ जनता के साथ खड़ी है और इस जनविरोधी टैक्स के खिलाफ हरसंभव संघर्ष करेगी।

प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि चंडीगढ़ के नागरिकों को पहले से ही केंद्र सरकार कई सुविधाएं दे रही हैं। ऐसे में नगर निगम द्वारा नया टैक्स लगाकर जनता पर बोझ डालना गलत है। यदि प्रशासन इसे जल्द से जल्द वापस नहीं लेता, तो भाजपा सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। भाजपा के नगर निगम पार्षदों ने भी इस फैसले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर निगम का काम जनता पर बोझ बढ़ाना नहीं, बल्कि उनके हितों की रक्षा करना है। हाउस टैक्स पूरी तरह अनुचित है और भाजपा इसके खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

## हरियाणा के मुख्य सचिव ने ई-लर्निंग पोर्टल किया लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म के लिए एक नया ई-लर्निंग पोर्टल लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों का डिजिटल कौशल बढ़ाना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में उनकी मदद करना है। हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (हारट्रॉन) द्वारा विकसित यह ई-लर्निंग पोर्टल कर्मचारियों को संरचित (स्ट्रक्चर्ड) प्रशिक्षण मॉड्यूल उपलब्ध करवाता है। इसमें उपयोगकर्ता के अनुकूल पाठ्यक्रम हैं, जो ई-ऑफिस प्रणाली को आसानी से समझने और उपयोग करने में अधिकारी-कर्मचारियों की मदद करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। यह प्लेटफॉर्म डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने के हरियाणा के व्यापक दृष्टिकोण का समर्थन करता है और इस बात पर बल देता है कि सरकारी काम तेजी से और पारदर्शी तरीके से किया जाए। यह प्लेटफॉर्म द्विभाषी है।

## एसबीआई सोसायटी के निवासी नवरात्र उत्सव में हुए शामिल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



शुभ नवरात्र के अवसर पर एसबीआई सोसायटी, सेक्टर 49डी के निवासियों ने एक अनूठी पहल पेश कर दुर्गा माता कीर्तन का आयोजन किया, जो नवरात्र दोपहर 2 से 5 बजे तक चलता है। सोसायटी वासी स्वेच्छा से योगदान देते हैं और पूरे 9 दिनों तक सोसायटी परिसर में एक ही स्थान पर कीर्तन का आयोजन करते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं। सोसायटी के अध्यक्ष, जगदीश कुमार ने कहा कि यह व्यवस्था कई वर्षों से लगातार की जा रही है। इस पहल में सोसायटी की महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिसे बहुत सराहा जाता है।

## देश-विदेश

## अमेरिकी टैरिफ कर देगा तबाह, चीन के अतिक्रमण पर क्या कर रही सरकार: राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क (टैरिफ) लगाए जाने का मुद्दा वीरवार को लोकसभा में उठाया और सरकार से सवाल किया कि इसे लेकर वह क्या करने जा रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी टैरिफ तबाह कर देगा, सरकार क्या कर रही है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने सदन में शून्यकाल के दौरान चीन की ओर से भारतीय क्षेत्र पर अतिक्रमण करने का दावा करते हुए कहा कि इस पड़ोसी देश के साथ संबंध सामान्य होने चाहिए, लेकिन उससे पहले सीमा पर पूर्व की स्थिति बहाल होनी चाहिए और भारत की भूमि लौटाई जानी चाहिए। राहुल ने कहा कि हमारे साझेदार देश (अमेरिका) ने 26 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है जो हमारी अर्थव्यवस्था को तबाह कर देगा, हमारा ऑटो उद्योग, दवा उद्योग और कृषि सभी कतार में हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि वह क्या करने जा रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 26 प्रतिशत का 'रियायती जवाबी शुल्क' लगाने की घोषणा की है।

### भारतीय मूल के अमेरिकी सांसदों ने की ट्रंप की आलोचना

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसदों और प्रवासी समुदाय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए 'जवाबी शुल्क' को 'बिना सोचा समझा और आत्म-विनाशकारी' करार देते हुए इसकी आलोचना की है। अमेरिकी सांसदों और प्रवासी समुदाय के इन लोगों ने दोनों देशों के नेताओं से इन चुनौतियों से निपटने के लिए बातचीत करने का आग्रह किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर व्यापक रूप से 26 प्रतिशत का 'रियायती जवाबी शुल्क' लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने हाइट हाउस के रोज गार्डन से शुल्क लगाने की घोषणा करते हुए कहा कि भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे इसका आधा - 26 प्रतिशत शुल्क लेंगे।'

## म्यांमार में फिर 7.5 तीव्रता का भूकंप मृतकों की संख्या तीन हजार से पार

**एजेंसी, म्यांमार**



**म्यांमार** में आए भूकंप में 3,085 लोगों की मौत हो गई और 4,715 लोग घायल हुए। सैकड़ों लोग अब भी लापता हैं और मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। म्यांमार में शुक्रवार को आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप के बाद के भी झटकों (आफ्टरशॉक) का सिलसिला जारी है।

मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग के अनुसार, वीरवार सुबह तक 2.8 से 7.5 तीव्रता के 66 झटके महसूस किए गए। इस बीच, राज्य प्रशासन परिषद (एसएसी) के अध्यक्ष मिन आंग ह्लाइंग ने कहा कि म्यांमार सरकार भूकंप राहत और पुनर्वास प्रयासों के लिए 500 अरब क्यात (लगभग 238.09 मिलियन डॉलर) आवंटित करेगी।

### पश्चिम बंगाल में 25,753 शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक बरकरार

## सुप्रीम कोर्ट बोला- सिलेक्शन प्रोसेस में ही गड़बड़ी, नई भर्तियां 3 महीने में पूरी करें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। पश्चिम बंगाल में स्कूल सिलेक्शन कमीशन (स्स्ट) ने 2016 में 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षकों को नियुक्ति की थी। हाईकोर्ट ने इन नियुक्तियों को अवैध करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की जांच को सही माना है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि सिलेक्शन प्रोसेस में ही गड़बड़ी है और नई भर्तियां 3 महीने में पूरी करें। पूरी प्रक्रिया में धोखाधड़ी की गई। इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिकाएं दायर की गई थीं।

## इसराइल के हवाई हमले, 55 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी, दीर अल-बलाह**



**इसराइल** की ओर से किए गए हमलों में गाजा पट्टी में 55 लोगों की मौत हो गई। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस हमले से एक दिन पहले ही इसराइल के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने कहा था कि उनका देश गाजा के बड़े क्षेत्र पर कब्जा कर लेगा और फलस्तीनी क्षेत्र में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित करेगा। गाजा पट्टी के दक्षिणी भाग में स्थित खान यूनिस के अधिकारियों ने बताया कि 14 लोगों के शव नासेर अस्पताल ले जाए गए हैं, जिनमें से नौ एक ही परिवार के हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। हमलों के बाद बच्चों और महिलाओं समेत 19 लोगों के शव खान यूनिस स्थित एक अस्पताल लाए गए हैं।

## एसबीआई देगा छोटे किसानों को 295 मिलियन डॉलर का लोन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** स्टेट बैंक (एसबीआई) और सिटी ने वीरवार को भारत में छोटे किसानों को सहायता देने के लिए 295 मिलियन डॉलर की सामाजिक ऋण सुविधा की घोषणा की।

बैंकों ने एक बयान में कहा कि यह फाइनेंसिंग विशेष रूप से भारत में छोटे किसानों के लिए है, ताकि उन्हें अपनी कृषि उत्पादकता में सुधार करने और वित्तीय रूप से मजबूत बनने में मदद मिल सके। एसबीआई इस सुविधा का उपयोग अपने किसान क्रेडिट कार्ड लोन पोर्टफोलियो को फाइनेंस करने के लिए करेगा, ताकि कृषि क्षेत्र और इसके अंतर्गत छोटे किसानों की लोन जरूरतों को पूरा किया जा सके। एसबीआई की उपप्रबंध निदेशक (इंटरनेशनल बैंकिंग ग्रुप) जयति बंसल ने कहा कि अपने व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए हमारा लक्ष्य छोटे और सीमांत किसानों तक पहुंचना है, जो भारत के कृषि क्षेत्र के मूल में हैं, लेकिन अक्सर जरूरी ऋण संसाधनों तक उनकी पहुंच नहीं होती। बंसल ने कहा कि यह पहल इन किसानों की फाइनेंसिंग तक पहुंच बढ़ाएगी और उन्हें सशक्त बनाएगी, जिससे उन्हें उत्पादकता में सुधार करने और स्थायी आजीविका बनाने में मदद मिलेगी। इस सुविधा का उद्देश्य इन किसानों के कृषि उत्पादन और आय-सृजन को बढ़ावा देना है।

### सीमा शुल्क विभाग हवाई यात्रियों के पुराने आभूषणों को अनावश्यक रूप से जब्त न करे: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि सफर के समय यात्री की ओर से पहने जाने वाले आभूषण सहित यात्रियों के पुराने और निजी आभूषण को हवाई अड्डों पर अनावश्यक रूप से जब्त नहीं किया जाए और उन्हें प्रताड़ित भी नहीं किया जाए। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और रजनीश कुमार गुप्ता की पीठ को सीमा शुल्क विभाग ने सूचित किया कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की ओर से हितधारकों के साथ विस्तृत परामर्श किया जा रहा है और सामान नियम में संशोधन के लिए कुछ और समय की आवश्यकता है। इसके बाद, पीठ ने यह निर्देश पारित किया। अदालत 30 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीमा शुल्क विभाग की ओर से भारत आने वाले देश के नागरिकों और विदेशी मूल के पर्यटकों के सामान को जब्त करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए थे।

## सेंसेक्स 322 अंक गिरकर 76,295 पर बंद, निफ्टी भी 82 अंक फिसला

**एजेंसी, मुंबई**




**शेयर** बाजार में वीरवार को गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 322 अंक की गिरावट के साथ 76,295 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 82 अंक की गिरावट रही। यह 23,250 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयर में से 18 में गिरावट और 12 में तेजी देखने को मिली है।

आईटी, ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट देखने को मिली। टीसीएस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयर में करीब 4 फीसदी की गिरावट रही। वहीं पावर और फार्मा के शेयर में बढ़त रही। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 2.77 फीसदी, चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.24 फीसदी और हांगकांग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.52 फीसदी की गिरावट रही। बुधवार को अमेरिका का डाओ जोंस 0.56 फीसदी बढ़कर 42,225 पर बंद हुआ था। नैस्डेक कंपोजिट में 0.87 फीसदी की तेजी रही थी। विदेशी निवेशकों ने 1,538 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 2,808 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट की तुर्किये में इमरजेंसी लैंडिंग



**नई दिल्ली।** लंदन से मुंबई आ रही वर्जिन अटलांटिक फ्लाइट ने तुर्किये में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। इसके चलते 200 से ज्यादा भारतीय पैसेंजर 16 घंटे से ज्यादा समय से फंसे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लेन नंबर वीएस वीएस 358 के एक पैसेंजर को पैनिक अटैक आ गया था। इस मेडिकल इमरजेंसी के चलते तुर्किये के दियारबकिर एयरपोर्ट पर लैंड हुआ था। यह एयरपोर्ट ऐसी फ्लाइट की लैंडिंग के लिए उपयुक्त नहीं है। पैसेंजर्स को बताया गया कि लैंडिंग के दौरान प्लेन में टेक्निकल खामी भी आ गई। एक पैसेंजर ने बताया कि उन्हें नहीं पता है उनकी आगे की यात्रा कैसे होगी, क्योंकि वर्जिन अटलांटिक ने अब तक उनके लिए दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था नहीं की है।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
निकोलस पूरन
189




पर्पल कैप
नूर अहमद
09



सिक्सर किंग
निकोलस पूरन
15

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब | 02 | 02 | 00 | 04 |
| 2. | दिल्ली | 02 | 02 | 00 | 04 |
| 3. | बेंगलुरु | 03 | 02 | 01 | 04 |
| 4. | गुजरात | 03 | 02 | 01 | 04 |
| 5. | मुंबई | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 6. | लखनऊ | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 7. | चेन्नई | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 8. | हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 9. | राजस्थान | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 10. | कोलकाता | 03 | 01 | 02 | 02 |

**आईपीएल** मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉयंट्स के बीच आज होगी कांटे की टक्कर

# रोहित और पंत के पास खुद को साबित करने का मौका

**एजेंसी, लखनऊ**

मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉयंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शुक्रवार को यहां जब आमने-सामने होंगी, तो सभी की निगाहें रोहित शर्मा और ऋषभ पंत के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का इस सत्र में अभी तक प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है तथा तीन मैच में उसके केवल दो अंक हैं।

भारतीय कप्तान रोहित की खराब फॉर्म मुंबई के लिए चिंता का विषय है। यही बात लखनऊ के कप्तान पंत पर भी लागू होती है, जो रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन दोनों प्रमुख बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का असर परिणाम पर साफ नजर आ रहा है। इन दोनों टीमों ने अभी तक तीन में से केवल एक मैच जीता है और ऐसे में शुक्रवार को होने वाले मैच में जो टीम परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाएगी, उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।

यही नहीं इस बार क्यूरेटर घरेलू टीमों के अनुकूल पिच तैयार नहीं कर रहे हैं जिस पर कुछ फ्रेंचाइजी के कोच और खिलाड़ियों ने खुलकर नाराजगी व्यक्त की है। ऐसे में पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना बढ़ जाएगी। मुंबई के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की चोट भी चिंता का विषय है। बुमराह कब तक वापसी करेंगे, इसको लेकर हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली टीम ने चुप्पी साध रखी है। बुमराह की जगह लेना आसान नहीं है, लेकिन बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके मुंबई की टीम में आशा की नई किरण जगाई है। अश्वनी कुमार ने इस मैच में 24 रन देकर चार विकेट लिए थे। पंजाब के रहने वाले इस 23 वर्षीय तेज गेंदबाज ने घरेलू क्रिकेट में केवल चार टी20 मैच खेलने के बाद मुंबई की तरफ से आईपीएल में पदार्पण करते हुए शानदार प्रदर्शन किया तथा अजिंक्य रहाणे, मनीष पांडे, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाजों को आउट किया।

मुंबई के गेंदबाजों ने कोलकाता के खिलाफ वानखेड़े में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज रयान रिकेलटन थे, जिन्होंने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। मुंबई को अगर इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखना है तो फिर रोहित और सूर्यकुमार यादव को बड़ी भूमिका निभानी पड़ेगी। जहां तक लखनऊ की बात है तो विशाखापत्तनम में आईपीएल के शुरुआती मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली एक विकेट की निराशाजनक हार के बाद उसकी टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है।

लखनऊ के लिए अच्छी बात यह है कि वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरण अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने तीन मैच में अभी तक 189 रन बनाए हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श को छोड़कर लखनऊ का कोई भी अन्य बल्लेबाज पूरण की तरह बल्लेबाजी नहीं कर पाया है।



### लखनऊ की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी गेंदबाजी

**लखनऊ** की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी गेंदबाजी और कप्तान पंत का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है। लखनऊ के कुछ तेज गेंदबाज चोटिल हैं और ऐसे में उसके गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी शार्दुल ठाकुर और रवि बिश्नोई संभाल रहे हैं। जहां तक पंत की बात है तो उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने का मौका नहीं मिला और मैच अभ्यास की कमी का असर उनकी बल्लेबाजी में स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है। यह आक्रामक बल्लेबाज अभी तक तीन मैच में केवल 17 रन बना पाया है।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, आकाश दीप, आकाश सिंह, अवेश खान, आयुष बदोनी, मैथ्यू ब्रीट्जके, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, हिम्मत सिंह, शमर जोसेफ, आर्यन जुयाल, अर्शिन कुलकर्णी, एडेन मार्करम, मिशेल मार्श, डेविड मिलर, निकोलस पूरन, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, शाहबाज़ अहमद, मणिमारन सिद्धार्थ, शार्दुल ठाकुर, मयंक यादव।

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पांड्या (कप्तान), अश्वनी कुमार, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रित बुमरा, दीपक चाहर, विल जैक्स, बेवॉन जैकब्स, रॉबिन मिंज, मुजीब उर रहमान, नमन धीर, विग्नेश पुथुर, सत्यनारायण राजू, रयान रिकेलटन, मिशेल सेंटनर, कर्ण शर्मा, रोहित शर्मा, कृष्णन श्रीजीत, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा, रीस टॉपले, सूर्यकुमार यादव।

## साल्ट का कैच छोड़ने के बाद अच्छी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध था : बटलर

**एजेंसी, बेंगलुरु**



गुजरात टाइटंस के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने स्वीकार किया कि यहां खेले गए आईपीएल मैच के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट का कैच छोड़ने के बाद वह शर्मिंदा महसूस कर रहे थे, लेकिन इसकी भरपाई बल्लेबाजी से करने को लेकर प्रतिबद्ध थे। बटलर ने 39 गेंद पर नाबाद 73 रन बनाए जिससे गुजरात की टीम ने यह मैच आठ विकेट से जीता।

इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज बटलर ने मैच के बाद कहा, ''मैं नहीं जानता कि ऐसा कैसे हुआ, लेकिन मैं शर्मिंदा महसूस कर रहा था। हम सभी जानते हैं कि साल्ट कितना खतरनाक खिलाड़ी है। इसलिए मैं इसकी भरपाई बल्लेबाजी में करने को लेकर प्रतिबद्ध था।'' बटलर ने आरसीबी के पहले ओवर में ही मोहम्मद सिराज की गेंद पर साल्ट का कैच छोड़ दिया था। बटलर ने बाद में स्वीकार किया कि उनकी टीम का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं था।

उन्होंने कहा, ''एक टीम के रूप में पर हमारी फील्डिंग अच्छी नहीं थी। अगर हमने अच्छी फील्डिंग की होती तो हमें छोटे लक्ष्य का पीछा करना पड़ता। यह अच्छा है कि हम जीत हासिल करने में सफल रहे। हमारे गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।''

# केकेआर को सनराइजर्स के गेंदबाजों ने छकाया

**एजेंसी, कोलकाता**

आईपीएल का 15वां मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच ईडन गार्डंस स्टेडियम में खेला गया। हैदराबाद ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। कोलकाता के ओपनर बल्लेबाज क्विंकटन डिकॉक और सुनील नारायण बल्लेबाजी करने आए और ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके। डिकॉक (1) और सुनील (7) रन बनाकर जल्दी ही आउट हो गए। उसके बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन वह भी 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जीशान अंसारी ने विकेटकीपर हेनरिक क्लासन के हाथों कैच कराया। हालांकि, इसके बाद रघुवंशी ने अपनी टीम को मजबूती प्रदान करने हुए शानदार फिफ्टी जड़ी, लेकिन वह भी इसके बाद आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक कोलकाता ने 12 ओवर में 4 विकेट के नुक्सान पर 106 रन बना लिए थे। वेंकटेश अय्यर (2) रन पर खेल रहे थे और रिंकू सिंह उनका साथ निभा रहे थे।



क्विंटन डिकॉक का विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करते सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### विश्व मुक्केबाजी कप: मनीष, हितेश और अभिनाश सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली।** भारत के मनीष राठौड़, हितेश और अभिनाश जामवाल ने बुधवार को अपने-अपने वजन वर्ग में आसान जीत के साथ विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में सेमीफाइनल में जगह बनाई। जामवाल ने 65 किग्रा वर्ग में जर्मनी के डेनिस ब्रिल को सर्वसम्मत फैसले से हराया जबकि हितेश ने इटली के गैब्रिएल गुइडी रोनतानी को 70 किग्रा वर्ग में सर्वसम्मत फैसले से शिकस्त दी। मनीष ने 55 किग्रा वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के पेरिस ओलंपियन यूसुफ चोटिया को हराया। दोनों मुक्केबाजों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन अंत में भारतीय मुक्केबाज विजयी रहा। तीन जज ने मनीष के पक्ष में फैसला दिया, जबकि दो ने दोनों मुक्केबाजों को बराबर अंक दिए। सेमीफाइनल में मनीष की भिड़ंत कजाखस्तान के नूरसुल्तान अल्तिनबेक से होगी जबकि हितेश को माकन तराओरे के खिलाफ खेलना है। जामवाल का सामना इटली के जियानलुइगी मलांगा से होगा।

### नितीश राणा अपनी पत्नी साची के साथ

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज नितीश राणा की पत्नी साची मारवाह बेहद खूबसूरत हैं और रिश्ते में वह मशहूर एक्टर गोविंदा की भांजी हैं। नितीश और साची की शादी फरवरी, 2019 में हुई थी। साची पेशे से एक इंटीरियर डिजाइनर हैं।



## 3-4 वर्षों से **कैरम बॉल** पर कर रहा था काम : किशोर

**एजेंसी, बेंगलुरु**



गुजरात टाइटंस के स्पिनर आर साई किशोर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपनी कैरम बॉल से बल्लेबाजों को गच्चा देने के लिए तैयार हैं जिस पर वह पिछले तीन-चार वर्षों से काम कर रहे थे। किशोर ने बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आसान जीत के दौरान अपनी कैरम बॉल से क्रुणाल पंड्या को हैरान कर दिया था।

इस 28 वर्षीय स्पिनर ने मैच के बाद खुलासा किया कि वह पिछले कुछ सत्र से कैरम बॉल पर काम कर रहे थे, लेकिन उन्होंने किसी भी तरह के मैच में अभी तक इसका उपयोग नहीं किया था। किशोर ने आधिकारिक प्रसारक से कहा, ''टी20 क्रिकेट में प्रासंगिक बने रहने के लिए आपको हमेशा अपने खेल में कुछ नया जोड़ना होगा। मैं पिछले तीन-चार वर्षों से इसका अभ्यास कर रहा था लेकिन मैंने कहीं भी इसका उपयोग नहीं किया था।'' उन्होंने कहा, ''मैं आईपीएल में इसका उपयोग करने को लेकर आश्वस्त था और मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा।''

# मुश्किल परिस्थितियों में खेलने से बल्लेबाजी में सुधार करने में मदद मिली : साई सुदर्शन

**एजेंसी, बेंगलुरु**



सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस की तरफ से मुश्किल परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने से उन्हें टी20 क्रिकेट में बेहतर बल्लेबाज बनने में मदद मिली।

सुदर्शन में बुधवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 49 रन की महत्वपूर्ण पारी खेल कर अपनी टीम को आठ विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सुदर्शन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''यह (आईपीएल में) मेरा चौथा साल है, इसलिए मुझे लगता है कि इससे मुझे काफी अनुभव मिला है। मुझे कुछ मुश्किल परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का मौका मिला। गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए नेट्स में मुझे काफी तेज गेंदबाजी का सामना करना पड़ा।''

उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीज जिसने मेरे खेल को बेहतर बनाने में मदद की है या जिस तरह से मैंने अपनी टी20 बल्लेबाजी में सुधार किया है, वह खेल का समय है जो मुझे यहां मिलता है और टाइटंस के साथ मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों के साथ अभ्यास का मौका मिलता है।'' आईपीएल के वर्तमान सत्र में अभी तक 186 रनबनाने वाले सुदर्शन ने कहा, ''इन तीन वर्ष में मैंने बहुत कुछ सीखा है। मुझे लगता है कि इससे मुझे खेल को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली है और खेल की बुनियादी बातों को भी समझने में मदद मिली है।'' इस बीच आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि पहले सात ओवरों में चार विकेट खोने से उनकी टीम के लिए परिस्थितियां मुश्किल हो गई थी।

फ्लावर ने संवाददाताओं से कहा, ''हमने पावर प्ले में आक्रामक बल्लेबाजी की लेकिन इस बीच हमने कुछ महत्वपूर्ण विकेट गंवाए। इससे मैच का पासा पलट गया। अगर आप पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो इससे आपके लिए परिस्थितियां मुश्किल हो जाती हैं।''

# योग और शतरंज में दुनिया को लीड करेगा भारत

**एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र**

भारत खेलों के माध्यम से कूटनीति और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक है, जिसमें वह योग और शतरंज जैसे खेलों में अगुवाई करेगा।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथनेनी हरीश ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। सह आयोजक के रूप में, भारत शतरंज और योग में अग्रणी भूमिका निभाएगा।'' उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र खेल एकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना का उत्सव हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि अगली बार इन खेलों में क्रिकेट को भी शामिल किया जाएगा, मैं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं। भारतीय टीम को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं।'' संयुक्त राष्ट्र खेल अप्रैल-मई 2025 में आयोजित किए जाएंगे।



योग 9 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में नॉर्थ लॉन के रोज गार्डन में, जबकि शतरंज भी उसी दिन नॉर्थ लॉन के ओलंपिक कॉर्नर में आयोजित किया जाएगा। हरीश ने कहा कि हालांकि, हर कोई सक्रिय खिलाड़ी नहीं हो सकता है, लेकिन राजनयिक समुदाय के अधिकतर सदस्य उत्साही प्रशंसक हैं। लोग अलग-अलग टीमों के समर्थक हो सकते हैं, लेकिन खेल उन्हें एकजुट करते हैं। उन्होंने कहा कि अगली बार संयुक्त राष्ट्र खेलों में क्रिकेट भी शामिल होगा।

## मुंबई को छोड़कर कहीं नहीं जा रहे सूर्यकुमार यादव : एमसीए

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने वीरवार को उन खबरों का खंडन किया कि सूर्यकुमार यादव अपने कुछ साथियों के साथ आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए गोवा जाने की योजना बना रहे हैं। एमसीए ने कहा कि भारत का टी20 कप्तान खेल के प्रत्येक प्रारूप में मुंबई का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुंबई के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल रणजी टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों के साथ कथित मतभेदों के कारण पहले ही मुंबई से गोवा जाने की घोषणा कर चुके हैं। जायसवाल हालांकि, तभी गोवा की टीम से जुड़ पाएंगे जब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अपनी अंतर-राज्य स्थानांतरण विंडो खोलेगा। बुधवार को एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सूर्यकुमार अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली मुंबई रणजी टीम छोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा, ''एमसीए के अधिकारियों ने आज सुबह सूर्य से बात की और हम पुष्टि कर सकते हैं कि ये अफवाहें पूरी तरह से निराधार और झूठी हैं। यादव मुंबई की तरफ से खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वह मुंबई का प्रतिनिधित्व करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं।''

## बार्सिलोना-मैड्रिड में होगा खिताबी मुकाबला



**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने बुधवार को यहां एटलेटिको मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 1-0 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड से होगा। बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने पहले हाफ में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले इन दोनों टीमों के बीच फरवरी में खेला गया सेमीफाइनल का पहला चरण 4-4 से बराबर रहा था। इस तरह से बार्सिलोना ने कुल मिलाकर 5-4 से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। यह पिछले चार सत्र में पहला अवसर है, जबकि बार्सिलोना इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। रियाल मैड्रिड ने मंगलवार को अतिरिक्त समय तक चले मैच में रियाल सोसिदाद को 5-4 के कुल स्कोर से पराजित करके फाइनल में जगह बनाई थी।

**बदलाव** 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में तीन डिवीजन में 30 टीमें लेंगी हिस्सा

# हॉकी चैंपियनशिप में नया प्रारूप होगा आकर्षण का केंद्र

**एजेंसी, झांसी**

यहां चार से 15 अप्रैल तक होने वाली 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में तीन डिवीजन में 30 टीम हिस्सा लेंगी, जिसमें नया प्रारूप आकर्षण का केंद्र होगा। यह पहली बार होगा जब मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाने वाला पुरुष टूर्नामेंट तीन डिवीजन के नए प्रारूप में खेला जाएगा। सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप मार्च में इसी तरह के नए प्रारूप में खेली गई थी।

इस घरेलू प्रतियोगिता में पहली बार प्रमोशन (शीर्ष डिवीजन में जगह बनाना) और रेलीगेशन (निचले डिवीजन में खिसकना) का प्रावधान है। यही कारण है की टीमों को तीन डिविजन ए, बी और सी में विभाजित किया गया है। डिवीजन ए शीर्ष स्तर का डिवीजन होगा, क्योंकि इसमें टीमें चैंपियनशिप खिताब के लिए अपना दावा पेश करेंगी। डिवीजन बी में टीमें अगले सत्र में डिवीजन ए में जगह बनाने के लिए, जबकि डिवीज़न सी में टीमें अगली प्रतियोगिता के लिए डिवीजन बी में जगह हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। डिवीजन बी और सी के मैच चार अप्रैल से जबकि डिवीजन ए के मैच आठ अप्रैल से शुरू होंगे। पिछले कुछ वर्षों में टूर्नामेंट में उनके समग्र प्रदर्शन के आधार पर, डिवीजन ए में भारत की शीर्ष-12 टीमें हैं, जिनमें गत चैंपियन ओडिशा और उपविजेता हरियाणा शामिल हैं।

डिवीजन ए में अन्य टीमें पंजाब, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, बंगाल, हॉकी, कर्नाटक और पुडुचेरी हैं। इन टीमों को चार पूल में बांटा गया है। प्रत्येक टीम अपने-अपने पूल में प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी से एक बार खेलेगी। यह एकमात्र डिवीजन होगा जिसमें नॉकआउट चरण होगा। प्रत्येक पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें 12 अप्रैल को होने वाले क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

सेमीफाइनल 13 अप्रैल को, जबकि फाइनल और तीसरे तथा चौथे स्थान के लिए मैच 15 अप्रैल को खेले जाएंगे। डिवीजन ए से सबसे निचले स्थान पर रहने वाले दो टीम डिवीजन बी में खिसक जाएंगी। डिवीजन बी में 10 टीमें डिवीजन ए में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पूल ए में चंडीगढ़, गोवा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, जबकि पूल बी में दिल्ली, मिजोरम, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, केरल, असम शामिल हैं। डिवीजन बी से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें अगले सत्र में डिवीजन ए में जगह बनाएंगी, जबकि निचले स्थान पर रहने वाली दो टीम डिवीजन सी में खिसक जाएंगी।

डिवीजन सी में आठ टीमें डिवीजन बी में अपना स्थान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है। पूल ए में राजस्थान, अरुणाचल, जम्मू-कश्मीर, त्रिपुरा, जबकि पूल बी में छत्तीसगढ़, हिमाचल, बिहार और गुजरात शामिल हैं। डिवीजन सी में शीर्ष दो टीमें डिवीजन बी में जगह बनाएंगी।



### क्या कहते हैं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष



**तीनों** डिवीजन में अंक प्रणाली एक समान है। प्रत्येक टीम को जीत के लिए तीन अंक, ड्रॉ के लिए एक अंक और हार के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ''सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान नए प्रारूप ने वास्तव में अच्छा काम किया और हम राष्ट्रीय पुरुष चैंपियनशिप में इसे देखने के लिए उत्सुक हैं। मुझे उम्मीद है कि टीमें मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी।''